संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 31 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 88 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑस्कर विजेता डॉक्युमेंट्री 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स' की निर्माता गुनीत मोंगा और निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस से गुरुवार को मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने ट्वीट पर साझा करते हुए लिखा कि द एलिफेंट व्हिस्परर्स की सिनेमाई प्रतिभा और सफलता ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है।

# मंदिर में बावड़ी की छत ढही, 13 की मौत

## हवन के दौरान ढह गई छत, 25 श्रद्धालु बावड़ी में गिरे, हादसे के वक्त मंदिर में हवन हो रहा था, बावड़ी की छत धंसने की वजह से उसके ऊपर खड़े लोग नीचे बावड़ी में जा गिरे




**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**
**रामनवमी** के मौके पर इंदौर में एक बड़ा हादसा हो गया है। श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में छत ढहने से कुछ श्रद्धालु बावड़ी में गिर गए, खबर लिखे जाने तक बचाव अभियान जारी था। बताया जा रहा है कि अधिकारियों को इस बावड़ी की कोई जानकारी नहीं थी, हादसे के बाद उन्हें इसका पता चला है। इस हादसे में अब तक 19 श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जा चुका है। बताया जा रहा है कि 13 लोगों की मौत हो गई है।

**25 श्रद्धालु बावड़ी में गिरेः** इंदौर के स्नेह नगर के पास पटेल नगर में श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के मौके पर भारी संख्या में लोग दर्शन के लिए आए थे। उसी दौरान बावड़ी के ऊपर की छत अचानक ढह गई और लगभग 25 लोग बावड़ी में गिर गए।

**हवन के दौरान ढह गई छतः** घायल हुए लोगों को बचाने का काम जारी है। निगम अफसरों के मुताबिक, बावड़ी 40 फीट गहरी है, उस पर लोहे की जाली थी। इसकी चौड़ाई एक कमरे के बराबर है। लोहे की जाली पर स्लैब डालकर इसका निर्माण किया गया था। हवन के दौरान बावड़ी की छत पर ज्यादा लोगों के होने से जाली टूट गई और हादसा हो गया।

**तंग गलियों के कारण बचाव कार्य में हो रही परेशानीः** इस हादसे के तुरंत बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तंग गलियां होने से राहत कार्य में थोड़ी परेशानी आ रही है। एंबुलेंस व 108 की गाड़ी निकलने में भी परेशानी हो रही है। बावड़ी में गिरे कुछ लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया है।

### अधिकारियों के साथ संपर्क में सीएम चौहान



**भोपाल** में वरिष्ठ अफसरों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद सीएम अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। सीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों को बचाव कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय, इंदौर जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क में हैं।

### बावड़ी में लोगों को पहुंचाया जा रहा ऑक्सीजन

**घटनास्थल** की स्थिति काफी खराब थी। हादसे का शिकार हुए लोगों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया जा रहा है कि बावड़ी में से महिला और बच्ची समेत 19 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। अन्य लोगों के लिए ऑक्सीजन सप्लाई की गई है। हादसे के बाद से ही लोगों में काफी आक्रोश है। कई बच्चे और महिलाएं बावड़ी में ही फंसे हुए थे।

### अवैध रूप से बनाया गया था मंदिर

**स्नेह** नगर के एक निवासी का कहना है कि बावड़ी पर मंदिर का निर्माण अवैध रूप से किया गया था। इसके निर्माण में कुछ नेताओं का भी समर्थन था। मंदिर के ज्यादातर हवन इस बावड़ी के ऊपर ही हुआ करते थे। इसको लेकर पहले भी कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

## देश की छवि क्यों खराब कर रही कांग्रेसः कानून मंत्री रिजिजू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय का**नून मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के एक बयान को लेकर राहुल गांधी पर तंज कसा है। रिजिजू ने कहा है कि भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने के लिए उनका धन्यवाद है। कांग्रेस भारत के लोगों से नाराज है, लेकिन वह भारत के जीवंत लोकतंत्र और इसकी मजबूत न्यायपालिका का अपमान कर देश की छवि क्यों खराब कर रही है। केंद्रीय मंत्री का यह बयान कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के ट्वीट पर आया है। इसमें दिग्विजय सिंह ने जर्मनी के विदेश मंत्रालय और रिचर्ड वॉकर का भारत में लोकतंत्र के साथ हो रहे समझौते का संज्ञान लेने के लिए उनका धन्यवाद दिया था। रिजिजू ने तंज कसा कि भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को लेकर विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने के लिए राहुल गांधी को धन्यवाद। याद रखें, भारतीय न्यायपालिका विदेशी हस्तक्षेप से प्रभावित नहीं हो सकती। भारत अब 'विदेशी प्रभाव' को बर्दाश्त नहीं करेगा क्योंकि नरेन्द्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री हैं।

## सावरकर पर अब मौन रहेगी कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की वीर विनायक दामोदर सावरकर पर टिप्पणियों को लेकर महाराष्ट्र के राजनीतिक गठबंधन में पड़ी दरारों को पाट लिया गया है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बीच हुई बैठक में इस कलह का समाधान हो गया। सावरकर के संवेदनशील मुद्दे को लेकर भाजपा और शिवसेना एक साथ विरोध-प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। राहुल गांधी के ट्विटर हैंडल पर सावरकर संबंधी कोई टिप्पणी दिखाई नहीं दी। माना जा रहा है कि सुलह के बाद उन्होंने सभी ट्वीट डिलीट कर दिए हैं। राहुल ने कभी सीधे तौर पर सावरकर को लेकर ट्वीट नहीं किया था, बल्कि पार्टी समर्थकों की टिप्पणियों को रीट्वीट किया जाता था।

## देश के 83% जलाशय अभी भी लबालब



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मानसून** आने में अभी करीब दो महीने बाकी हैं, लेकिन राहत की बात यह है कि हमारे 20 राज्यों में स्थित 143 जलाशयों में से 118 में सामान्य से 80% ज्यादा पानी है। उत्तर, पश्चिम, मध्य और दक्षिण भारत के जलाशय लबालब हैं। 64% जलाशयों में तो 10 साल के औसत से भी अधिक पानी है। हालांकि, पूर्वी भारत खास तौर से गंगा बेसिन वाले इलाकों की स्थिति ठीक नहीं है। 6 जलाशयों में सामान्य से 38% तक कम पानी है। इनमें यूपी-बिहार व पश्चिम बंगाल के 12 जलाशय शामिल हैं। 143 जलाशयों में स्टोरेज की नियमित निगरानी करने वाले सेंट्रल वाटर कमीशन (सीडब्ल्यूसी) की रिपोर्ट में ये जानकारियां सामने आई हैं। इन जलाशयों में 18 हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट भी चलाए जाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 14 राज्यों के जलाशयों में सामान्य से 3-90% तक ज्यादा पानी है।

## सनातन को किसी से सर्टिफिकेट की जरूरत नहींः भागवत



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**संघ** प्रमुख मोहन भागवत को भगवा रंग को देश की शान बताया है। उन्होंने कहा कि आज आप भगवा रंग धारण कर देश की शान बढ़ाने का संकल्प ले रहे हैं। वह समय की कसौटी पर खरा उतरा है। बाकी सब कुछ बदल जाता है। वह पहले भी था, आज भी है और कल भी रहेगा। हमें अपने कैरेक्टर से लोगों को सनातन समझाना होगा।
इसके लिए सनातन को किसी से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं। संघ प्रमुख मोहन भागवत हरिद्वार के भागवत ऋषिग्राम पहुंचे थे।
वहां उन्होंने पतंजलि योग पीठ में संन्यास दीक्षा महोत्सव को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर साथ बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण भी मौजूद थे।

## ममता बनर्जी ने भाजपा को पाखंडी बताया



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में दो दिवसीय धरना शुरू हो गया है। बंगाल सीएम 100 दिन काम योजना और अन्य योजनाओं के लिए राशि जारी नहीं करने के चलते केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठीं हैं। ममता ने बीजेपी को पाखंडी बताया। कहा कि भाजपा के राज में केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विपक्ष को लगातार परेशान किया जाता है। लेकिन जैसे ही कोई विपक्षी नेता भाजपा ज्वाइन करता है, वह निर्दोष हो जाता है। ये है बीजेपी वाशिंग मशीन का जादू! उन्होंने मोदी सरकार पर केंद्रीय योजनाओं में फंड नहीं देने का आरोप लगाया है। ममता ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय बजट में मनरेगा और आवास योजना के लिए एक रूपया भी नहीं दिया है।

## रामनवमीः वडोदरा में शोभायात्रा पर पथराव



**टीम एक्शन इंडिया/वडोदरा/छत्रपती संभाजीनगर**
**गुजरात** के वडोदरा में गुरुवार को शोभायात्रा के दौरान पथराव किया गया। वहीं, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में बुधवार देर रात राम मंदिर के बाहर कुछ लोगों ने आगजनी की। इन लोगों ने पुलिस की गाड़ियों में आग भी लगा दी।

**गुजरात में शोभायात्रा पर पथरावः** वडोदरा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। दंगाइयों ने सड़क पर खड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ की। घटना के बाद इलाके की दुकानें बंद हो गईं, हालांकि पुलिस ने स्थिति पर काबू पा लिया।

**महाराष्ट्र में पुलिस वाहन जलाएः** इधर, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर ( पुराना नाम औरंगाबाद) के किराडपुरा इलाके में बुधवार रात दो गुटों के बीच झड़प हो गई। लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और कई वाहनों में आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पथराव किया।

### धर्मगुरुओं की बात भी नहीं मानी गई

**संभाजीनगर** में भीड़ को काबू करने के लिए कुछ धर्मगुरुओं को बुलाया गया। लेकिन भीड़ उनकी बात मानने को तैयार नहीं थी। कुछ ही देर में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों समेत भारी फोर्स मौके पर पहुंच गई। दंगाइयों ने उन पर भी पथराव किया और कार के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने लाठी चार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया।

## मुझ पर मोदी को फंसाने का दबाव थाः अमित शाह



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गृहमंत्री अमि**त शाह ने बुधवार को कहा कि यूपीए शासन के दौरान उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फंसाने का दबाव डाला गया था। शाह ने कहा कि तब सबीआई उनसे गुजरात के सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर केस में पूछताछ कर रही थी। अमित शाह प्रोग्राम में बोल रहे थे। उन्होंने एजेंसियों के गलत इस्तेमाल के आरोप पर कहा- मैं आपको बताता हूं कि एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कैसे किया गया। मैं इसका शिकार हो चुका हूं। कांग्रेस ने हमारे खिलाफ भ्रष्टाचार का केस नहीं किया। जब मैं गुजरात का गृहमंत्री था, तब एक एनकाउंटर हुआ। सीबीआई ने केस फाइल किया और मुझे गिरफ्तार कर लिया था। गृहमंत्री ने कहा- 90% पूछताछ के दौरान वो यही कहते रहे कि क्यों परेशान हो रहे हो। मोदी का नाम ले लो और हम तुम्हें छोड़ देंगे। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने पर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।

**खुलासा**
- 90% पूछताछ के दौरान वो यही कहते रहे कि क्यों परेशान हो रहे हो। मोदी का नाम ले लो और हम तुम्हें छोड़ देंगेः शाह

## देश में कोरोना के 3,016 नए मरीज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** पिछले 24 घंटे में कोरोना के 3,016 नए मरीज सामने आए हैं। इस दौरान छह संक्रमित लोगों की मौत हो गई। इस अवधि में 1,396 मरीज स्वस्थ हुए हैं। अब तक कोरोना वायरस से 4,41,68,321 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। रिकवरी रेट 98.78 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 13,509 हो गई है। दैनिक संक्रमण दर 2.73 प्रतिशत है। टीकाकरण की बात करें तो पिछले 24 घंटे में 15,784 खुराक दी गई हैं।

## कुछ दवाओं पर खत्म हुई इंपोर्ट ड्यूटी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** सरकार ने नेशनल रेयर डिजीज पॉलिसी 2021 के तहत लिस्टेड सभी रेयर बीमारियों के इलाज के लिए इंपोर्टेड दवाओं और स्पेशल फूड पर बेसिक कस्टम ड्यूटी खत्म कर दी है। इससे देश के उन लोगों को काफी राहत मिलेगी, जिनके परिवार का कोई मेंबर रेयर बीमारी से पीड़ित है। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली पेम्ब्रोलिजुमाब (कीट्रूडा) पर भी सरकार ने छूट दी है।

**1 अप्रैल से लागू होगी छूटः** इंपोर्ट ड्यूटी में छूट 1 अप्रैल से लागू होगी। दवाओं पर आम तौर पर 10% की बेसिक कस्टम ड्यूटी लगती है, जबकि लाइफ सेविंग ड्रग की कुछ कैटेगरी पर 5% या 0% का कंसेशनल रेट लगता है। जबकि स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी या डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के ट्रीटमेंट में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर पहले ही छूट मिल रही है।
सरकार से अन्य रेयर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर राहती की मांग की जा रही थी।




**बच्चों को डराया**

### मान की बेटी सीरत कौर मान को फोन पर धमकाया गया और गाली-गलौज की गई

# सीएम मान की बेटी को अमेरिका में खालिस्तानियों की धमकी



**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**पंजाब में** अमृतपाल के खिलाफ एक्शन के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान की बेटी को खालिस्तानियों ने धमकाया है। भगवंत मान की बेटी सीरत कौर मान को फोन पर धमकाया गया और गाली-गलौज की गई। सीरत भगवंत मान की पहली पत्नी की बेटी हैं। वो मां और भाई दिलशान के साथ अमेरिका में रहती हैं। मान अपनी पहली पत्नी को तलाक दे चुके हैं। धमकी देने का खुलासा सीरत कौर की पारिवारिक वकील हरमीत कौर बराड़ ने किया। उन्होंने अपनी फेसबुक वॉल पर लिखा कि बुधवार को खालिस्तानी गंदे और भद्दे शब्दों का इस्तेमाल कर और गालियां देकर खालिस्तान हासिल करना चाहते हैं।

**पोस्ट में वकील ने लिखा- बच्चों को डराकर कौन सा खालिस्तान मिल जाएगाः** एडवोकेट हरमीत कौर बराड़ ने पोस्ट में लिखा- तुम पैदा ही बददिमाग थे या इसी सदी में हुए। बैठकर सोचना। कभी तुम सोशल मीडिया पर कहते हो कि अमेरिका में भगवंत मान के बच्चों को घेरो। कभी वहां गुरु घरों में प्रस्ताव पास कर रहे हो। कल तो हद हो गई, जब उनकी बच्ची ( भगवंत मान की बेटी) को फोन कर गालियां दीं। भगवंत मान को घेरो। जिन्होंने तुम्हारा बिगाड़ा है, उन्हें गालियां दो। बच्चों को डराकर कौन सा खालिस्तान मिल जाएगा। हद है, मुझे लगता है कि ऐसे देश में कोई भी शरीफ इंसान तुम जैसे लोगों के साथ नहीं रहना चाहेगा। बेशर्मी की भी सीमा होती है। सिख धर्म ऐसा कुछ नहीं सिखाता। तुम लोग सिख तो हरगिज नहीं। धब्बा हो।

**खालिस्तानियों ने मान के बच्चों को घेरने की योजना बनाईः** पता चला है कि खालिस्तानी समर्थकों ने अमेरिका में रह रहे भगवंत मान के दो बच्चों सीरत कौर मान और बेटे दिलशान की घेराबंदी करने की भी योजना बनाई है। अमेरिका के गुरुघर में खालिस्तानियों ने घेराबंदी का प्रस्ताव भी पारित किया है।

# व्यापार में सुगमता के लिए प्रदेश में स्थापित होगा निवेश ब्यूरो: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



राज्य सरकार निवेशकों को एकल छत सुविधा तंत्र के माध्यम से व्यापार में सुगमता और अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने में विलम्ब को कम करने के लिए प्रदेश में निवेश ब्यूरो की स्थापना कर रही है। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार सायं प्रस्तावित निवेश ब्यूरो पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश ब्यूरो पुरानी एकल खिडकी प्रणाली के स्थान पर कार्य करेगा और इसे निवेश प्रस्तावों को स्वीकृतियां प्रदान करने की शक्तियां होंगी।उन्होंने कहा कि इस निवेश ब्यूरो की स्थापना उद्योग विभाग के अंतर्गत की जाएगी और सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को इसमें शामिल किया जाएगा ताकि निवेशकों को प्रदेश में उद्योग मित्र वातावरण प्रदान किया जा सके और उन्हें निवेश से संबंधित किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि निवेशकों की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान हो और कार्य में विलम्ब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के लिए दण्डात्मक प्रावधान भी होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए ब्यूरो में दो समितियां होंगीए एक कार्यकारी समिति होगी जो निवेश ब्यूरो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ के तहत दैनिक आधार पर निवेश मामलों की निगरानी करेगी जबकि दूसरी समिति मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित की जाएगी, जिसके माध्यम से निवेश प्रस्तावों की मंजूरी प्रदान की जाएगी।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि निवेश ब्यूरो की स्थापना का उद्देश्य अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाना है, जिससे निवेशकों को आवेदन करने के पश्चात तुरन्त अपना कार्य शुरू करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कानून में आवश्यक संशोधन करने के अलावा निवेश ब्यूरो को सशक्त बनाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन, आईटी, सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और अन्य क्षेत्रों में निवेश की उम्मीद कर रही है।

# तेंदुए ने बैल व गाय को बनाया शिकार

**जंगली जानवरों द्वारा द्वारा पालतू पशुओं को शिकार बनाए जाने से लोगों में दहशत का माहौल है**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



उपमंडल संगड़ाह के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लुधियाना के गांव कशलोग में तेंदुए ने पशुशाला में घुसकर 2 बैल व एक गाय को अपना शिकार बनाया। इस प्रकार जंगली जानवरों द्वारा द्वारा पालतू पशुओं को शिकार बनाए जाने से लोगों में दहशत का माहौल है इस प्रकार हुए हमले के बाद लोग रात्रि में घरों से बाहर निकलना उचित नहीं समझ रहे हैं।

पूर्व पंचायत प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि गांव से कुछ ही दूरी पर मौजूद पशुशाला में जब उन्होंने लहूलुहान मवेशियों को देखा तो इसकी सूचना तुरंत पशुपालन व वन विभाग को दी। पशु औषधालय में कार्यरत फार्मासिस्ट व वन विभाग के वनरक्षक घटनास्थल का निरीक्षण कर चुके हैं तथा इसकी सूचना अपने विभागों को दे चुके हैं।

ओम प्रकाश एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने विभाग से पीड़ित परिवार को जल्द मुआवजा व राहत राशि जारी करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कशलोग व साथ लगते गांव धमास में तेंदुआ पालतू पशुओं का शिकार कर चुका है जिस कारण लोगों में दहशत का माहौल है। वनमंडल अधिकारी रेणुकाजी उर्वशी ठाकुर ने बताया कि रिपोर्ट आने पर नियमानुसार मुआवजा राशि जारी की जाएगी।

# जखेड़ा में अफीम के साथ बाइक चालक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना मैहतपुर बसदेहड़ा के तहत जखेड़ा सत्संग भवन के समीप बाइक सवार एक युवक को अफीम संग काबू किया है। आरोपी की पहचान रोहित कुमार निवासी बसदेहड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस की टीम वीरवार शाम को जखेड़ा सत्संग भवन के समीप गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को देखकर बाइक सवार एक युवक फरार होने लगा, जिसे कुछ दूरी पर काबू कर लिया।

# मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में स्कूली बच्चों को करें जागरूक: उपायुक्त

**10 से 19 साल के बच्चों को स्वस्थ रहने तथा नशे से दूर रहने के बारे में जागरूक किया जा रहा है।**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



उपायुक्त आरके गौतम ने जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिला सिरमौर में स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत 858 प्रशिक्षित अध्यापक हैं जिनके माध्यम से 10 से 19 साल के बच्चों को स्वस्थ रहने तथा नशे से दूर रहने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि मुख्य बिंदुओं में विद्यालयों में बच्चों को आयु के अनुरूप स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में जानकारी प्रदान करना। बच्चों के बीच स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देना जिसे वे जीवन भर अपनाएंगे। स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों में उचित रेफरल के साथ कुपोषित और एनीमिक बच्चों की पहचान सहित बच्चों और किशोरों में शुरूआती बीमारियों का पता लगाने और उनका इलाज करवाना सुनिश्चित बनाना, स्कूलों में सुरक्षित पेयजल के उपयोग को बढ़ावा देना तथा लड़कियों द्वारा सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

इसके अलावा स्वास्थ्य और हैल्थ अंबेसडर अधयापक के माध्यम से योग और ध्यान को बढ़ावा देना तथा बच्चों के लिए स्वास्थ्य, कल्याण और पोषण पर अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत बच्चों के स्वस्थ विकास, भावनात्मक विकास और मानसिक स्वास्थ्य, आपसी वैयक्तिक संबंध, मूल्य तथा जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में काम करना, बच्चों में लैंगिक समानता, पोषण और स्वच्छता की जानकारी के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली के नियमों को अपनाने बारे जागरूक करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### सराहनीय कार्य के लिए पुलिसकर्मियों को मिला सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पावंटा साहिब में 339वां होली मेले का बड़ी धूमधाम के साथ आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद द्वारा तीन दिन की सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया गया जिसमें कई नामी कलाकर पहुंचे लेकिन बात जब बाहरी कलाकारों की आती है तो सुरक्षा और भी जरुरी हो जाती है। होली मेले में पावंटा पुलिस द्वारा शानदार कानून व्यवस्था बनाई गई। इसके लिए एसपी रमन कुमार मीणा ने पावंटा पुलिस की पीठ थपथपाई और मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने बताया की पावंटा साहिब में आयोजित होने वाला होली मेले में बाहरी राज्यों से लोग पहुंचते हैं गुरुद्वारा साहिब में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शीश नवाजने आते हैं। ऐसे में सुरक्षा और भी जरुरी हो जाती क्योंकि जेब कतरे घूमते हैं कब किसके साथ मेले में क्या अनहोनी हो जाये कुछ कहा नही जा सकता इसलिए पुलिस जवानों का होना बहुत जरुरी है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने बताया की होली मेले में पुलिस ने चाहे वो यातायात व्यवस्था हो या मेले की व्यवस्था को जवानों ने संभाला है जिसके लिए 50 पुलिस जवानों को एसपी ने सम्मानित किया जिनका नाम है। एचसी मनोज,हंस राज शर्मा, राजेंद्र शर्मा, सोहन पंत, सांजेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, अशोक ठाकुर, प्रमोद, ओम प्रकाश, ओम प्रकाश, आदि को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत किया।

### विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया चुवाड़ी कॉलेज के कार्यक्रम में होंगे मुख्य अतिथि



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 1 अप्रैल को राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार कुलदीप सिंह पठानिया 31 मार्च को चुवाड़ी पहुंचेंगे और उनका रात्रि ठहराव भी चुवाड़ी रहेगा। 1 अप्रैल को राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के पश्चात वे सिंहुंता रवाना होंगे। 2 अप्रैल को विधानसभा अध्यक्ष सिंहुँता से शिमला को प्रस्थान करेंगे।

### जोड़बड़ में हुई चोरियों से दहशत का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

चिंतपूर्णी क्षेत्र में हो रही लगातार लूटपाट की घटनाओं से हर व्यक्ति सहमा हुआ है। बीते दिनों मास्टर तीर्थ राम और उनकी पत्नी को चोरों ने पहले लहूलुहान कर दिया था। फिर चोरों ने घर से नकदी व जेवरात चुरा लिए थे, लेकिन अभी तक पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई है और चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि आए दिन किसी न किसी घर को बेखौफ होकर अपना निशाना बना रहे हैं। इसी कड़ी में तीर्थ राम के सुपुत्र पुनीत शर्मा ने जोड़बड़ में कमेटी सदस्यों रणबीर सिंह, डॉ रोशन, केशव राम, बाबू लेखराज, पंडित राजकुमार, माइकल गर्ग, राधे श्याम और पवन कुमार से मुलाकात की।

पुनीत शर्मा ने बताया कि उनके माता-पिता इस हादसे के बाद इतने सहमे हुए हैं कि वह अपने माता-पिता को अपने साथ लेकर अमृतसर जा रहा है। पुनीत शर्मा ने बताया कि बाजार में लाइटें व कैमरे न होने की वजह से चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। पुनीत शर्मा ने बताया कि अगर बाजार में चौकीदार होता तो शायद यह हादसा बच सकता था। पुनीत शर्मा ने कमेटी सदस्यों से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द बाजार में सीसीटीवी कैमरे व चौकीदार की व्यवस्था की जाए, ताकि जो हादसा मेरे परिवार के साथ हुआ है। वह हादसा अन्य किसी परिवार के साथ न हो।

गांव के प्रधान भगवान दास ने बताया कि इस चोरी की वारदातों से गांव वासियों में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जो भी कारवाई की जा रही है, उसमें हम उनका पूरा सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से सामान बेचने वाले व्यक्तियों का गांव में पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा और जो संदिग्ध व्यक्ति गांव में दिखाई देगा उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# हरिचन्द शर्मा ने श्रेष्ठ स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से नवाजा गया



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

महाविद्यालय हरिपुर मनाली में हरी चंद शर्मा राजनीतिक विभाग द्वारा आयोजित सोसायटी समारोह संगम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। इस समारोह में वर्ष भर विविध गतिविधियों में श्रेष्ठ स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से नवाजा गया।

विभागाध्यक्ष प्रो सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यह समारोह प्रतिवर्ष सोसायटी द्वारा मनाया जाता है जिसमे की विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वालें विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है। इस समारोह में सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपना योगदान दिया। मनाली कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की इस महाविद्यालय निर्माण में पूर्व मुख्यमंत्री आधुनिक हिमाचल के निमार्ता वीरभद्र सिंह और पूर्व मंत्री राजकृष्ण गौड़ का विशेष योगदान रहा है। हरी चंद शर्मा ने कहा की वह खुद कॉलेज डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष थे और कमेटी सदस्यों के सहयोग से सभी ने अपना अमूल्य समय दे कर कालेज में स्थाई भवन का निर्माण छः महीने में करवाया और विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए उचित प्रबंधन करवाया गया। हरिपुर महाविद्यालय में बच्चों को दाखिले के लिए लोगों को घर घर जा का कर जागरूक किया गया था आज महाविद्यालय में छात्रों की अच्छी खासी संख्या लगभग 1200 से ज्यादा है। उन्होंने कहा की कालेज के रूप में जो पौधा वर्ष 2005-06 मे लगाया गया था वह अब विशाल वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इन सोलह, सत्रह वर्षों में फल के रूप में सैंकडों की संख्या में इस महाविद्यालय से विद्यार्थी विभिन क्षेत्रों में ऑफिसर ब कर्मचारी के रूप में देश की सेवा कर रहे है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भूतपूर्व प्राचार्य डॉ बिपन राठौर व मोहिंदर राणा, रोशन लाल शर्मा, रोहित महाजन, सहित आदि उपस्थित रहे।

# खड्ड में दो बाईकों के बीच टक्कर, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस चौकी पंडोगा के तहत खड्ड में दो बाईकों की टक्कर हुई है। हादसे में एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को गंभीर हालत में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने भी मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात्रि मनी पंडित निवासी खड् अपनी साथी राम प्रकाश के साथ बाइक पर सवार होकर गांव खड् से ही गुजर रहे थे। इसी दौरान एक स्कूटर से टकरा गए। हादसे में मनी पंडित व राम प्रकाश बुरी तरह से लहुलूहान हो गए।

# 'राहुल गांधी न्यायालय का मजाक उड़ा रहे'

**राहुल गांधी को सजा मानहानि के केस में सुनाई थी जिसमें भाजपा का कोई लेना.देना नहीं है**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद सुरेंद्र कश्यप ने यहां जारी एक बयान में कहा कि राहुल गांधी न केवल जनता का मजाक उड़ा रहा है बल्कि न्यायालय की भी हंसी उड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने राहुल गांधी को सजा मानहानि के केस में सुनाई थी जिसमें भाजपा का कोई लेना.देना नहीं है और उसी सजा के आधार पर उन्हें संसद की सदस्यता से हाथ धोना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास वरिष्ठ वकीलों की फौज भरी हुई मगर उन में से किसी ने भी फैसले के खिलाफ कार्रवा ई नहीं की जिसके परिणाम अब राहुल गांधी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर गांधी न्यायालय में माफी मांग लेते तो भी इस प्रकार की स्थिति पैदा नहीं होनी थी मगर अहंकार ने उन्हें इस हालत में पहुंचा दिया। कश्यप ने कहा कि खेद की बात यह है कि विपक्षी सभी पार्टियां इस केस को लेकर अपना फायदा उठाने पर लग गई हैं जबकि आम जनता सब समझती है और आने वाले समय में इस के परिणाम भी कांग्रेस के साथ अन्य पार्टियों को देखने को मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश और विदेशों में बढ़ती लोकप्रियता के कारण विपक्षी पार्टियां बोखला गई है और अब उन पर भद्दे शब्दों का भी प्रयोग कर रहे हैं जो बहुत ही शर्म का विषय है।

# भाजपा समर्थित ही बनेगा पुनः बीडीसी अध्यक्षः मेला राम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



31 मार्च को सिरमौर जिला में विकासखंड संगड़ाह के नए पंचायत समिति अध्यक्ष का चुनाव किया जाना है। 24 मार्च को पंचायत समिति के अध्यक्ष मेला राम शर्मा और उपाध्यक्ष मदन सिंह के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को मात्र एक मत के बहुमत से पास कराया गया था। कॉन्ग्रेस द्वारा किसे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर ताजपोशी की जाती है इस बारे अभी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। 2 वर्ष पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष मेला राम शर्मा के साथ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड? वाले कांग्रेस उम्मीदवार तेजेंद्र कमल और चतर सिंह के विरुद्ध पार्टी के भीतर ही विरोध के स्वर फूट रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा से कांग्रेस में मिलने वाले पंचायत समिति सदस्य देवेंद्र शर्मा को उपाध्यक्ष बनाएं जाने का प्रलोभन दिया गया था परंतु उन पर भी फि लहाल सहमति बनती नजर नहीं आ रही है।

दूसरी ओर अविश्वास प्रस्ताव के लिए अंतिम समय में भाजपा की वरिष्ठ सदस्य इंदिरा शर्मा को भी उपाध्यक्ष पद का लॉलीपॉप दिया गया है परंतु उस पर भी सहमति बनती नजर नहीं आ रही है क्योंकि कांग्रेस के कुछ सदस्यों द्वारा इस बात पर आपत्ति जताई जा रही है कि जो लंबे अरसे से पंचायत समिति सदस्य कांग्रेस के साथ जुड़े हैं उन्हें दरकिनार कर भाजपा से अभी.अभी आए सदस्यों को उपाध्यक्ष नहीं बनाया जा सकता। दूसरी ओर निवर्तमान पंचायत समिति अध्यक्ष मेलाराम शर्मा ने कांग्रेस को चुनौती दी है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ दल होने के बावजूद भी छुटभैय, कांग्रेसी 31 मार्च को अपना अध्यक्ष नहीं चुन पाएंगे।

उन्होंने कांग्रेसी नेताओं पर पंचायत समिति सदस्यों को डरा धमका कर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेसी नेता भाजपा समर्थित पंचायत समिति सदस्यों के परिवार के नौकरीपेशा लोगों को तबादले की धमकी देकर डरा रहे हैं और एक महिला सदस्य के पति का तबादला जनजाति क्षेत्र में कर दिया गया है। शर्मा ने बताया कि भाजपा समर्थित पंचायत समिति सदस्यों को अनेक प्रकार के प्रलोभन देकर बरगलाने की कुचेषटा की जा रही है।

# आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए उठाए जाएं प्रभावी कदम: उपायुक्त राणा

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**




उपायुक्त डीसी राणा ने कहा है कि जिला में आपदा प्रबंधन के लिए तैयार की गई विशेष कार्य योजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाया जाए। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि गर्मियों के मौसम के दौरान आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए अंतर विभागीय समन्वय आधारित कार्यों में प्राथमिकता रखी जाए। डीसी राणा आपदा प्रबंधन के तहत विभिन्न विभागों द्वारा गर्मियों के मौसम के दौरान फ ायर सीजन किए जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। डीसी राणा ने कहा कि अप्रैल माह में होने वाली सभी ग्राम सभा बैठक में आगजनी की घटनाओं को रोके जाने वाले उपायों को एजेंडे में शामिल किया जाएगा। ग्रामसभा के माध्यम से स्थानीय संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर कार्य योजना बनाने के साथ एक कमेटी भी गठित की जाएगी। इसमें गांव के साथ-साथ बहुमूल्य वन संपदा को आगजनी की घटनाओं से बचाने और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्य भी शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों के तहत में जीरो आगजनी घटनाओं वाली ग्राम पंचायतों को विशेष प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने वर्षा जल संग्रहण टैंक बनाने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए।उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से आगजनी घटनाओं की प्रभावी रोकथाम में जन सहभागिता को सुनिश्चित बनाने को कहा। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि जागरूकता और जानकारी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा की आगजनी की घटनाओं में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्यवाही सुनिश्चित बनाई जाएगी।

# पुलिस लाइन में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



जिला पुलिस प्रशासन द्वारा चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य पर माता मंदिर पुलिस लाईन झलेड़ा में वार्षिक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सुबह मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी अर्जित सेन ठाकुर सहित अन्य पुलिस कर्मियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ऊना विस क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती, जिला कांग्रेस कमिटी के प्रधान राणा रंजीत सिंह, सेवानिवृत डीआईजी आएएम शर्मा, डीएफओ सुशील राणा, एएसपी संजीव भाटिया, डीएसपी अजय ठाकुर व एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# फायर सीजन के लिए वन विभाग ने कसी कमर

## आरओ, डीआरओ और अन्य फील्ड स्टाफ के लिए आयोजित की कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

आगामी फ ायर सीजन के दौरान वनों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग ने कमर कस ली है। इसके लिए फ ील्ड स्तर पर सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इसी कड़ी में वीरवार को यहां जिला के सभी रेंज अधिकारियों, उप रेंज अधिकारियों और अन्य फ ील्ड कर्मचारियों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई।




वनों में आग रोकने के लिए लें स्थानीय लोगों की मददः सीसीएफ

इस अवसर पर मुख्य वन अरण्यपाल एवं वनों में आग को नियंत्रित करने के लिए नियुक्त प्रदेश नोडल अधिकारी अनिल शर्मा ने कहा कि आग की घटनाओं को रोकने के लिए सभी फील्ड अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तरह अलर्ट रहें तथा अन्य संबंधित विभागों, पंचायत जनप्रतिनिधियों, फ ील्ड वालंटियर्स और स्थानीय निवासियों के साथ समन्वय स्थापित करें। आपसी समन्वय और तत्परता से आग को कम से कम समय में नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी फील्ड टीमों के पास आग बुझाने के यंत्र तथा अन्य सभी आवश्यक प्रबंध होने चाहिए। अनिल शर्मा ने बताया कि अब आग की घटनाओं की रिपोर्टिंग के लिए ऑनलाइन लिंक फ ायरइंजन के माध्यम से विशेष व्यवस्था की गई है। मुख्य वन अरण्यपाल ने रेंज अधिकारियों से कहा कि वे ऑनलाइन रिपोर्टिंग के संबंध में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी के बगैर वनों की आग को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। इसलिए, वन विभाग स्थानीय वॉलंटियर्स का पंजीकरण भी कर रहा है। अभी तक प्रदेश भर में लगभग 50 हजार वॉलंटियर्स पंजीकृत किए जा चुके हैं। जिला हमीरपुर के जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए किए गए विभिन्न प्रबंधों की जानकारी देते हुए वन मंडल अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि फ ायर सीजन के लिए जिला की सभी पांचों रेंजों तथा जिला मुख्यालय सहित कुल 6 कंट्रोल रूप स्थापित किए गए हैं तथा इनमें नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। जिला में 20 अग्नि नियंत्रण समितियां बनाई गई हैं। कुल 70 वन बीटों में से 43 को अति संवेदनशील, 18 मध्यम संवेदनशील और 9 बीटों को कम संवेदनशील घोषित किया गया है। फायर सीजन के मद्देनजर अग्निशमन विभाग के अलावा, होमगार्ड, पुलिस, जिला प्रशासन, डीडीएमए और जंगलबैरी स्थित पुलिस की चतुर्थ बटालियन के साथ भी समन्वय स्थापित किया गया है। वन मंडल अधिकारी ने अन्य प्रबंधों की भी विस्तृत जानकारी दी। एसीएफ निशांत कुमार ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वन मंडल हमीरपुर में किए गए प्रबंधों से अवगत करवाया। इस अवसर पर डीएफ ओ हैडक्वार्टर योगेंद्र शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# एसएसआरवीएम में हवन यज्ञ संग नए सत्र का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

एसएसआरवीएम स्कूल ऊना में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ, पूजा-अर्चना के साथ विद्यालय के प्रांगण में आरंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक निदेशक सुमेश शर्मा, चेयरमैन सतीश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य बृज वाला, समन्वयक शिवानी व विशाखा सभी परिवार सहित उपस्थित रहे। इस दौरान शैक्षिक समन्वयक सुरेंद्र रात्रा भी उपस्थित रहे। पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर प्रबंधक निदेशक सुमेश शर्मा ने बताया कि भारतीय परंपरा के अनुसार कार्य का शुभारंभ करने से पहले हवन यज्ञ किया जाता है, उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए इस वर्ष भी नए सत्र का आगाज किया गया। एसएसआरवीएम स्कूल हर वर्ष हवन यज्ञ से नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत करता है। इस अवसर पर उपस्थित अध्यापकों, छात्रों व सभी स्टाफ सदस्यों ने कीर्तन कर वातावरण को सकारात्मकता से भर दिया।

# जिला स्तरीय खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की गवर्निंग काउंसिल की बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**काउंसिल की बैठक आज उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई**

जिला स्तरीय खनिज फ ाउंडेशन ट्रस्ट की गवर्निंग काउंसिल की बैठक आज उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने विभिन्न विभागों को जिले में खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत विकास योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए वर्ष 2016 में जिला स्तरीय खनन फ ाऊंडेशन ट्रस्ट का गठन किया गया था। इस ट्रस्ट के गठन का मुख्य उद्देश्य जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों व व्यक्तियों के हितों का संरक्षण व उन्हें लाभान्वित करने के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जिले में खनन प्रभावित 12 पंचायत क्षेत्र हैं, जिनमें ग्राम पंचायत हुरला, नरेश, लारजी, बेहना, डेहरा, परली, बरशेणी, पलचान, देवगढ़ गोही एवं गोपालपुर, शलवाड, एचपीपीसीएल लारजी तथा थरास हैं।

उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में खनिज पर प्रति टन 10 रुपये रॉयल्टी के रूप में ट्रस्ट में दिया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के पास अब तक 93 लाख 38 हजार की जमा हुई है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत कुल राशि का 80 प्रतिशत खर्च किया जा सकता है। जिसमें से 60 प्रतिशत राशि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में जैसे कि पेयजल आपूर्ति पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपायों स्वास्थ्य शिक्षा महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं विकलांग कल्याण, स्वच्छता, पर खर्च की जाएगी तथा 40 प्रतिशत राशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित पंचायतों के प्रस्ताव के अनुसार यह राशि विभिन्न कार्यों पर खर्च की जाएगी।जिसमें ज्ञान केन्द्र के लिए कम्प्यूटर, आंगनबाड़ी केन्द्र में फ र्नीचर, खिलोने, सोलर लाइट, वाटर प्यूरीफ ायर, किचन निर्माण, इत्यादि कार्यों पर खर्च की जाएगी। बैठक की कार्यवाही का संचालन खनन अधिकारी सुरेश कुमार ने किया।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नागराज पंवार, सहित आदि उपस्थित थे।

# डोहगी में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना बंगाणा के तहत डोहगी में अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक चालक जख्मी हुआ है। घायल चालक को उपचार के लिए सीएच बंगाणा से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बुधवार देर रात्रि डोहगी में विशाल कुमार निवासी लठियाणी सडक किनारे लहुलूहान हालत में पड़ा हुआ था। इसी दौरान डोहगी से गुजर रहे एक ट्रक चालक ने सडक किनारे पड़े युवक को घायल अवस्था में देखा और बाइक गिरी पड़ी थी।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कुल्लू जिला के बबेली में रिवर राफ्टिंग एसोसिएशन के सदस्यों के लिए जागरूकता शिविर की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकार प्रशान्त सरकेक कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है जो न केवल नशा करने वाले ब्यक्ति के जीवन को नष्ट कर देती है बल्कि व्यक्ति परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बुरा प्रभाव डालती है। उन्होंने विशेषकर युवाओं में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही नशीले पदार्थों के सेवन की आदत पर चिंता ब्यक्त की। उन्होंने कहा की इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने




के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे तभी हम एक नशा मुक्त स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले मे भी केमिकल नशे के सेवन के मामले सामने आ रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कुल्लू जिले में नशे की बुराई से निपटने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है। डॉ सत्यव्रत वैद्य ने कहा कि नशा एक बीमारी है जिसका अन्य बीमारियों की तरह उपचार सम्भव है।उन्होंने कहा कि नशे की आदत से पीड़ित कोई भी ब्यक्ति उपचार से पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में नशे की आदत से ग्रसित पुरुषों तथा महिलाओं के ईलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का एकमात्र ऐसा केंद्र है जहां नशे की आदत से पीड़ित महिलाओं के दाखिल कर ईलाज किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यहां दाखिल पुरुष तथा महिलाओं को निशुल्क दवाई व ईलाज की सुविधा उपलब्ध है।और कोई भी ब्यक्ति संस्थान के दूरभाष नम्बर 265265 पर जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा की यहां ईलाज करवाने वालो की सारी जानकारी गुप्त रखी जाती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष शर्मा इस अवसर विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।रिवर राफ्टिंग एसोसिएशन के उपा अध्यक्ष शिव चंद ने कार्यशाला आयोजित करने के लिए आभार ब्यक्त किया। इस मौके पर बैंक शाखा में हवन यज्ञ किया गया तथा लोगों को मिठाईयां बांटी गई।

# मशरूम की खेती का प्रशिक्षण संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पीएनबी आरसीटी ऊना के सौजन्य से पीएनबी आरसीटी के कार्यालय में चल रहे मशरूम की खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।



समारोह में मुख्यातिथि के रुप में पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक गुरुचरण भट्टी उपस्थित रहे। मशरूम की खेती का प्रशिक्षण 10 दिवसीय रहा, जिसमें 28 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वह शीघ्र अति शीघ्र अपने व्यवसाय स्थापित करें तथा आत्मनिर्भर बने। इस अवसर पर विशेष रूप से पीएनबी आरसीटी के निदेशक संदीप ठाकुर द्वारा प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया कि वह आत्मनिर्भर बन के अन्य महिलाओं एवं पुरुषों को भी स्वरोजगार से जोड? का प्रयत्न करें। पीएनबी आरसीटी ऊना के कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज द्वारा बताया गया कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा जिला ऊना के 18 से 45 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें बैंक ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वह आत्मनिर्भर बनकर अपना व्यवसाय शुरू करें तथा अन्य लोगों को भी आत्मनिर्भर बनने में सहायता करें।

# जिला में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग प्वाइंट लगाने की कदमताल शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**राजेश कौशल ने बताया कि चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का वर्गीकरण किया गया है**

जिला में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए प्वाइंट स्थापित करने को लेकर क्षेत्रीय परिवहन विभाग ने कदमताल शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने करीब 3 दर्जन स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया।

इनमें से करीब 25 से अधिक स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट लगाने की सहममि बनी है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का वर्गीकरण किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस जिला के सभी एचआरटीसी बस अड्डों में अनिवार्य रूप से चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए जाएंगे। जिसमें जिला मुख्यालय के साथ-साथ हरोली उपमंडल के दुलैहड़, उपमंडल मुख्यालय अंब, गगरेट और दौलतपुर चौक शामिल है। इसके अतिरिक्त स्थानीय निकायों में नगर परिषद मैहरपुर, ऊना, गगरेट और दौलतपुर चौक में पार्किंग स्थलों को भी चार्जिंग प्वाइंट के रूप में भरा जाएगा। उपायुक्त कार्यालय के साथ-साथ जिला के एसडीएम अंब, हरोली, ऊना और बंगाणा कार्यालय में भी चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए जाने हैं। लोक निर्माण विभाग के तहत गगरेट और ऊना के जलग्रां, जबकि पेट्रोल पंप में जिला मुख्यालय ऊना, भरवाई, मुबारकपुर और अंब क्षेत्रों को भी चार्जिंग पॉइंट के दायरे में लाया जाएगा। जबकि परिवहन विभाग द्वारा कुछ नए स्थलों का चयन हाईवे के किनारे किया गया है, जिसमें हैवी और लाइट व्हीकल्स की चार्जिंग सुविधा उपलब्ध रहेगी। इनमें ऊना के तहत मैहतपुर, अंब के कलरुही और बंगाणा के घरोह को चुना गया है। आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए उनके लिए पर्याप्त मात्रा में चार्जिंग प्वाइंट उपलब्ध कराने को लेकर कदमताल तेज की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कौशल ने बताया कि वीरवार को 36 स्थानों का निरीक्षण किया गया जिनमें से 25 से अधिक स्थानों में चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने को लेकर सहमति बनी है।

# जमीनी विवाद के चलते मारपीट, दो महिलाएं जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना बंगाणा के तहत मलांगड़ में जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई है। मारपीट में पत्थर व डंडों से हुए हमले में दो महिलाएं जख्मी हुई है। पुलिस ने घायल दोनों महिलाओं की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जीवन लता निवासी मंलागड़ ने बताया कि बुधवार देर शाम अपने खेत में मौजूद थी, तो गांव के ही कृष्णा देवी, साहिल व सन्नी खेत में पहुंचे और जमीनी विवाद के कारण मारपीट शुरू कर दी।

# नंगड़ा में ग्रामीणों ने काबू किए तीन संदिग्ध, पुलिस को बुलाकर किया सुपुर्द

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

मुख्यालय के नजदीकी गांव नंगड़ा में सिलसिलेवार चोरियों से परेशान आ चुके ग्रामीणों ने वीरवार को फेरी लगाने आए तीन संदिग्ध लोगों को दबोच लिया। काफी देर तक चली पूछताछ के बाद मौके पर धक्का-मुक्की भी हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने इन तीनों संदिग्ध लोगों को पुलिस के हवाले करते हुए मामले की जांच की मांग की है। पकड़े गए तीनों संदिग्ध लोगों से पुलिस द्वारा पूछताछ शुरू कर दी गई है। बता दें कि जिला में हो रही चोरियों की वारदातों से तंग आ चुके ग्रामीणों ने अपने क्षेत्रों में ठीकरी पहरे तक लगाने शुरू कर दिए हैं, ताकि संदिग्ध लोगों की पहचान कर वारदातों को रोका जा सके। ताजा उदाहरण



ऊना जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गांव नंगड़ा में उस वक्त देखने को मिला, जब गांव में फेरी लगाने के लिए आए तीन संदिग्ध लोगों को ग्रामीणों ने धर दबोचा। काफी देर तक चली तीनों से पूछताछ की गई, साथ ही सामान की तलाशी भी ली गई। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना मैहतपुर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को अपने साथ मैहतपुर पुलिस थाना ले गई, जहां पर तीनों से पूछताछ की गई। एडिशनल एसपी संजीव भाटिया का कहना है कि पुलिस ने चोरियों की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए नाइट पेट्रोलिंग को बढ़ा दिया है। इतना ही नहीं नाइट पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारियों की अधिकारी भी समय-समय पर जांच कर रहे हैं। उन्होंने जिला वासियों से भी आह्वान किया कि अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि या किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में फौरन पुलिस को सूचना दें। ताकि चोरी और अन्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में कारगर कदम उठाए जा सकें।

एएसपी संजीव भाटिया ने कहा कि पुलिस ने पकड़े गए तीनों संदिग्ध लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। उनके पहचान पत्र लेने के अतिरिक्त उनके मूल स्थान से भी उनके बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

# प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार में लोगों का जीना मुहालः सत्ती लोग अपने घरों में नहीं सुरक्षित, लुटेरों के हौंसलों बुलंद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने जिला भर में हो रही चोरी की सिलसिलेवार वारदातों को लेकर सरकार और प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि जब से हिमाचल प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार आई है, तब से लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। हालत ऐसी है कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। लुटेरों के बुलंद हौसलों के साथ घरों में बंधक बनाकर लूटने की वारदातों को अंजाम देने में लगे हैं।

सत्ती ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में पेखूबेला, नंगड़ा, जनकौर, कुठार कलां व ऊना शहर समेत कई ऐसे स्थानों पर चोरियों की ऐसी वारदातें सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि एक ऐसा व्यवस्था परिवर्तन लेकर सरकार आई है कि आम नागरिक पूरी तरह त्रस्त हो चुके हैं। लुटेरे और चोर पूरी तरह से बुलंद हौसले के साथ वारदातों को अंजाम देने में लगे हैं। हैरत की बात इससे बड़ी यह भी है कि अभी तक पुलिस एक भी वारदात को सुलझाने में नाकाम रही है, जिसके चलते लोगों में लगातार दहशत का माहौल बढ़ता जा रहा है। सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि विशेष रूप से उन घरों को निशाना बनाया जा रहा है, जहां पर महिलाएं रहती हूं या फिर जिन घरों के लोग किसी समारोह में भाग लेने के लिए घर से बाहर गए हो। उन्होंने सुझाव दिया कि स्थानीय स्तर पर चोरों और नशेड़ी लोगों का आंकड़ा एकत्रित करते हुए पुलिस को इन वारदातों को सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहडाला में आधी रात के समय खुद को पुलिस कर्मचारी बताकर शातिर अपराधी ऐसे घर में घुसते हैं, जहां पर मां बेटी अकेली थी और उन्हें बंधक बनाकर लूटा जाता है, लेकिन पुलिस इस घटना के 5 दिन के बाद भी किसी को गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि कभी इस प्रकार की घटनाएं बाहरी क्षेत्रों में सुनी जाती थी, लेकिन अब हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था का 3 महीने के भीतर ऐसा जनाजा निकला है कि लोग अपने घरों में भी जान माल के मामले में सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार सत्ता के मद में चूर है, लेकिन लोग अपनी और अपने जानमाल की सुरक्षा के लिए दर बदर भटकने को मजबूर हो चुके हैं। सत्ती ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के 1 साल के साथ भी यदि मौजूदा सरकार के 3 महीनों की तुलना की जाए, तो वर्तमान पिछले 3 महीने में अपराध के मामले भाजपा सरकार के 1 साल के मुकाबले कहीं ज्यादा है।

# बस स्टैंड के समीप लगा भंडारा



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

डॉ भीमराव अंबेडकर चौक न्यू बस स्टैंड संतोषगढ़ के पास राम व श्याम प्रेमियों द्वारा रामनवमी के अवसर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें नगरवासियों के अलावा आने वाले राहगीरों ने बढ़चढ़ कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व कैप्टन ओम प्रकाश चब्बा, पूर्व सूबेदार हरीश कुमार, पिंटू चब्बा, हरमिंदर सिंह, आकाश धीमान, नरेश सिंघा, शिवम, शुभम, मुकेश, सोनू चौधरी, शिव गौतम सहित अन्य मौजूद रहे।

# सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत केंद्रीय अनुराग ठाकुर ने गोद ली है दाडला पंचायत

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

उपमंडल सुजानपुर की ग्राम पंचायत दाड़ला भलेठ प्रांगण में फु टबॉल खेल मैदान एवं ओपन जिम बनाया जाएगा युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा इसके लिए 15 लाख रुपए का बजट जारी किया गया है खंड विकास अधिकारी कार्यालय में बजट पहुंच गया है एवं निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए आगामी कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए हैं बताते चलें कि ग्राम पंचायत दाडला केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर की



गोद ली हुई पंचायत है। उपमंडल सुजानपर की ग्राम पंचायत दाड़ला भलेठ में बनेगा फु टबॉल खेल मैदान एवम युवाओं के लिए बनेगा ओपन जिम, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग ने जारी किए 15 लाख उनके प्रयास से यहां विकास के नए आयाम स्थापित किए जा चुके हैं उसी तर्ज पर खेल क्षेत्र में अभी तक कोई बड़ा कार्य यहां नहीं हुआ था जिसके लिए अब यह राशि जारी हुई है युवा सेवाएं एवं खेल विभाग जिला हमीरपुर की ओर से पंचायत को पत्र प्रेषित किया गया है जिसमें उनकी पंचायत में फु टबॉल बहुउद्देशी खेल मैदान बनाने एवं युवाओं की फिटनेस व्यायाम हेतु ओपन जिम बनाने का प्रावधान किया गया है विभाग की ओर से राशि 15 लाख खंड विकास अधिकारी कार्यालय को ट्रांसफर की जा चुकी है एवं निर्माण कार्य शुरू हो इसके लिए निर्देश दिए गए हैं विभाग द्वारा पंचायत में पहुंचकर अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल भूमि इत्यादि का निरीक्षण कार्य भी पूरा किया जा चुका है जल्द से जल्द काम शुरू हो इसके लिए आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है पंचायत प्रधान रेखा देवी उप प्रधान जगन कटोच ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा उनकी पंचायत में फुटबॉल खेलने के लिए खेल मैदान बनाने और युवाओं की फिटनेस व्यायाम हेतु ओपन जिम बनाने के लिए बजट 15 लाख का प्रावधान किया गया है

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की टीम पंचायत में भूमि निरीक्षण का कार्य करके गई है जितने पर्याप्त भूमि निर्माण के लिए चाहिए यहां पाई गई है निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू हो इसके लिए विभागीय उच्च अधिकारी को कहा गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने लिया अवाहदेवी का आशीर्वाद

**नवरात्रों के उपलक्ष्य में अवाहदेवी मंदिर में चल रहे हवन महायज्ञ में पूर्व मुख्यमंत्री ने आहुति डाली**

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

महाष्टमी के पावन अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने धर्मपत्नी सहित अपनी कुलदेवी माता अवाहदेवी का आशीर्वाद लिया। नवरात्रों के उपलक्ष्य में अवाहदेवी मंदिर में चल रहे हवन महायज्ञ में पूर्व मुख्यमंत्री ने डाली आहुति इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने नवरात्रों के उपलक्ष्य में आवा देवी मंदिर में चल रहे हवन महायज्ञ में आहुति डालकर जनकल्याण एवं देश प्रदेश की उन्नति की कामना की। पूर्व



मुख्यमंत्री ने संदेश देते हुए कहा कि सनातन धर्म की वैदिक परंपराओं में हवन महायज्ञ के महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हवन महायज्ञ जहां समाज में भाईचारे का प्रतीक होते हैं तो वहीं वह जलवायु को भी शुद्ध करते हैं और ऐसे महायज्ञ आत्मानंदित करने वाले होते हैं। ऐसे आयोजन पर्यावरण की दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण हैं इसलिए ऐसे आयोजन ज्यादा से ज्यादा किए जाने चाहिए और लोगों को भी बढ़चढ़ कर इनमें भाग लेना चाहिए। माता अवाह देवी मंदिर में हर वर्ष आयोजित होने वाले हवन महायज्ञ के लिए पूर्व मुख्यमंत्री ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# मासूम बच्चियों व युवतियों के साथ दुराचार के खिलाफ है बिटिया फाउंडेशन: सांख्यायन

**सीमा सांख्यायन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब बेटियों की ओर लोगों का रूझान बढने.लगा है**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

बिटिया फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा सांख्यायन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब बेटियों की ओर लोगों का रूझान बढने.लगा है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिटिया फाउंडेशन की स्थापना वर्ष 2015 में की गई है। तब से लेकर अब तक करीब पांच हजार से भी अधिक घरेलु



हिंसा के मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बेटियों के प्रति समाज के नजरिए में बदलाव आने लगा है। अब लोग बेटियों के प्रति न केवल संवेदनशील हैं बल्कि उन्हें पढ़ाई और अन्य मामलों में लडकों के बराबर के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भी सोशल मीडिया के कुप्रभावों की वजह से समाज में कई बुराइयां सर उठाने लगी है। उसी कड़ी में मासूम बच्चियों और युवतियों के साथ दुराचार के मामलों में वृद्धि हो रही है। जिसके खिलाफ बिटिया फाउंडेशन महिलाओं और महिला मंडलों को जागरूक कर रही है। इन जागरूकता कैंपों में युवतियों से छेड़छाड़ के मामलों में दोषियों को सजा दिलवानें का प्रयास फाउंडेशन की ओर से किया गया। वहीं पर 22 युवतियों को आगे पढनें. के लिए उनकी मदद की गई। इसके अलावा समाज से बहिष्कृत युवतियों का सहारा बनकर ने केवल उनकी शादी करवाती हैए बल्कि उन्हें अपने पैरों पर खड़ी होने में मदद भी करती है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के प्रभाव के चलते साईबर क्राइम भी बढ़ रहे हैं। लड़कियों के फोटो के साथ छेडखानी कर उन्हें ब्लैकमेल किया जाता इस तरह के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि संस्था कानून के दायरे में रह कर कार्य कर रही है। खासकर घरेलू हिंसा के मामलों में लंबी कानूनी प्रक्रिया होने की वजह से समय अधिक लगता है। ऐसे में फाउंडेशन मध्यस्था कर इन मामलों का निपटारा करवाने में मदद करती है। जिसकी वजह से आज तक ऐसे पांच हजार से अधिक महिलाओं के घर बसाए हैं। इस अवसर पर उन्होंने यूब्लॉक स्कूल के मामले को लेकर उपायुक्त मंडी से मिलकर ज्ञापन देने की बात भी कही। इस मौके पर बिटिया फाउंडेशन मंडी जिला की प्रधान व उपाध्यक्ष भी मौजूद रही।

# पैंशनर्ज संघ ने डिप्टी सीएम के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हिमआंचल पैंशनर्ज संघ जिला ऊना इकाई ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री के चोटिल होने पर गहरा दुख प्रकट किया। संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों रमेश भारद्वाज, राज कंवर, राज कुमार, देस राज मेहता, रामपाल धीमान, सतपाल कालिया, शांति स्वरूप, मदन सिंह ठाकुर, रोशन लाल, रामपाल शर्मा, बलदेव सिंह, मतिंद्र लट्ठ, राम सिंह, बीडी मल्होत्रा व अजय शर्मा ने उपमुख्यमंत्री के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की है।

## संक्षिप्त खबरें

### सूरज शर्मा बने बंगाणा एनएसयूआई के अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल बंगाणा के अटल बिहारी बाजपेयी डिग्री कॉलेज बंगाणा में एनएसयूआई का सर्वसम्मति से चुनाव गठन हुआ। जिसमें सूरज शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी राहुल राणा व कामिनी ठाकुर को दी गई। वहीं महासचिव के रूप में आदित्य चंदेल, नवीन राणा, नितिन सहोता व कोमलिका शर्मा, सचिव विशाल सोनी, साहिल ठाकुर, दीपाली धीमान, विपुल राणा, सौरभ ठाकुर, शुभम ठाकुर, पलक मान, अभी रायजादा व अभिषेक ठाकुर को बनाया गया। वीरवार को पूरी एनएसयूआई सदस्यों ने विधायक देवेंद्र भुटटो से मुलाकात की और कॉलेज में संस्कृत प्रोफेसर की नियुक्ति करने पर आभार प्रकट किया। एनएसयूआई के अध्यक्ष सूरज शर्मा ने कहा कि काफी समय से कॉलेज में संस्कृत प्रोफेसर का पद रिक्त चल रहा था और छात्रों को पढ़ाई में समस्या पेश आ रही थी। हमने कॉलेज की इस समय को विधायक देवेंद्र भुट्टो को अवगत करवाया और मात्र एक सप्ताह में कॉलेज की बड़ी समस्या का समाधान कर दिया। इस मौके पर एडवोकेट नीरज दत्त, प्रशांत शर्मा, कृष्ण शर्मा, संदीप शर्मा, जीवन शर्मा, अंकित मान, अम्बु भारद्वाज, कुटलैहड़ युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष नीरज ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एमसी पार्क से चोरी बाईक 9 माह बाद बरनाला से बरामद

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

शहर के एमसी पार्क से चोरी हुई स्पलैंडर बाइक 9 माह बाद पुलिस ने पंजाब के बरनाला से बरामद की है। पुलिस ने इसकी सूचना बाइक मालिक को दी गई है। बाइक चोरी के आरोपी को पंजाब पुलिस ने अन्य चोरी के मामले में काबू किया है, जिससे चोरी की बाइक बरामद हुई है। बता दें कि प्रज्जवल शर्मा निवासी घालूवाल ने जून 2022 को ऊना पुलिस को शिकायत दी थी कि मैंने अपनी स्पलेंडर बाइक एमसी पार्क के आगे खड़ी की थी। कुछ समय बाद बाइक गायब थी। काफी तलाश के बाद बाइक बरामद नहीं मिली। प्रज्जवल शर्मा ने बताया कि बुधवार देर शाम पता चला कि मेरी बाइक बरनाला में पंजाब पुलिस ने चोरो सहित काबू किया है। ऐसे में प्रज्जवल शर्मा ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि ऊना शहर से चोरी हुई बाइक को पंजाब के बरनाला से बरामद की है। आरोपी पंजाब पुलिस की हिरासत में है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

### शुकिया धर्मपुर कार्यकम अब होगा सदा सकिय धर्मपुर कार्यकम

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

धर्मपुर के विधायक चन्द्रशेखर ने विधायक बनने के बाद विधानसभा क्षेत्र के समस्त पंचायतों में जनता का धन्यवाद करने के लिए ० उनकी समस्याओं को जानने के लिए शुक्रिया धर्मपुर कार्यक्रम शुरू किया था। इस दौरान लोगों की दर्जनों समस्याओं का समाधान भी किया जा चूका है।

रामनवमी के अवसर पर स्थानीय ग्राम बहरी में लोक विमर्श एवं मिलन सामारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का सर्वप्रथम विधायक ने चुनावो में आपार समर्थन के लिए धन्यवाद किया और 24 घण्टे उपलब्ध रहने का वायदा किया। इस अवसर पर विधायक चन्द्रसेखर ने कहा कि इस बार धर्मपुर की जनता ने पुरे प्रदेश के साथ व्यवस्था परिवर्तन के लिए वोट दिया और उन्होंने अब तक भरपूर कोशिश की है कि वो लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उत्तर सके।

# नवनिर्मित नौणी माता मंदिर फुटाखल में उद्यापन कारज शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

उपमंडल द्रंग की जिल्हण पंचायत के फु टाखल स्थित माता नौणी भगवती के नवनिर्मित मंदिर का उद्यापन कारज शुक्रवार से शुरू होगा। नवनिर्मित मंदिर में 1 अप्रैल शनिवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमे चौहारघाटी, द्रंग सिरा और इलाका दुंधा के 60 से अधिक देवी देवताओं के गुर, पुजारी और कारदार शामिल होंगे। महायज्ञ में पूणार्हुति उपरांत क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली को लेकर पूजा अर्चना की जाएगी। 2 अप्रैल रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड? की संभावना है। मंदिर कमेटी द्वारा सभी पुख्ता प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। मंदिर निर्माण कमेटी प्रधान एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रेवत राम ने कहा कि रविवार भंडारे का दिन श्रद्धालुओं के आने जाने के लिए यातायात व्यवस्था के भी प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं के आने जाने के लिए बड़ागांव और कुफ री से फु टाखल तक एचआरटीसी की 2 बसें दिन भर चलती रहेगी इसके लिए निगम प्रबंधन ने अनुमति दे दी है। फुटाखल में अनुमानित 30 लाख रुपए की लागत से तीन मंदिरों का निर्माण काष्ठकुनी शैली में किया गया है। जिसमे माता नौणी भगवती के अलावा भगवान भूंगर और चौसठ



योगिनी का मंदिर भी तैयार किया गया है। तीनों मंदिर लकड़ी के काष्ठकुनी शैली में बनाए गए हैं। जिसमें सीमेंट, रेत, बजरी और लोहे के जरा भी इस्तेमाल नही किया गया है। नौणी माता के मंदिर में महिला और पुरुष सभी का प्रवेश पूरी तरह वर्जित है। इसी के चलते पूजा अर्चना को लेकर यहां साथ मे भगवान भूंगर और माता चौसठ योगिनी का मंदिर बनाया गया है। पुरुष भूंगर भगवान और महिलाएं चौसठ योगिनी मंदिर में पूजा अर्चना कर सकती है। मंदिर कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं से रविवार को भंडारे में शामिल होकर धार्मिक मनोरथ सिद्ध करने का आह्वान किया है। उल्लेखनीय है कि माता नौणी और फुंगणी भगवती के प्रति मंडी जनपद सहित बाहर के लोगों में भी अपार आस्था है। माता नौणी और फुंगणी दोनों जनपद के बड़ा देवा हुरंग काली नारायण की बहनें हैं। देव हुरंग नारायण और पशाकोट के रथ में एक तरफ माता नौणी और फुंगणी का मोहरा भी शामिल है।

# बीएससी नर्सिंग में डिंपल रही प्रदेश भर में नंबर दो पर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

अपनी कड़ी मेहनत के दम पर पंजावर की डिंपल ने पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के परिणाम में प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। जिस पर गांव वालों ने उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह ने बताया कि उनके गांव के सतनाम सिंह की बेटी डिंपल ने पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग का कोर्स करते हुए अपनी मेहनत से 1604 अंक हासिल करके प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। डिंपल ने यह स्थान जिला हमीरपुर स्थित कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करते हुए हासिल किया है।

# जातर में शिरकत करेंगे देव सूत्रधारी ब्रह्मा

**आराध्य देव गुरुवार को लाव लश्कर सहित अपने मूल मंदिर से गंतव्य पर निकले**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश के मंडी में इलाका रुहाड़ा के बड़ादेव सूत्रधारी ब्रह्मा जोगेंद्रनगर में 1 अप्रैल से शुरू हो रहे राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला में शरीक होने के लिए रवाना हो गए हैं। आराध्य देव गुरुवार को लाव लश्कर सहित अपने मूल मंदिर से गंतव्य पर निकले। इस दौरान मंदिर में रामनवमी पर्व पर



श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने देवता की विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। आराध्य देव ब्रह्मा शुक्रवार को उरला में देव पब्लिक स्कूल के जातर समारोह में शिरकत करेंगे। तदोपरांत पदयात्रा करते हुए हराबाग में मंडी जनपद के बड़ा देव हुरंग काली नारायण और पहाड़ी बजीर देव पशाकोट और हराबाग गहरी के साथ मिलन करेंगे।बड़ा देव हुरंग नारायण के डांगू पेखरा गहरी और द्रुण गहरी भी हराबाग में सभी देवताओं से मिलन करेंगे। इसके बाद सभी देवता बड़ा देव हुरंग नारायण की अगुवाई में जोगेंद्रनगर पहुंचेंगे। मेले के शुभारंभ पर भव्य शोभा यात्रा में शरीक होंगे। मेले की जलेब की आगवानी बड़ादेव हुरंग नारायण करेंगे।

# चिंतपूर्णी में पंडित पवन गोदियाल एंड पार्टी ने किया महामाई का गुणगान

## भजन संध्या में विधायक सुदर्शन बबलू ने की बत्तौर मुख्यातिथि शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

प्रसिद्ध धार्मिक शक्तिपीठ छिन्नमस्तिका धाम चिंतपूर्णी में चैत्र नवरात्र मेले के दौरान दो दिवसीय भजन संध्या का आयोजन किया गया। चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बत्तौर मुख्यातिथि उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

उपायुक्त ऊना राघव शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान उत्तराखंड के बद्रीधाम से आए पंडित पवन गोदियाल एंड पार्टी ने अष्टमी के दिन माता रानी का गुणगान किया।




भजन संध्या में सौरभ शर्मा और यमुनानगर से आए विनोद राज ने माता की एक-एक बढकर भेंटें प्रस्तुत की। टी-सीरीज के माध्यम से अपने सुरों का जादू बिखेर चुकी प्रसिद्ध गायिका कविता गोदियाल ने भी मां दुर्गा की भेंटे प्रस्तुत की। पंडित पवन गोदियाल एंड पार्टी के कलाकारो ने श्री गणेशा आहवान, महिषासुर मर्दिनी, अष्टभुजी माता, फूलों की होली का चित्रण करके अनेक प्रस्तुतियां पेश की। इस अवसर पर एसडीएम विवेक महाजन, मंदिर अधिकारी बलवंत पटियाल, वित्ताधिकारी शमी राज, एसडीओ मंदिर आरके जसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों का शोषण कर रही कंपनियों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर**

प्रदेश कांग्रेस सचिव व असंगठित कामगार कर्मचारी संगठन कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव राणा का कहना है कि प्रदेश के उद्योगो मे कर्मचारी वर्ग का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी उद्योगपति कर्मियों का शोषण करता पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। परवाणू मे कांग्रेस की भीतरी लड़ाई के चलते नगर परिषद मे लटके अविश्वास प्रस्ताव के मामले पर उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जल्द इस बारे निर्णय लेंगे। राजीव राणा परवाणू मे पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस से पूर्व उनका परवाणू पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकताओं व असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के सदस्यों ने



फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व नप अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस सचिव ठाकुर दास शर्मा, पार्षद लखविंदर सिंह, पूर्व पार्षद हरीश आजाद, संदीप चौहान, राजाराम भारती, संजीव पराशर, स्वर्णिम हिमाचल जन जागरण समिति के प्रदेश सलाहकार बंसी बाबा, वरिष्ठ प्रदेश सलाहकार उमा ठाकुर व अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस अवसर पर राजीव राणा ने कहा की परवाणू से मेरी कर्मभूमि होने के कारण एक अलग जुड़ाव भी है। यहां आने से सभी का आशीर्वाद भी मिल जाता है और परवाणू की समस्याओं को लेकर जानकारी भी मिल जाती है। राजीव राणा ने कहा की उद्योगों के पलायन को रोकने व उद्योगों के विस्तारीकरण बारे प्रदेश की सुक्खू सरकार पॉलिसी बना रही है ताकि जो उद्योग यहां हैं वह यहीं रहें और इसके साथ नए उद्योग भी यहां स्थापित हो सके। कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों का हो रहे शोषण बारे राणा ने कहा की जिन कंपनियों में यह कृत्य चल रहे हैं व कर्मचारियों का मानसिक व शारीरिक शोषण किया जा रहा है उनके खिलाफ जांच की जा रही है और जल्द ही ऐसी कंपनियों के विरुद्ध एक्शन भी देखने को मिल जाएगा। न्यूनतम मानदेय पर राणा ने कहा की मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू कर्मचारियों के बहुत बड़े हितेषी है, इस लिए कांग्रेस सरकार जल्द ही न्यूनतम वेतन के बढ़ाये जाने पर कार्य करेगी ताकि बढ़ती महंगाई से निजी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को अधिक परेशानी ना हो और उन्हें बोझ का जीवन ना जीना पड़े। राजीव राणा ने परवाणू नगर परिषद में पिछले दो महीनों से चल रही उठापटक व अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कहा की यह मामला प्रदेश मुख्यमंत्री के पास पहुँच चुका है और जल्द ही इस बारे स्थानीय विधायक से बात कर आवश्यक निर्णय ले लिया जाएगा ताकि प्रवेश द्वार परवाणू फिर से विकास के पथ पर आगे बढे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत जहल**

**कार्यवाही प्रपत्र**

आज दिनांक 27/3/2023 ग्राम पंचायत जहल की मासिक बैठक प्रधान श्री रूप लाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें निम्नलिखित कार्यवाही अमल में लाई गई। उपस्थिति 7/7 रही।

**प्रस्ताव संख्या 06 निविदाएं ( कुटेशन ) आमंत्रित करने पर विचार।**

सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए निविदाएं (कुटेशन) आमंत्रित की जाती हैं। जोकि निम्न प्रकार से हैं।

| क्रम संख्या | सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रशर/खड्ड का | प्रति घन मीटर |
| 2. | बजरा क्रशर/खड्ड का | प्रति घन मीटर |
| 3. | सीमेंट किराया चैलचौक से जहल | प्रति बैग |
| 4. | रेता बजरा लोकल ढुलवान खच्चर द्वारा | प्रति फुट |
| 5. | बोल्डर | प्रति घन मीटर |
| 6. | कट स्टोन 6X6 | प्रति पीस |
| 7. | चीजल स्टोन 6X6 | प्रति पीस |
| 8. | खजरा स्टोन 6X6 | प्रति पीस |
| 9 | स्टोन लोकल ढुलवान | प्रति घन मीटर |
| 10. | ईंट | प्रति पीस |
| 11. | पेवर 40 एमएम, 60 एमएम, 80 एमएम ISI mark | प्रति पीस |
| 12. | दिवार टायल | साइज वाइज |
| 13. | फ्लोर टायल | साइज वाइज |
| 14. | मार्बल | प्रति स्केयर फुट |
| 15. | कोटा स्टोन | प्रति स्केयर फुट |
| 16. | ब्लॉक | प्रति पीस |
| 17. | आइरन/एंगल/चैनल/पाइप | प्रति किलो |
| 18. | जीआई सीट | प्रति स्केयर फुट |
| 19. | साइन बोर्ड विद पेंटिंग | साइज वार |
| 20. | सरिया 8 एमएम, 10एमएम, 16 एमएम, 20 एमएम | प्रति किलो |
| 21. | एलोमीनियम फीटिंग | प्रति स्केयर फुट |
| 22. | सीलिंग सीट | प्रति स्केयर फुट |
| 23. | आइरन/एंगल/चैनल/पाइप कटिंग सहित | प्रति किलो |
| 24. | सीलिंग व लाइनर सीट कटिंग सहित | प्रति स्केयर फुट |
| 25. | स्टील बैंच | साइज वार |
| 26. | दीवार एलोमीनियम पैनल एमएम वाइज | प्रति स्केयर फुट/प्रिंटिंग सहित |
| 27. | प्लास्टिक सीट | प्रति स्केयर फुट |
| 28. | टाइल बोर्ड | प्रति स्केयर फुट |
| 29. | शटर लोहे का | प्रति स्केयर फुट |
| 30. | आयरन जाली | प्रति स्केयर फुट |
| 31. | प्लेन जीआई सीट | प्रति किलो/कटिंग सहित |
| 32. | फ्लैक्स बोर्ड | प्रति स्केयर फुट |
| 33. | झूला लोहे का | प्रति स्केयर फुट |
| 34. | शटरिंग लोहे व लकड़ी की | प्रति स्केयर फुट |
| 35. | मिक्सर | प्रति दिन |
| 36. | जेसीबी | प्रति घंटा |
| 37. | जेसीबी ब्रेकर | प्रति घंटा |
| 38. | देवदार लकड़ी | प्रति घन मीटर |
| 39. | पेंट लकड़ी का | प्रति लीटर |
| 40. | प्राइमर | प्रति लीटर |
| 41. | रेड ऑक्साइड | प्रति लीटर |
| 42. | दीवार पेंट व प्राइमर | प्रति स्केयर फुट |
| 43. | शीशा | प्रति स्केयर फुट |
| 44. | एसीसी पाइप 6X3 | प्रति पाइप |
| 45. | एलकाथीन पाइप | प्रति किलो |
| 46. | टंकी 500 लीटर/1000 लीटर | प्रति टंकी |
| 47. | जीआई पाइप 20 फुट | प्रति पाइप |
| 48. | टॉयलट शीट/वॉशलेशन | प्रति पीस |
| 49. | फर्नीचर (टेबल, कुर्सी, अलमारी, बैड इत्यादि) | साइज वाइज |
| 50. | वोट (नाव) 2 एंड 4 शीट्स | प्रति पीस |
| 51. | स्टैच्यू | प्रति पीस |
| 52. | मल्टीप्ले स्टेशन | प्रति सैट |
| 53. | डस्टबिन | प्रति पीस |
| 54. | फाउंटेन लाइज | प्रति पीस |
| 55. | होल इलेक्ट्रिकल फीटिंग | प्रति स्केयर फुट |
| 56. | मैट | प्रति स्केयर फुट |
| 57. | सीसीटीवी कैमरा | प्रति नग |

**नोट:** निविदाएं 10/3/2023 तक कार्यालय ग्राम पंचायत जहल के अद्योहस्ताक्षरी के पास 11 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। उसी दिन 12 बजे निविदाएं खोली जाएगी। आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी होना चाहिए। निविदा बंद लिफाफे में होनी चाहिए। आपूर्तिकर्ता को 25 हजार रुपए जिसकी स्वीकृत होगी जमा करना होगा। सामग्री की गुणवत्ता सही न होने पर पंचायत निविदाओं को रद्द करने का अधिकार रखती है।

हस्ताक्षर..........

दिनांक...........

## न्यूज फ्लैश

### मानागढ़ी से अब सीधे मिलेगी नोएडा के लिए रोडवेज बस

**मथुरा।** जनपद के अंतिम छोर पर बसे गांव मानागढ़ी से नोएडा होकर दिल्ली गाजियाबाद के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष नौहवार और कौशांबी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव बालक ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। कौशांबी डिपो की रोडवेज बस गांव मानागढ़ी से नोएडा होकर दिल्ली गाजियाबाद तक चलेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव बालक ने सोमवार को गांव मानागढ़ी के लिए हरी झंडी दिखा कर रोडवेज बस को रवाना किया। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष नौहवार ने बताया कि बाजना मानागढ़ी क्षेत्र को एनसीआर से जोड़ने के लिए काफी लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। इस सुविधा से क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। नोएडा दिल्ली गाजियाबाद मेरठ जाने को आसान होगा। सुभाष नौहवार ने बताया कि मानागढ़ी से मथुरा व भरतपुर के लिए पहले से बस चल रही है।

### यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे में गाड़ी चालक की मौत



**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर मांट थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 98 के पास गुरुवार की सुबह करीब चार बजे पेट्रोलिंग कर रही पुलिस की बोलेरो गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। पुलिस की गाडी पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई, जिससे गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी चला रहे दीवाना कला निवासी चालक शैलेश चौधरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं साथ में बैठे हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसा को देख राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हेड कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। वहीं चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है।

### सट्टा खिलाने के आरोप में पकड़ा

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने सट्टा खिलाने के आरोप में रिन्कु पुत्र नेत्रपाल निवासी उझियानी थाना सैफई इटावा हाल निवासी किराये का मकान (हरिओम पुत्र राधारमण) वंशीवट थाना वृन्दावन को 890 रुपये, एक सट्टा पर्चा नोटबुक, एक पैन के साथ गिरफ्तार किया है। धारा 13 जुआ एक्ट में कार्यवाही की गई है।

### 26 क्वार्टर शराब पकडी

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने 26 क्वार्टर नगीना मार्का शराब के साथ जितेन्द्र कुमार पुत्र शिवनरायण निवासी ग्राम गोपालपुर पोस्ट सरदाहा थाना महाराजगंज जनपद आजमगढ को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन विजय कुमार सिंह के मुताबिक आरोपित के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### एसपीसी लाइफ साइंसेज लिमिटेड ने सेबी के समक्ष फाइल किया डीआरएचपी

**नोएडा।** कुछ प्रमुख सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) के लिए एडवांस्ड इंटरमीडिएट्स के भारत के अग्रणी निमार्ताओं में से एकएसपीसी लाइफ साइंसेज लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। 6-क्लोरो-हेक्सेन-2-वन के लिए यूएस एफडीए द्वारा अनुमोदित सुविधा से लैस, कंपनी फार्मा इंटरमीडिएट्स विकसित कर सकती है और उन फार्मास्युटिकल कंपनियों के साथ काम कर सकती है जो अपनी आपूर्ति श्रृंखला के एक हिस्से के रूप में यूएस एफडीए के अनुरूप विनिर्माण सुविधाओं की तलाश करती हैं। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है जिसमें (ए) ? 3,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और (बी) 8,938,870 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य ?10 है। कंपनी निम्नलिखित उद्देश्यों की फंडिंग के लिए नए इश्यू की शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है- (ए) कंपनी द्वारा 550 मिलियन की राशि के कुछ बकाया उधारों का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; (बी) फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स की अपनी उत्पाद पेशकशों का विस्तार करने के लिए दाहेज सुविधा में फेज-2 की स्थापना के लिए कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं का वित्तपोषण 1,223.23 मिलियन; (सी) 400 मिलियन की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को फंडिंग और (डी) शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने हर संबंध को खुशहाल ढंग से निभाने की प्रेरणा दी: जैन

### बिना छल कपट के जीवन यापन कर ईश्वरत्व को प्राप्त कर सकते हैं: पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने रामनवमी के पर्व की बधाई देते हुए कहा की श्रेष्ठ गुण कर्म स्वभाव से युक्त जीवन जीकर मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ने हर संबंध को खुशहाल ढंग से निभाने की प्रेरणा हमें दी इसलिए वह कश्मीर से कन्याकुमारी तक ही नहीं बल्कि सुदूर देशों में भी अगाध श्रद्धा के केंद्र है। दोनों ने रामनवमी के पर्व पर एक दर्जन से ज्यादा कार्यक्रमों में शिरकत की जिसमें श्री राम मंदिर मोहल्ला कोट,






अंजनी पुत्र सेवा समिति एवं राम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला मंडी की शोभायात्रा, श्री राम शरणम में सामूहिक विवाह, चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा कन्या पूजन, हनुमान मंदिर पार्क सेक्टर 14 में भंडारा, शिव मंदिर नरेंद्र नगर में कन्या पूजन, इंडस्ट्रियल एरिया स्थित यूनिसूल फैक्टरी में रक्तदान शिविरमें भाग लिया। उन्होंने कहा कि श्री राम मानवीय मूल्यों की मर्यादा का प्रतिनिधित्व करते हैं, सबसे बड़ी बात यह है कि राज्याभिषेक से अति प्रसन्न नहीं होते और वनवास के दुख का लेशमात्र भी असर नहीं होता। राजीव जैन ने कहा कि कुलीन होने के बाद भी उनका छोटी जातियों से अगाध प्रेम, दानवों के प्रति भी क्षमा का भाव यह साबित करता है कि बिना छल कपट के जीवन यापन कर ईश्वरत्व को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में मयार्दा, आदर्श, विवेक तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और संयम का नाम राम है। इसलिए हमें मानव जीवन को सार्थक करने के लिए श्री राम के चरित्र को अपनाना चाहिए।

## राकेश टिकैत के दौरे से मथुरा में गर्मा सकती है किसान राजनीति!



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
किसान नेता राकेश टिकैत के दौरे के बाद मथुरा में किसान राजनीति गर्मा सकती है। संगठन किसानों के मुद्दों पर आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहा है। इसका खुलासा खुद संगठन के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में किया। राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण मथुरा किसान आंदोलन के लिए भी उर्वरा भूमि रही है। किसान नेता राकेश टिकैत तीन अप्रैल को मथुरा पहुंच रहे हैं। वह यहां किसानों से सीधा संवाद करेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने जिस तरह के तेवर दिखाए उससे यह साफ हो गया कि संगठन किसानों के मुद्दों को लेकर आंदोलन की भूमिका तैयार कर रहा है। बिजली बिल, एमएसपी, भ्रष्टाचार और फसलों को बरसात से हुए नुकसान के एवेज में पर्याप्त मुआवजा नहीं मिलने जैसे मुद्दों के इर्द गिर्द आंदोलन की भूमिका तैयार की जा रही है। इसके अलावा किसानों के स्थानीय मुद्दों को भी इसके साथ जोडा जा रहा है। इसके लिए संगठन के पदाधिकारी गांवों में लगातार संपर्क कर रहे हैं और किसानों का समर्थन जुटा रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि राकेश टिकैत छाता तहसील के गांवों में किसानों से संवाद स्थापित करेंगे।

## मॉर्निंग ग्लोरी स्कूल का वार्षिक परिणाम रहा शत प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मॉर्निंग ग्लोरी स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया क वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा क छात्रों, अभिभावकों और स्कूल के स्टाफ की कड़ी मेहनत ने इसे संभव बनाया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की मुख्याध्यापिका मालती अरोड़ा ने परिणाम को साँझा करने पर गर्व और प्रसन्नता दशार्ते हुए अभिभावकों से कहा यदि हम सब घर पर और स्कूल में अपने बच्चों को प्रोत्साहित करें और उनका समर्थन करें, तो सफलता की संभावनाएं बढ़ जाती है स्कूल डायरेक्टर महेन्दर भटनागर ने




अभिभावकों को बताया कि मेहनत ही सुनहरी चाबी है जो बंद दरवाजों को खोल देती है। स्कूल 2006 से अपनी सेवाएं जनता को प्रदान कर रहा है क स्कूल में पढ़ने वाला प्रत्येक बच्चा संस्कृति का विकास करने और उसे कायम रखने में सक्षम है क बच्चे जानते है कि सीखने के

## गैंगरेप का झूंठा कथानकर रचने के दो आरोपी पकड़े

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस ने गैंगरेप की झूठा घटना में पीडिता के फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को फंसाने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक तीन अलग अलग घटनाओं में वादी पक्ष पर राजीनामा के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से इस तरह की घटना का कथानक रचा गया था। एक अभियुक्ता सहित दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 14 जनवरी 2023 को गोपालबाग के पास नहर की पटरी पर दिनेश वकील पुत्र बनवारी लाल शर्मा निवासी कृष्णा विहार कालौनी कोसीकलां, कृष्ण पुत्र मूलचन्द निवासी फालैन थाना कोसीकलां तथा मूलचन्द पुत्र परमानन्द निवासी फालैन थाना कोसीकलां के द्वारा पीडिता के साथ गैंगरेप का झूठा कथानक रचकर तथा पीडिता के फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर न्यायालय से आदेश पारित कराकर थाना कोसीकलां पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

## बासंतिक नवरात्रि की नवमी पर देवी मंदिरों में रही धूम

**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा/लोकेश चौधरी** बासंतिक नवरात्र की राम नवमी पर्व पर देवी मंदिरों में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। देवी भक्तों ने मां भगवती का विधिवत पूजन अर्चन कर मनौती मांगी। कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में चैत्र शुक्ल राम नवमी के पावन पर्व पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ वृंदावन के पुराना बजाजा बाजार स्थित अलवर वाली कुंज में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रातः कालीन बेला में मंदिर के सेवायत चंद्र मोहन भट्ट के



द्वारा श्री रामचंद्र प्रभु के विग्रह का महाभिषेक किया गया और मंगला आरती की गई। वहीं मंदिर परिसर में भव्य फूल बंगला और महाआरती का आयोजन किया गया। साथ ही इस मौके पर साधु सेवा व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस पावन मौके पर संध्याकालीन बेला में सामूहिक सुंदरकांड पाठ और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। वही भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष मधु शर्मा ने बताया कि आज के दिन हिंदुओं के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि आज ही के दिन प्रभु श्री राम ने धरती पर आकर असुरों के विनाश हेतु जन्म लिया था।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ ऊंटों पर बैठकर भाजपा के खिलाफ किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत विधानसभा के वार्ड-8 व 9 में हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को बेहद शानदार तरीके से राठधाना रोड नजदीक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास से आगाज किया गया। विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर व कार्यक्रम के आयोजक राजीव सरोहा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, युवा जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने ऊंट पर बैठकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ रोष व्यक्त किया। इसके उपरांत आईटीआई चौक पर पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के दौरान हजारो की तादाद में चल रही जनसंपर्क यात्रा का विभिन्न स्थानों



पर फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बेहताशा वृद्धि हुई है, जिसकी वजह से वाहन चालकों को वाहनों से चलना दुभर हो गया है। आयेदिन ईंधन के मूल्य में हो रही वृद्धि से आमजन परेशान है, लेकिन भाजपा सरकार सिर्फ दावों तक सीमित है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज आमजन महंगाई की मार से करहा रहा है, लेकिन सरकार कोई सुध नहीं ले रही। उन्होंने कहा कि आज ऊंट की सवारी से जनसंपर्क यात्रा शुरू करने का सिर्फ यही सन्देश है कि आज पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने आमजन की कमर तोड़ दी है, अब आमजन ऊंट पर ही सवारी करना समझदारी मानता है। आज आमजन सरकार को ऊंट के माध्यम से जगाना चाहते है कि अब आमजन ऊंट पर चढ़कर सवारी कर रहा है, यदि नीचे से आमजन नजर नहीं आ रहा तो कम से कम ऊंट पर चढ़ा व्यक्ति तो नजर आना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के संकल्प पत्र पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की जाएगी। जरूरतमंदों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट पुनः दिए जाएंगे, इसमें दो-दो कमरे व पानी व बिजली का कनैक्शन भी मुहैया करवाया जाएगा। हिमाचल व छतीसगढ की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। जिन लोगों के बीपीएल कार्ड व पेंशन को सरकार द्वारा काटा गया है उन्हें पुनः बहाल किया जाएगा। परिवार पहचान पत्र व प्रापर्टी आईडी को समाप्त किया जाएगा। 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया जाएगा। गैस सिलैंडरों की कीमत 500 रुपये तक कम करने का प्रयास किया जाएगा।

## निबव होम एलेवेटर्स गुड़गांव में लेकर आया है लक्जरी होम लिफ्ट्स

**गुरुग्राम।** देश का सबसे लोकप्रिय और भारत का एकमात्र टीयूवी एसयूडी प्रमाणित होम लिफ्ट ब्रांड निबव होम एलेवेटर्स ने आज गुड़गांव में अपने प्रवेश की घोषणा की। एम3एम अरबना में स्थित 1000 वर्ग फुट के केंद्र में निबव के सबसे सुरक्षित और सुरुचिपूर्ण ढंग से डिजाइन किए गए न्यूमैटिक इन-होम लिफ्ट मॉडल - सिरीज क्क्क और सिरीज क्क्क मैक्स प्रदर्शित हैं। निबव के होम लिफ्ट्स की पेटेंट डिजाइन पुरस्कार विजेता होने के साथ-साथ विश्व स्तर पर प्रमाणित भी हैं, इन-बिल्ट वॉयस एसिस्टेंस के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी और अनुकूलनीय पैकेजों के साथ किफायती कीमत पर उपलब्ध है। अभिनव उत्पाद डिजाइन और आसान स्थापना के कारण घर पर कोई अतिरिक्त निर्माण कार्य करवाने की कोई आवश्यकता नहीं है और 24 घंटे से भी कम समय में लग जाता है। निबव होम एलेवेटर्स ने भारत में 30 से अधिक स्थानों पर स्थित अपने शक्तिशाली नेटवर्क और दुनिया भर के 14 से अधिक देशों में होम एलेवेटर सेगमेंट में राष्ट्रीय आइकन के रूप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की। इंजीनियर्ड होम लिफ्ट्स हर घर में जीवन की गुणवत्ता को बदलने के लिए काम करता है तथा मकान मालिकों, व्हीलचेयर या वॉकिंग फ्रेम का उपयोग करके चलने वाले लोगों के लिए सुरक्षित प्रवेश और निकास प्रदान करता है, कम चल-फिर सकने वाले लोगों, चिकित्सा प्रक्रिया से उबर रहे लोगों, सेवानिवृत्ति, विकलांगता या गंभीर अस्थमा से पीड़ित लोगों को संधारणीय पर्यावरण-अनुकूल होम लिफ्ट अपनाने की अनुमति देता है।

## ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत पेडा द्वारा वर्कशॉप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/खन्ना**
पंजाब ऐनर्जी डिवलपमेंट ऐजेंसी (पेडा) द्वारा ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित की रही प्रदेशव्यापी वर्कशाप सीरिज के तहत खन्ना स्थित गुलजार ग्रुप आफ इंस्टीच्यूशंस में कैपेस्टी बिल्डिंग ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजिन किया गया। पेडा के मैनेजर मनी खन्ना ने बताया कि युवा शक्ति बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिये उन्हें लक्षित कर पूरे सप्ताह के दौरान कालेज और युनिवर्सिटी स्तर के युवाओं के लिये यह वर्कशॉप पटियाला, जालंधर, अमृतसर, मोहाली और लुधियाना में तय की गई है। वर्कशॉप का संचालन मोनार्क डिजाइन स्टूडियो के आर्किटेक्ट अमित कुमार शर्मा ने किया जिसमें उन्होंनें ऊर्जा दक्षता के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया।



## नौकरी के नाम पर ठगे 54 हजार

**मामला एसी आफिस में पहुंचने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
अंबाला में बिजली बोर्ड में नौकरी लगवाने के नाम पर 54 हजार रुपए हड़प लिए। रुपए वापस मांगने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। आरोपी शिकायतकर्ता के पिता से अंबाला छावनी के सदर बाजार में मिला था। मामला एसी आफिस में पहुंचने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। अंबाला छावनी के कमल विहार निवासी भंवर सिंह ने बताया कि उसके पिता को जिला करनाल के गांव रायपुर जट्टान निवासी सोमपाल सदर बाजार अंबाला कैंट में मिला। सोमपाल ने उसके पिता को उसका हारट्रेन का सर्टिफिकेट बनवा बिजली निगम पंचकूला में नौकरी लगवाने की बात कही। आरोपी ने कहा था कि वह लड़के का हारट्रेन का सर्टिफिकेट भी बनवा देगा, जिसके बाद पंचकूला बिजली बोर्ड में सरकारी नौकरी भी लगवा देगा। आरोपी ने कहा था कि उसकी कई मंत्रियों के साथ अच्छी बातचीत भी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने फोन पर उसे भी अपनी बातों में उलझा लिया। आरोपी के कहने पर उसने 28 अगस्त 2021 को 14 हजार ट्रांसफर किए। सोमपाल ने एक दिन उसे मेडिकल के लिए पंचकूला बुलाया। यहां उसका ना तो कई मेडिकल हुआ और न ही हारट्रेन का सर्टिफिकेट दिया।
शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने मेडिकल के नाम पर भी 20 हजार रुपए ठग लिए। उसके बाद से फोन उठाना बंद कर दिया। जब उसने किसी न किसी तरह संपर्क किया तो जान से खत्म कराने की धमकी दी।

## परीक्षा में फेल होने पर विद्यार्थी लापता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में 17 वर्षीय स्टूडेंट संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। 11वीं क्लास के रिजल्ट में स्टूडेंट फेल हो गया था। बच्चे का कहीं कोई सुराग न लगने पर परिजन सकते में हैं। रिश्तेदारों के साथ बच्चे की तलाश में जुटे हैं।
पुलिस को सौंपी शिकायत में सेक्टर-सी डिफेंस कॉलोनी निवासी चंचल ने बताया कि उसका 17 वर्षीय बेटा आदित्य उर्फ आयुष आर्मी पब्लिक स्कूल अंबाला कैंट में पढ़ाई करता है।

## महिला मंडल ने श्रद्धापूर्वक मनाया रामनवमी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**हर वर्ष** की भांति इस वर्ष भी आहलूवालिया बिल्डिंग में महिला मंडल द्वारा नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया जिसमे अबकी बार 9 दिन लगातार मां की अखंड ज्योति नवीन जैन और प्रभा जैन के निवास स्थान पर जलाई गई वहां पर 9 दिन मां की रोजाना पूजा अर्चना की गई और महिला मंडल द्वारा मां की भेंटे गाकर मां का गुणगान किया गया और नौवें दिन रामनवमी मनाई गई जिसमे रामजन्म मनाया गया और एक नन्ही बच्ची को भगवान राम का रूप देकर रामजन्म को धूमधाम से मनाया गया। महिला मंडल से बबली वालिया ने बताया के यह परंपरा सन 2000 से चली आ रही है कि बिल्डिंग निवासी



सभी महिलाएं एक ही घर में मां की अखंड ज्योति जलाकर नवरात्रों के पर्व को श्रद्धा के साथ मनाते है उस घर में हर रोजाना माँ का भजन कीर्तन किया जाता है और प्रशाद बाटा जाता है और ये हमारा 46वा नवरात्री महोत्सव और 23वा श्री राम जन्मोत्सव है। विजय गुप्ता ने बताया कि साल में आने वाले दो नवरात्रि पर्व में माँ की जोत किसी एक घर में जलाई जाती है और वही पर रोजाना भजन होता है। इस कार्यक्रम में रोजाना महिला मंडल में अजय वालिया ,विजय गुप्ता, बबली वालिया ,प्रभा जैन, शमा शारदा ,उर्मिल खन्ना, रेखा सूद,निधि और मीनू पाहुजा ने माँ का गुणगान किया ' कार्यक्रम के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बिल्डिंग निवासियों के साथ-साथ आसपास के लोगों ने भी लंगर प्रसाद प्राप्त किया।

## महिला घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पति से कहासुनी होने के बाद महिला घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजन पिछले एक सप्ताह से विवाहिता की तलाश में जुटे हैं। अभी तक कहीं सुराग नहीं लगा है। शहजादपुर थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। गांव खेड़की मानकपुर निवासी सुभाष चंद्र ने बताया कि 14 वर्ष पहले उसकी यूपी के गांव पटनी (सहारनपुर) निवासी सुजाता के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद से उसके पास बेटा और बेटी है। सुभाष चंद्र ने बताया कि 23 मार्च की सुबह 11 बजे उसकी पत्नी मायके जाने की जिद कर रही थी।

## स्वयं ने नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ की विशेष साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
सामान्य रूप से चलने-फिरने में असक्षम लोगों के आत्मसम्मान और उनके हितों को ध्यान में रखते हुए स्वयं संगठन ने नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ सुगम्य पारिवारिक शौचालय के लिए एक विशेष साझेदारी की है। इस साझेदारी की घोषणा को लेकर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सावित्री देवी जिंदल, अध्यक्ष जिंदल समूह, आरती जिंदल, स्मिनु जिंदल, स्वयं फाउंडेशन की संस्थापक-अध्यक्ष और जिंदल साव लिमिटेड की प्रबंध निदेशक, राजेश अग्रवाल,




सचिव, दिव्यांगजन विभाग, समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ डीएन शर्मा, एनएचएफडीसी फाउंडेशन के ट्रस्टी, डॉ एससीएल गुप्ता, एनएचएफडीसी फाउंडेशन के उपाध्यक्ष और अर्जन बत्रा मौजूद थे। इस विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन 27 मार्च, 2023 को दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटैट सेंटर में किया गया। गौरतलब है कि इस मौके पर सामान्य रूप से चलने-फिरने में असक्षम लोगों की चुनौतियों को लेकर अभिगम्यता जागरुकता फैलाने के लिए जागरुकता सप्ताह को भी आयोजित किया।

## संपादकीय

# वाहनों की स्क्रैप पालिसी से कम होगा प्रदूषण

**उत्तर** प्रदेश में केंद्र सरकार की व्हीकल स्क्रैप पालिसी को पूरी तरह से लागू करने की तैयारी चल रही है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश की सड़कों पर दौड़ने वाले 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ घोषित किया जाएगा। एक अप्रैल 2023 से 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ में भेजे जाने की तैयारी है। लिहाजा केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। नया नियम निगमों और परिवहन विभाग की बस एवं अन्य गाड़ियों के लिए भी अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार 15 वर्ष से ऊपर के निजी वाहनों के साथ-साथ विभागों में लगे पुराने वाहनों को भी स्क्रैप में बदलने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सरकार ने यह निर्णय निरंतर बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए लिया है। पर्यावरणीय प्रदूषण को देखते हुए वित्त मंत्री ने आम बजट 2021-22 में पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए स्क्रैप पालिसी की घोषणा की थी। ध्यातव्य है कि देश में एक करोड़ से अधिक वाहन ऐसे हैं जो आम वाहनों की तुलना में 10 से 12 गुणा अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। स्क्रैप पालिसी से गाड़ियों की वजह से होने वाले प्रदूषण में 25 से 30 प्रतिशत की कमी होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का कहना है कि स्क्रैप पालिसी से पर्यावरण को अधिक नुकसान पहुंचाने वाले वाहनों की संख्या में कमी आएगी। अनुमान है कि वाणिज्यिक वाहन, जो कुल वाहन बेड़े का लगभग पांच प्रतिशत हैं, प्रदूषण में लगभग 65-70 प्रतिशत तक का योगदान देते हैं। वर्ष 2000 से पहले निर्मित वाहन कुल बेड़े का एक प्रतिशत हैं, लेकिन कुल वाहनों के प्रदूषण में इनका योगदान लगभग 15 प्रतिशत है। इनकी तुलना यदि आधुनिक वाहनों से करें तो पुराने वाहन 10 से 15 गुना अधिक प्रदूषण उत्सर्जित करते हैं। सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहनः उल्लेखनीय है कि स्क्रैप पालिसी के पीछे सरकार की मंशा निजी वाहनों की बढ़ती संख्या को कम करना और सार्वजनिक परिवहन के अधिक से अधिक उपयोग पर बल देना है। आज स्थिति यह है कि देश में बड़ी संख्या उन लोगों की है जो अपने निजी वाहनों से चलना पसंद करती है। ऐसे लोग ट्रेन या बसों में यात्रा करने से परहेज करते हैं। कुल यात्रियों की तुलना में सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से यात्रा करने वालों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1994 में जहां भारत के सभी बड़े शहरों में 60 से 80 प्रतिशत नागरिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते थे, वहीं यह संख्या 2019-20 में घटकर 25-35 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। वर्तमान में यह संख्या और कम हुई होगी, क्योंकि कोरोना महामारी के बाद अधिकांश सक्षम लोगों ने निजी वाहन खरीदने को प्राथमिकता दी है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 10 किलोमीटर की यात्रा बस से करने में औसतन एक व्यक्ति द्वारा 0.01 ग्राम पर्टिकुलेंट मैटर (पीएम) उत्सर्जित होता है। जबकि उतनी ही दूरी यदि कार से तय की जाए तो उससे 0.08 ग्राम यानी आठ गुना और दोपहिया वाहन से 0.1 ग्राम यानी दस गुना अधिक पर्टिकुलेंट मैटर उत्सर्जित होता है।

# देश की जल मांग उपलब्ध आपूर्ति की तुलना में होगी दोगुनी

सुनील कुमार महला

> यूएनओ यानी कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी वार्षिक वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट में यह कहा है कि पानी के उपयोग(यून ऑफ वाटर) के तरीकों और प्रबन्धन(मैनेजमेंट) में कमियों के कारण वर्ष 2030 तक दुनिया को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। हमारे देश में(जैसा कि हमारे देश की खेती मानसून का जुआ कहलाती है) अधिकांश फसलें भूजल के भरोसे होती हैं। वर्तमान परिवेश में बढ़ते शहरीकरण, पाश्चात्यीकरण, आधुनिकीकरण, औद्योगिकीकरण, कृषि मशीनीकरण और वैज्ञानिक प्रगति, विकास की वजह से भूजल पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। दूसरी तरफ ग्लोबल तापक्रम बढ़ने से मृदा सतह से वाष्पन व पौधों की वाष्पोत्सर्जन दर में वृद्धि होती है, जिसके परिणामस्वरूप भूमि में नमी की कमी होने से भूजल स्तर भी प्रभावित होता है

**रहीम** जी ने पानी के बारे में कहा है-रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गये न उबरे मोती,मानुस, चून। पानी जिंदगानी है। इसलिए पानी का संरक्षण अति आवश्यक व जरूरी है। 22 मार्च को जल संरक्षण की दिशा में ही हम सभी वर्ल्ड वाटर डे(विश्व जल दिवस) मनाते हैं। बताना उचित होगा कि

साल 2010 में यूनाइटेड नेशन्स ने सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता के अधिकार को मानव अधिकार के रूप में मान्यता दी थी। भूजलः अदृश्य को दृश्यमान बनाना या गायब होते भूजल को पुनः बहाल करना विश्व जल दिवस 2022 का विषय रखा गया था। इस साल विश्व जल दिवस 2023 की थीम अक्सेलरेटिंग चेंज यानी कि परिवर्तन में तेजी रखी गयी है। इस वर्ष 2023 में जल दिवस को बी द चेंज अभियान के तहत मनाया जायेगा। वास्तव में, जल दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करना है।आंकड़े बताते हैं कि आज विश्व के 1.6 अरब लोगों को पीने का शुद्ध पानी नही मिल रहा है।इंटरनेशनल ग्राउंड वाटर रिसोर्स असेसमेंट सेंटर (आइजीआरसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया में 270 करोड़ लोग ऐसे हैं जो पूरे एक साल में 30 दिन तक पानी के संकट से जूझते हैं। आज धरती पर एक प्रतिशत से भी कम पानी ही उपयोग योग्य और उपलब्ध ताजा पानी है। आज दुनिया के ज्यादातर इलाकों में पानी की गुणवत्ता में गंभीर प्रदूषण के कारण से लगातार कमी आ रही है और साफ पानी में रहने वाले जीवों की प्रजातियों की विविधता और पारिस्थितिकी को तेजी से नुकसान पहुंच रहा है।जानकारी देना चाहूंगा कि पानी की जंग को खत्म करने और जल संकट को दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 1992 में रियो डि जेनेरियो के अपने अधिवेशन में 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रुप में मनाने का निश्चय किया था। जानकारी देना चाहूंगा कि जल एक बहुमूल्य संसाधन है, जिससे जीवन संभव होता है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जल ही जीवन है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जल धरती के समस्त जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों व वनस्पतियों के लिए अत्यंत आवश्यक तत्व है।इसलिए जल की बूंद बूंद को बचाया जाना अथवा इसका



संरक्षण किया जाना अति आवश्यक है। जल की महत्ता का अंदाजा केवल इस बात से ही लगाया जा सकता है कि यूएनओ ने वर्ष 2013 को विश्व जल वर्ष के रूप में मनाया था। आज भारत ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देश जल की समस्या से जूझ रहे हैं और जल को लेकर अब यहाँ तक कहा जाने लगा है कि यदि तृतीय विश्व युद्ध होता है तो वह पानी या जल के लिए ही होगा,क्यों कि आज जल का असीमित, अविवेकपूर्ण उपयोग किया जा रहा है। आज जल के बारे में हम सभी की एक बहुत ही सामान्य सी सोच यह है कि जल कभी भी न समाप्त होने वाला पृथ्वी पर उपलब्ध एक असीमित संसाधन है लेकिन यह बात सही नहीं है। वास्तव में किसी भी राष्ट्र, देश, राज्य, समाज क्षेत्र की संपन्नता और सभ्यताओं के विकास में जल का योगदान महत्वपूर्ण रहा है, शायद यही कारण है कि विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का विकास जहाँ जल की उपलब्धता रही है, वहीं पर(नदियों) के किनारों पर हुआ है। आज पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा(लगभग तीन चौथाई) पानी(जल) से ढका हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी जमीन के नीचे है और 0.001 प्रतिशत वाष्प और बादलों के रूप में विद्यमान है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी है उसमें से 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है जो नमकीन अथवा खारा है और यह पानी पीने के काम नहीं आ सकता है। केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है इसमें से भी 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों और उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में जमा हुआ है और केवल 0.6 प्रतिशत पानी नदियों, झीलों और तालाबों में है जिसे इस्तेमाल किया जा सकता है। एक अनुमान के अनुसार पृथ्वी पर कुल 32 करोड़ 60 लाख खरब गैलन पानी उपलब्ध है। दूसरे शब्दों में, पृथ्वी पर पानी की कुल मात्रा अनुमानतः 13100 लाख घन किलोमीटर है। इस पानी का लगभग 97 प्रतिशत (12707 लाख घन किलोमीटर) समुद्रों में खारे पानी के रूप में तथा लगभग 3 प्रतिशत (393 लाख घन किलोमीटर) धरती पर साफ पानी के रूप में मौजूद है। आज भूजल स्तर लगातार गिरता चला जा रहा है। विभिन्न प्रदूषकों के मिलने से आज स्वच्छ जल लगातार प्रदूषित हो रहा है। इससे हमारे, जीव-जंतुओं व पेड़-पौधों, वनस्पतियों, यहाँ तक की हमारी खेती तथा अर्थव्यवस्था तक पर बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यूएनओ यानी कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी वार्षिक वर्ल्ड वाटर डेवलपमेंट रिपोर्ट में यह कहा है कि पानी के उपयोग(यून ऑफ वाटर) के तरीकों और प्रबन्धन(मैनेजमेंट) में कमियों के कारण वर्ष 2030 तक दुनिया को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। हमारे देश में(जैसा कि हमारे देश की खेती मानसून का जुआ कहलाती है) अधिकांश फसलें भूजल के भरोसे होती हैं। वर्तमान परिवेश में बढ़ते शहरीकरण, पाश्चात्यीकरण, आधुनिकीकरण, औद्योगिकीकरण, कृषि मशीनीकरण और वैज्ञानिक प्रगति, विकास की वजह से भूजल पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। दूसरी तरफ ग्लोबल तापक्रम बढ़ने से मृदा सतह से वाष्पन व पौधों की वाष्पोत्सर्जन दर में वृद्धि होती है, जिसके परिणामस्वरूप भूमि में नमी की कमी होने से भूजल स्तर भी प्रभावित होता है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा की कमी व उसके बदलते पैटर्न का भी भूजल स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कम वर्षा भी भूजल स्तर में कमी का एक प्रमुख कारण है। विश्व की लगभग 17% आबादी का वहन करने वाला भारत विश्व के ताजे जल संसाधनों का मात्र 4% ही रखता है, इसलिए हमें जल के विवेकपूर्ण, सीमित उपयोग के साथ ही इसके संरक्षण की आवश्यकता है। भारत आज 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है, ऐसे में आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देने में जल की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।नीति आयोग के समग्र जल प्रबंधन सूचकांक ने भारत में उभरते जल संकट के बारे में आगाह किया है जहाँ देश के 600 मिलियन से अधिक लोग जल की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। यह आकलन भी किया गया है कि वर्ष 2030 तक देश की जल मांग उपलब्ध आपूर्ति की तुलना में दोगुनी हो जाएगी।एक अनुमान के अनुसार एशिया का मध्य-पूर्व क्षेत्र , उत्तरी अफ्रीका के अधिकांश क्षेत्र, पाकिस्तान, तुर्की, अफगानिस्तान और स्पेन आदि देशों में वर्ष 2040 तक अत्यधिक जल तनाव (वाटर स्ट्रैस) की स्थिति होने की संभावना है। जल संकट से सर्वाधिक ग्रसित 17 देशों में क्रमशः- कतर, इजराइल, लेबनान, ईरान, जॉर्डन, लीबिया, कुवैत, सऊदी अरब, इरीट्रिया, संयुक्त अरब अमीरात, सैन मरीनो, बहरीन, भारत, पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ओमान और बोत्सवाना जैसे देशों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही भारत, चीन, दक्षिणी अफ्रीका, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देशों को भी उच्च जल तनाव का सामना करना पड़ सकता है। यह संवेदनशील व गंभीर है कि भारत के लगभग 50% क्षेत्र सूखे जैसी स्थिति से जूझ रहे हैं, विशेष रूप से पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में जल संकट की गंभीर स्थिति बनी हुई है। नीति आयोग द्वारा वर्ष 2018 में जारी समग्र जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, देश के 21 प्रमुख शहरों में निवासरत लगभग 100 मिलियन लोग जल संकट की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं।

भारत की 12% जनसंख्या पहले से ही डे जीरो की परिस्थितियों में रह रही हैं। वास्तव में, भारत में मानसून की अस्थिरता भी जल संकट का बड़ा कारण है। हाल के वर्षों में एल-नीनो के प्रभाव के कारण वर्षा कम हुई, जिसकी वजह से जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

## कविता

सोचने के बाद और सोचने से पहले,
अकेला है वह?
उसने सोचा,
वह अकेला नहीं है,
उसके सोचने के पहले
सोचने के बाद
और सोचने के बीच,
वह अकेला नहीं है,
सब हैं उसके साथ ।
कई मित्र हैं उसके,
हजारों,
वाह वाह, पसंदगी,
तारीफ, खुश करने
शब्दों का भंडार,
फूल, गुलदस्ते भेजते हैं
सब,
वह अकेला नहीं है
पर कोई दिखता नहीं,
कोई रूबरू मिलता नहीं,
सब हैं, एक छोटे से डिब्बे में बंद, अदृश्य
मायाजाल के तंतु,
एक खिलौना,
जिनसे हम नहीं खेलते
वह खिलाता है सबको ।
कहां गए वे लोग,
कहां गए सब के सब,
जो गलबहियां डालते,
हंसते खिलखिलाते,
अब कोई नहीं हंसता

संजीव ठाकुर

# चेहरे की चमक बढ़ाती है अश्वगंधा

**शहनाज हुसैन**

**आयुर्वेद में** अश्वगंधा को विशेष औषधि माना गया है। कोरोना महामारी के दौरान शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अश्वगंधा का नाम आपने बार बार सुना होगा / अश्वगंधा एक प्रकार की जड़ी बूटी होती है जोकि अलग अलग क्षेत्रों में बिभिन्न प्रकार से पाई जाती है / इसके पेड़ ज्यादातर सूखे क्षेत्रों में पाए जाते हैं और इसकी जड़ों के रस से घोड़े के मूत्र जैसी बदबू आती है इसलिए इसे अश्वगंधा यानि घोड़े जैसी गंध का नाम दिया जाता है / अश्वगंधा की ताजी जड़ में यह गंध ज्यादा तेज पाई जाती है /बन में पाए जाने बाले पौधों की तुलना में खेती के माध्यम से उगाये जाने बाले अश्वगंधा की गुणबत्ता अच्छी होती है / तेल निकालने के लिए बनों में पाया जाने बाला अश्वगंधा का पौधा ही अच्छा माना जाता है /अश्वगंधा ऐसी औषधि है जो न केवल आपके तनाव को दूर करती है बल्कि सेहत और सौन्दर्य से जुड़े कुछ फायदे भी देती है / स्किन से लेकर हेयर केयर में भी अश्वगंधा का प्रयोग किया जाता है। । इसके शक्तिशाली उपचार गुणों के साथ.साथ त्वचा और बालों की सुंदरता निखारने के लिए आयुर्वेद में इसका काफी मात्रा में उपयोग किया जाता है। आयुर्वेद में अश्वगंधा के अर्क, काढ़े , पाउडर, तेल का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है। इससे बने क्लींजर, एंटी एजिंग क्रीम, मॉइस्चराइजिंग क्रीम, शैम्पू, कंडीशनर, हेयर टॉनिक आदि की मार्केट में बहुत डिमांड है।

अश्वगंधा एंटीऑक्सीडेंट और आयरन से भरपूर होता है। यह दिमाग को शांत करता है और तनाव को भी कम करता है। त्वचा को नरम और मुलायम बनाने के लिए 2 चम्मच सूखे अश्वगंधा पाउडर में एक चम्मच सूखे और पीसे हुए नींबू के छिलके और एक चम्मच सूखे अदरक को मिलाएं। इन्हें एक कप पानी में डालें और उबाल आने दें। पाउडर थोड़ा नरम होना चाहिए। मिश्रण को ठंडा करें और चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद सादे पानी से धो लें। त्वचा में निखार आएगा और त्वचा चमकने लगेगी। अश्वगंधा में त्वचा को जबान बनाए रखने के गुण हैं। इसमें शक्तिशाली एंटी.एजिंग गुणों के साथ एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो फाइन लाइन्स और झुर्रियों से राहत देते हैं। साथ ही त्वचा पर लंबे समय तक उम्र के संकेत नहीं आने देते। स्किन को आकर्षक और कोमल बनाए रखने के लिए एक चम्मच अश्वगंधा पाउडर में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलाएं। होठों और आंखों के आस.पास के क्षेत्र से बचते हुए चेहरे पर लगाएं। 15 से 20 मिनट बाद इसे धो लें। शहद की जगह आप एलोवेरा जेल भी मिला सकते हैं। अश्वगंधा में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा को संक्रमण या मुंहासों से बचाते हैं। फेस पैक तैयार करने के लिए 2 चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच अश्वगंधा पाउडर और आधा चम्मच दालचीनी पाउडर मिलाएं। इस पैक को मुंहासे वाले स्थान पर लगाएं।

## विचार

# जान के दुश्मन बनते आवारा कुत्ते

**प्रियंका सौरभ**

**कुत्तों** का मानव के विकास क्रम के साथ साहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। यह उनके कल्याण के लिए जिम्मेदार होने की नैतिक दुविधा इंसान के सामने पैदा करता है, लेकिन इसके अपने खतरे भी हैं क्योंकि कुत्तों का विकास भेड़िये और उसकी प्रवृत्ति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों ने आवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है, तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है, तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और अधिनियम की धारा 38 के तहत अधिनियमित नियमों, विशेष रूप से पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के तहत संरक्षित किया जाता है। यह किसी व्यक्ति, आरडब्ल्यूए, या संपत्ति प्रबंधन के लिए अवैध बनाता है कुत्तों को हटाना या स्थानांतरित करना। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15% को ही टीका लगाया गया है। भारत की आवारा आबादी बहुत बड़ी है, गोद लेने की गति बहुत धीमी और सीमित है क्योंकि बहुत से लोग केवल विदेशी नस्ल के कुत्ते ही चाहते हैं।

पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 (अद्यतन किया जा रहा है) का उद्देश्य आवारा पशुओं की आबादी को सीमित करना है लेकिन सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार में इनका कोई लाभ नहीं होता। प्रस्तावित मसौदा नियम, या पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2022, नसबंदी और टीकाकरण में केवल प्रक्रियात्मक बदलावों को सामने रखते हैं, केवल लाइलाज बीमार और घातक रूप से घायल कुत्तों को ही मारने की इजाजत देते हैं, और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को अपने इलाके के में आवारा जानवरों को खिलाने का जिम्मेदार मानते हैं। पीसीए और एबीसी के नियम यह स्वीकार करते हैं कि अनियंत्रित आवारा कुत्तों को रोका जाना चाहिए, हालांकि यह समस्या की भयावहता के लिहाज से मायने नहीं रखता क्योंकि प्रत्येक 100 भारतीयों पर लगभग एक आवारा पशु है। लगभग 21,000 पर, रेबीज से होने वाली सभी मौतों में से एक तिहाई से अधिक भारत में होती है। पिछले पांच वर्षों से, 300 से अधिक लोग - ज्यादातर गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे - कुत्तों द्वारा मारे गए हैं। 2017 के एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर कुत्ते भी वन्यजीवों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। 80 से अधिक प्रजातियां, जिनमें से 30 से अधिक लुप्तप्राय सूची में हैं, जंगल क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा लक्षित की गई थीं। कुत्ते जो अकेले बाहर हैं वे सड़क पर दौड़ते समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, जिससे उन्हें और अन्य लोगों को चोट भी लग सकती है। आवारा कुत्ते कचरा बैग खोलने का आनंद लेते हैं और वे कचरे को बिखरेने का कारन हो सकते हैं और पर्यावरण और सड़क के चारों ओर बिखरा हुआ कचरा दूर दूर तक फैला सकते हैं। आवारा कुत्ते भोजन के लिए पड़ोस को मैला करेंगे और खुले कचरे के डिब्बे तोड़ सकते हैं और बगीचों को नुकसान कर सकते हैं। जो लोग आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं, उन्हें उनके टीकाकरण के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है और अगर किसी पर जानवर का हमला होता है तो वह लागत वहन कर सकता है। प्रत्येक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को पुलिस डॉग स्क्वायड के परामर्श से गार्ड एंड डॉग पार्टनरशिप बनाना चाहिए। ताकि कुत्तों को प्रशिक्षित किया जा सके और फिर भी वे कॉलोनी के निवासियों के अनुकूल हों। नगर निगम, निवासी कल्याण संघ और स्थानीय कुत्ते समूहों को पशुओं का टीकाकरण और बंध्याकरण करना चाहिए। बीमार जानवरों, आक्रामक जानवरों को मौत के घाट उतारना होगा।

एकमात्र दीर्घकालिक समाधान सख्त पालतू स्वामित्व कानूनों को लागू करना है, लोगों को हर जगह लापरवाही से कुत्तों को खाना खिलाना प्रतिबंधित करना और घरेलू कुत्तों के लिए सुविधाएं स्थापित करना है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कर्नाटक में चुनाव घोषणा के साथ अटकलों का बाजार गर्म

**अशोक भाटिया**

**10 मई को** कर्नाटक की 224 सीटों पर मतदान होगा और 13 मई को नतीजे आएंगे। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद का कहना है चुनाव बहुत रोचक होगा। पार्टी के एक पूर्व महासचिव कहते हैं कि केंद्रीय बजट सत्र में कर्नाटक विधानसभा चुनाव को देखकर सत्ता पक्ष की तरफ से बड़ा दांव खेला गया है, लेकिन वह सफल नहीं होगा। कर्नाटक विधानसभा चुनाव का नतीजा 2024 में लोकसभा के चुनाव तक माहौल बना देगा। कर्नाटक सरकार के मंत्री और वरिष्ठ नेता ईश्वरप्पा का कहना है कि सपने देखने का सभी को अधिकार है। भाजपा मुख्यालय के वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस मामले में पार्टी के प्रवक्ता बोलेंगे। हमें केवल इतना कहना है कि अभी देश में प्रधानमंत्री मोदी का कोई राजनीतिक विकल्प नहीं है। भारत में कर्नाटक राजनीतिक नाटक का सबसे बड़ा और पुराना गढ़ रहा है। यहां कांग्रेस और भाजपा में लगातार नाटक होते रहते है। कभी भाजपा कांग्रेस का खेल बिगाड़ती है तो कभी कांग्रेस भाजपा का। कभी भाजपा के येदुरप्पा बागी हो जाते हैं तो कभी कांग्रेस में बगावत होती है। कभी कोई सन्यासी हो जाता है तो कभी कोई। दलबदलुओं का पुराना आश्रय स्थल रहा है कर्नाटक, इसलिए कर्नाटक विधानसभा के चुनाव हमेशा की तरह रोचक होंगे। यहां के सियासी ऊँट पर कभी कोई भरोसा नहीं किया जाता, क्योंकि वो कभी भी,कोई भी करवट ले सकता है। कर्नाटक की 224 सदस्यों वाली विधानसभा के भावी चुनावों को लेकर एक सर्वे में कर्नाटक में कांग्रेस को बहुमत मिलने की संभावना जताई गई है। सर्वे के अनुसार, कांग्रेस की 115-127 सीटें और कुल वोट शेयर का 40।1 फीसदी हासिल करने की संभावना है। भाजपा को 34।7 फीसदी वोट शेयर के साथ 68-80 सीटें मिलती दिख रही हैं जबकि जेडीएस को 17।9 फीसदी के वोट शेयर के साथ 23-35 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य दलों को 7।3 फीसदी वोट शेयर और 0-2 सीटें मिलने की उम्मीद है। उम्मीदों के इस आसमान में सबके लिए कुछ न कुछ है। कांग्रेस और भाजपा के लिए सबसे ज्यादा है। कर्नाटक में भाजपा का सबसे बड़ा चेहरा येदुरप्पा थे, जिन्होंने सन्यास की घोषणा कर दी है।

# नचनिया की दुकनिया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**हमारे** एक लेखक मित्र हैं। वे आजकल की हिंदी फिल्में देखने का बड़ा शौक रखते हैं। उन्हें लगता है कि जब कभी गाली-गलौज करना हो या फिर भड़ास निकालनी हो तो आजकल की हिंदी फिल्मों से बढ़कर कोई दूसरा बहाना नहीं हो सकता है। एक दिन वे इसी के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहने लगे- आजकल की फिल्में देखकर मुझे बनाने वालों और उसमें अभिनय करने वालों पर तरस आता है। फिल्में वे करते हैं और मरना हमें पड़ता है। मारने का इतना ही शौक है तो अपने परिवार वालों को मारें। आम जनता ने उनका क्या बिगाड़ा है। उनका अभिनय देखकर पचा-पचाया भोजन गड़बड़ाने लगता है। आज के जमाने में इन फिल्मों को देखने वालों के लिए इक्कीस तोपों की सलामी बनती ही है। फिल्म के नाम पर नचनिया की दुकनिया चला रहे हैं। हाँ कभी कभार कुछ ऐसी फिल्में आ जाती हैं जो वाह-वाह करने अथवा दस्ती से आँख पोंछने पर मजबूर कर देती हैं। वरना हम तो वो हैं जो इसका इस्तेमाल सिर्फ शर्म से बहती नाक और प्रदूषण के दुर्गंध से बचने के लिए करते हैं।

मैंने उत्सुकता के साथ पूछा झ्र इसका मतलब आजकल की फिल्में फिल्म देखने लायक है?

मेरा इतना पूछना भर था कि उन्होंने तुरंत पलटकर जवाब दिया झ्र मैंने कब कहा कि फिल्में देखने लायक है? यदि सच्चाई दिखाने से फिल्में पैसा बटोर लेती तो कल्पना और झूठ के बल पर करोड़ों का व्यापार करने वाली फिल्में देखने कुत्ता भी नहीं जाता। भैया ये भी कोई फिल्में हैं? शुरू से लेकर आखिरी तक रोना ही रोना। मार-धाड़। आइटम सांग। इसमें हमारे रोने के अलावा कुछ है ही नहीं। और जब रोना ही है तो इन्हीं फिल्मों को देखने की क्या जरूरत है? क्या दुनिया में दुखों की कमी है? एक ढूँढ़ों हजार मिल जायेंगे। अरे मैं तो कहता हूँ धरती पर जितना ऑक्सीजन नहीं है उससे ज्यादा तो दुख है। इन फिल्मों में मनोरंजन के मसाले की कमी साफ झलकती है। बिना मसाले की सब्जी और फिल्म दोनों फीकी होती है। मैं कुछ पूछता उससे पहले ही वे मुझे भांप गए। कहने लगे झ्र मसाले का मतलब समझते भी हो। इस फिल्म में न ढंग के गाने हैं, न रोमांस। अरे फिल्में तो ऐसी होनी चाहिए जिसमें थोड़ी फैंतसी हो। पप्पी-झप्पी हो। रोमांस हो। सच्चाई दिखाओ लेकिन इन सारे मसालों को मिलाकर दिखाओ।



# मौत की वजह भी बन सकता है लेबाइल हाइपरटेंशन

आज के समय में अधिकतर लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं और इसके इलाज के लिए दवाईयों का सेवन भी करते हैं, लेकिन लेबाइल हाइपरटेंशन एक ऐसा शब्द है, जिसके बारे में बहुत से लोग अनभिज्ञ हैं। यह उच्च रक्तचाप से थोड़ा अलग है। इसमें व्यक्ति के रक्तचाप में अचानक सामान्य से उच्च स्तर तक उतार-चढ़ाव होता है। हालांकि इस स्थिति में कुछ देर के लिए ही रक्तचाप उच्च होता है और उसके बाद सामान्य हो जाता है, इसलिए अधिकतर लोगों को इसके बारे में पता ही नहीं चलता।

## हो सकता है खतरनाक

लेबाइल हाइपरटेंशन उच्च रक्तचाप से कहीं अधिक घातक साबित हो सकता है। दरअसल, रक्तचाप में एकदम से व अस्थायी वृद्धि दिल व अन्य अंगों पर दबाव डालती है। अगर रक्तचाप में बार-बार बहुत अधिक उतार-चढ़ाव आता है तो इससे गुर्दे, रक्त वाहिकाओं, आंखों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। इतना ही नहीं इससे स्ट्रोक यहां तक कि व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है, अगर इसका समय रहते उपचार शुरू न किया जाए।

## बचें इन ट्रिगर्स से

न्यूरोलॉजिस्ट एवं सीनियर कंसल्टेंट डॉ. जयदीप बंसल बताते हैं कि ऐसी बहुत सी चीजें हैं, जिनके कारण यह लेबाइल हाइपरटेंशन व्यक्ति को अधिक परेशान कर सकता है। सबसे पहले तो रक्तचाप में वृद्धि इमोशनल स्ट्रेस के कारण हो सकती है। अगर लेबाइल हाइपरटेंशन से पीड़ित व्यक्ति किसी स्थिति में बहुत अधिक चिंतित या तनावग्रस्त है, तो दिन में कई बार उसके रक्तचाप में उतार-चढ़ाव देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त खानपान भी इस समस्या को प्रभावित करता है। खाने में सोडियम की अधिकता या अत्यधिक कैफीन का सेवन ऐसे लोगों के लिए एक ट्रिगर की तरह काम करता है। वहीं कुछ लोगों में रक्तचाप केवल तभी उच्च होता है, जब वह डॉक्टर से मिलते हैं या उनकी कोई सर्जरी आदि होती है। दरअसल, ऐसे में वह अपने हेल्थ को लेकर काफी अधिक चिंता करते हैं। लेबाइल हाइपरटेंशन के इस रूप को व्हाइट कोट हाइपरटेंशन या व्हाइट कोट सिंड्रोम भी कहा जाता है।

# किसी जादू से कम नहीं मिनी आई मसाजर

आंखों की समस्या से राहत पाने के लिए आंखों की मालिश काफी फायदेमंद साबित होती है। इसके लिए आप मिनी आई मसाजर की सेवा ले सकते हैं।

घंटों कंप्यूटर और मोबाइल पर काम करने से आंखों को नुकसान पहुंचता है। इस कारण कई और बीमारियां जन्म लेने लगती हैं। ऐसी स्थिति में हमें एक ऐसे केयरटेकर की जरूरत होती है, जो अपने प्रभावी ढंग से आंखों की मसाज कर सके और थकान को छूमंतर कर दे। मिनी आई मसाजर एक ऐसी ही डिवाइस है, जो इन सभी कसौटियों पर सही साबित होती है। यह डिवाइस मार्केट में बड़ी ही आसानी से मिल जाती है। आइए जानते हैं इस डिवाइस की खासीयत-



## क्या है मिनी आई मसाजर

मिनी आई मसाजर किसी जादू से कम नहीं है। इसका प्रयोग करना बेहद आसान है। आंखों से जुड़ी समस्याओं को रोकने, तनाव को कम करने और नींद में सुधार के लिए इस डिवाइस का इस्तेमाल रोज किया जा सकता है। बैटरी से चलने वाले इस मसाजर को आप कभी भी इस्तेमाल कर सकते हैं और कहीं भी लेकर जा सकते हैं। ये छोटी-सी डिवाइस कम पैसे में महंगे सैलून की तरह ही काफी आराम देती है। इसकी ये खूबी भी खास है कि कोई तकलीफ नहीं होती।

## कैसे करें इस्तेमाल?

इस डिवाइस का आकार छोटा होता है, जिसे पकड़ना बेहद आसान है। आगे की बनावट आंखों में मसाज करते समय पूरी तरह से आरामदायक हो, ऐसा सोचकर इसे डिजाइन किया गया है। इसमें लगा माइक्रो-वाइब्रेशन स्लॉट इस डिवाइस का सबसे अहम हिस्सा है। मिनी आई मसाजर आपके पुराने साइनोसाइटिस के दर्द से भी छुटकारा दिलाएगा। इस डिवाइस में एयर प्रेशर, हीट मोड्स और वाइब्रेशन जैसी खूबियां भी शामिल हैं। इसे चलाने के लिए ऑन-ऑफ का बटन दिया गया है। इसे खासतौर पर एक वायरलेस आई मसाज देने के लिए डिजाइन किया गया है।

## क्या है इसकी कीमत?

भारतीय बाजार में पहले से ही स्वास्थ्य से संबंधित कई तरह की डिवाइस हैं, लेकिन मिनी आई मसाजर एक मात्र ऐसी डिवाइस है, जो हर किसी के बजट में आसानी से आ जाएगी। आपको बता दें कि इसकी कीमत 300 रुपए से शुरू होती है। ब्रांड के हिसाब से इसकी कीमत बढ़ भी सकती है। मिनी आई मसाजर की खास रेंज में आपको कई कलर ऑप्शन भी मिल जाएंगे।

## क्या है खास?

यह काफी प्रभावशाली डिवाइस है। पेटेंट डिजाइन वाला ये मसाजर पूरी तरह से सुरक्षित है। आंखों के ऊपर इसकी मसाज थकावट, अनिद्रा, सिर दर्द जैसी परेशानियों को दूर करती है। ये डिवाइस आंखों के चारों तरफ के काले घेरों, झुर्रियों से राहत दिलाती है। इसकी बैटरी भी काफी लंबे समय तक साथ देती है और आसानी से उपलब्ध है।

# रेसिपी



## राजकचौरी

- 300 ग्राम मोठ अंकुरित ■ 4 उबले हुए आलू
- 250 ग्राम मैदा ■ 100 ग्राम बेसन
- तलने के लिए तेल ■ स्वाद के अनुसार नमक
- 1/2 टी स्पून देगी मिर्च ■ 1 टी स्पून गरम मसाला पाउडर ■ 500 ग्राम दही
- 1/2 कप इमली की चटनी ■ 1/2 कप हरी चटनी ■ 1 कप अनार के दाने
- 1 कप बीकानेरी भुजिया ■ 2 टी स्पून बारीक कटा हरा धनिया

### विधि

सबसे पहले मैदा को पानी से अच्छी तरह से गूंध लें। इसके बाद बेसन में थोड़ा-सा तेल, देगी मिर्च और नमक डाल कर गूंध लें। अब मैदे की छोटी-छोटी लोइयां बनाएं और उसमें बेसन की छोटी गोली भरकर पूरी के आकार में बेलें। एक कड़ाही में तेल गर्म करें और पूरियों को करारा तल लें। मोठ को उबालकर उसमें नमक, मिर्च, गरम मसाला, उबले हुए आलू मिलाएं और कचौड़ी में भरे, दही में नमक मिलाएं और तैयार राज कचौड़ी के बीच में डालें ऊपर से मीठी और हरी चटनी डालें। बीकानेरी भुजिया और अनार के दानों से सजाकर इसे सर्व करें।



## स्वादिष्ट पोटैटो पॉप्स

- उबला और कद्दूकस किया हुआ आलू: एक कप ■ कद्दूकस की हुई गाजर: चौथाई कप ■ एक चीज का टुकड़ा ■ एक ब्राउन ब्रेड ■ अदरक और हरी मिर्च का पेस्ट: आधा चम्मच ■ कटा हुआ धनिया: दो बड़े चम्मच ■ चुटकी भर चीनी ■ नमक स्वाद के अनुसार।
- दो चम्मच तेल ■ 8 कैंडी स्टिक्स

### विधि

चीज के टुकड़े को आठ बराबर भागों में काटकर रख लें। अब ब्राउन ब्रेड को पानी में भिगोएं और दोनों हथेलियों से दबाव देकर पानी निकाल दें। इस ब्रेड को अच्छी तरह मैश करके एक कटोरे में रख लें। अब इसमें आलू, गाजर, अदरक, हरी मिर्च का पेस्ट, धनिया, चीनी और नमक डालें और अच्छी तरह मिलाएं। आठ बराबर भागों में बांटकर इसे चपटा गोल आकार दें। हर टुकड़े के बीच में चीज का टुकड़ा रखें और उसे अंडाकार आकार दे दें। हर पीस के अंदर एक कैंडी स्टिक लगाएं और हर पोटैटो पॉप्स के बीच दोबारा आकार देकर रख लें। एक नॉन स्टिक पैन में दोनों तरफ से भूरा होने तक पकाएं। इसमें थोड़ा तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। अब गर्मागर्म परोसें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका (प्रेमी से)- नरेश, आप जुआ मत खेला करो, जुएँ में अगर आदमी एक दिन जीतता है तो दूसरे दिन हारता भी है।

नरेश- तो ठीक है! तुम्हें घबराने की कोई जरूरत नहीं। आज से मैं एक दिन छोड़कर जुआ खेला करूँगा!

□ □ □

एक रईसजादी ने दो घोड़े खरीदे। उन दोनों घोड़ों की अलग-अलग पहचान के लिए अंतर कैसे रखा जाए, इस बाबद उसने अपने पड़ोसी से पूछा। पड़ोसी ने सुझाया कि एक घोड़े की पूँछ काट दो।

उसने पूँछ काट दी, लेकिन दूसरे दिन दूसरे घोड़े की पूँछ एक झाड़ी में फँस गई और काटनी पड़ी। अब दोनों घोड़े पूँछ कटे हो गए थे। फिर पहचान की समस्या आ खड़ी हुई। उसने फिर पड़ोसी से राय ली।

पड़ोसी ने कहा कि एक घोड़े का एक कान काट दो, लेकिन दूसरे दिन दूसरे घोड़े का कान खेत के चारों तरफ लगी तार फेंसिंग में उलझ कर कट गया।

उसने सुझाया कि उनकी ऊँचाई नाप लो। रईसजादी ने घोड़ों की ऊँचाई नापकर पड़ोसी को बताई- 'सफेद घोड़ा काले घोड़े से दो इंच ऊँचा है।'

□ □ □

## काकुरो पहेली - 646



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 645 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 646



**बायें से दायें:-**

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका?-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल घवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल घवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम?-२

फिल्म वर्ग पहेली- 645



## सूडोकु -646

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -645 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 646



**बाएँ से दाएँ**

1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

शब्द पहेली -645 का हल





# काजल अग्रवाल की बोल्ड तस्वीरें देख फैंस हुए दीवाने, लिखा- हॉट एंड ब्यूटीफुल

फिल्म एक्ट्रेस काजल अग्रवाल ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की 2 तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें कलरफुल ड्रेस पहनकर बोल्ड अंदाज में पोज देते हुए देखा जा सकता है। काजल अग्रवाल की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 20 मिनट में 23 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं, इस पर 322 के लगभग कमेंट किए हुए हैं।

**काजल अग्रवाल ने तस्वीरें टैग कर कई लोगों को क्रेडिट भी दिया है**

काजल अग्रवाल ने तस्वीरें टैग कर कई लोगों को क्रेडिट भी दिया है। वहीं, उनकी तस्वीरों पर कई लोगों ने मजेदार कमेंट भी किया है। एक ने लिखा है, आप बहुत स्ट्रांग और कॉन्फिडेंट नजर आ रहे हो। एक ने लिखा है, आपको मॉडलिंग शुरू कर देनी चाहिए। एक ने लिखा है, इंप्रेसिव पिक्चर। एक ने लिखा है, गार्जियस काजू।



**काजल अग्रवाल ने फ्लावर प्रिंटेड थाई हाई वन पीस ड्रेस पहन रखी थी**

इसके पहले भी काजल अग्रवाल ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर थी। इसमें उन्हें हॉट पोज देते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने एक फ्लावर प्रिंटेड थाई हाई वन पीस ड्रेस पहन रखी थी। इसमें उन्हें कैमरे की ओर देखकर पोज देते हुए देखा जा सकता है। इस पर फैन ने कमेंट करते हुए लिखा है, हॉट और ब्यूटी का कोंबो।

**काजल अग्रवाल ने गौतम किचलू से शादी कर ली है**

काजल अग्रवाल ने गौतम किचलू से शादी कर ली है। उन्हें उनसे एक बेटा भी है। वह अक्सर अपने बेटे के साथ की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर करती हैं। वह फिल्मों में वापसी करने के लिए बेताब है। वह अक्सर अपनी मॉडलिंग से जुड़ी तस्वीरें भी शेयर करती हैं। काजल अग्रवाल ने कई फिल्मों में काम किया है। उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती हैं।

**काजल अग्रवाल ने अक्षय कुमार के साथ फिल्म में किया काम**

काजल अग्रवाल ने अक्षय कुमार के साथ फिल्म में काम किया था। इस फिल्म का नाम स्पेशल 26 था। वह कई फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुकी है। उन्होंने दक्षिण की भी कई फिल्मों में काम किया था। इसके चलते उनकी लोकप्रियता काफी अधिक है। वह आगे भी फिल्मों में नजर आ सकती है।



# मलाइका अरोड़ा की चाल का राखी सावंत ने सरेआम उड़ाया मजाक, बोली- अब मैं ऐसे ही चलूंगी

बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत (Rakhi Sawant) अक्सर किसी ने किसी वजह से मीडिया में छाई रहती हैं। हाल ही में रमजान की इफ्तार पार्टी में नजर आई थीं। वहीं अब उनका एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में राखी जानी-मानी अदाकारा मलाइका अरोड़ा की चाल का मजाक उड़ाती नजर आ रही है।

**राखी ने की मलाइका की नकल**

आपको याद होगा बीते साल मलाइका अरोड़ा का एक वीडियो सामने आया था, जिसमे वह अपने चलने के स्टाइल को लेकर काफी ट्रोल हुई थी। इतना ही नहीं आमजन के अलावा उनकी खास दोस्तों गीता कपूर और टेरेंस लुईस ने भी मलाइका की वॉक और फोटोग्राफी पोज का मज़ाक उड़ाया था।

वहीं राखी सावंत ने भी कुछ ऐसा ही किया। विरल भयानी ने राखी का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया है जिसमें वह पैपराजी को कहती है- भैया हमें मलाइका की वॉक बड़ी अच्छी लगती है। हम दीवाने हैं मलाइका के वॉक के। आज के बाद हम ऐसे ही चलेंगे। इसके बाद पैपराजी भी उन्हें मलाइका मैम कहकर बुलाते हैं और राखी भी एक्ट्रेस की तरह रिएक्ट करती हैं।

**मस्त कॉपी किया- यूजर्स**

अब ये वीडियो देखने के बाद सभी अपना-अपना रिएक्शन दे रहे हैं। हर कोई उनकी टांग खिंचाई कर रहा है। एक यूजर ने लिखा- सच में ये अलग नौटंकी है बाबा। एक ने कहा- मस्त कॉपी किया रे। एक ने कहा- कुछ भी कहो, नकल तो एकदम बढ़िया की इसने।

**राखी ने बिश्नोई समाज से मांगी थी माफी**

इससे पहले राखी सावंत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमे उन्होंने पैपराजी से बात करते हुए बिश्नोई समाज से कान पकड़कर माफी मांगी थी। राखी सावंत ने कहा था- सलमान खान एक नेक इंसान है। गरीबों के दाता है और लेजेंड है। उनके लिए दुआ करो। वो लोगों के लिए इतना करते हैं. मैं चाहती हूं कि सलमान भाई के दुश्मनों की आंखे फूट जाए। मैं बिश्नोई समाज से कान पकड़कर माफी मांगती हूं। सलमान खान को छोड़ दो।

# हंसी-मजाक में बना ये सुपरहिट गाना, सलमान-माधुरी की केमिस्ट्री पर फिदा हो गए थे लोग, ब्लॉकबस्टर हुई फिल्म



सलमान खान (Salman Khan) और माधुरी दीक्षित (Madhuri Di&it) की जोड़ी वाली फिल्म 'साजन' में इन दोनों की केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आई थी. फिल्म में माधुरी दीक्षित, सलमान के अलावा संजय दत्त भी नजर आए थे. इस फिल्म का संगीत लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगा था. फिल्म का टाइटल ट्रैक 'देखा है पहली बार साजन की आंखों में प्यार' तो आज भी लोग की जुबां पर चढ़ा रहता है. इस गाने के बनने की कहानी काफी दिलचस्प है.इस फिल्म की कहानी, किरदार और गानों को लोगों ने काफी पसंद किया था. इस फिल्म का संगीत नदीम-श्रवण ने दिया था. फिल्म के गाने साल 1991 में लोगों की जुबां पर चढ़े हुए थे. लेकिन फिल्म का एक गानाज.. 'देखा है पहला बार साजन की आंखों में प्यारज.' आज भी लोग भूल नहीं पाए हैं. इस फिल्म के इस गाने को बनाने के पीछे एक बड़ा ही मजेदार किस्सा है. फिल्म के संगीतकार श्रवण राठौर ने बताया था कि कैसे ये गाना उन्होंने बिना सोचे समझे ही बना दिया था. वो भी दो विदेशी बालाओं को देखकर.

**हंसी मजाक में बनाया था टाइटल ट्रैक**

अपने एक इंटरव्यू में खुद श्रवण ने बताया कि, 'बात साल 1990 के 31 दिसंबर की रात की है. मैं और नदीम एक न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेट करने गए थे. हम दोनों पब में बैठे थे. वहां दो विदेशी लड़कियां आईं और हमारे पास आकर हमें देखने लगीं. उसी वक्त नदीम उठकर उनके पास गए और उनसे बातें करना शुरू कर दिया. वो लड़किया भी हमसे बात करती रहीं और उनकी नजरें हमसे टकरा गईं और उसी वक्त नदीम के दिमाग में ये इस गाने की लाइन आई, उन्हें देखते ही उन्होंने ये गुनगुनाया देखा है पहली बार साजन की आंखों में प्यार बस फिर क्या हमें ये गाना मिल गया और फिर इस तरह पूरा गाना बन गया'.

**गाने को मिली थी खूब वाहवाही**

30 अगस्त 1991 को रिली हुई इस फिल्म ने उम्मीद और सोच से भी ज्यादा कमाई की थी. फिल्म सुपरहिट साबित हुई. उस दौर में इस फिल्म के गाने हर तरफ सुनने को मिल जाते थे. लेकिन एक गाना खासतौर पर सुनने को मिलता था. वो था फिल्म का टाइटल ट्रैक देखा है पहली बार इस गाने ने उस समय खूब लोकप्रियता हासिल की थी. फिल्म की कहानी को भी काफी पसंद किया गया था. फिल्म का लव ट्राएंगल जो उस समय की कहानियों के हिसाब से बिल्कुल अलग था, लोगों को काफी पसंद आया था. फिल्म में सलमान और माधुरी की केमिस्ट्री ने तो लोगों का दिल जीत लिया था.

# Gauri Khan ने एक बार फिर बदली करण जौहर के घर की सूरत, लिविंग एरिया से लेकर बेडरूम तक बदला हर कोना



बॉलीवुड के निर्माता-निर्देशक करण जौहर अपनी फिल्मों के चलते लोगों दिलों पर राज करते हैं। जब-जब करण की मूवी की बात होती है तो मन में एक ही ख्याल आता है आलीशान सेट। उनकी फिल्मों में नजर आने वाले घर जितने आलीशान दिखाए जाते हैं।

ये कहना सही है कि करण जौहर अपनी फिल्मों में हर चीज ग्रैंड तरीके से पेश करते हैं। इसी बीच अब करण जौहर ने सोशल मीडिया पर अपने घर की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे उनकी बेस्टफ्रेंड और फेमस इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान ने डिजाइन किया है। करण के घर की इन तस्वीरों को आर्किटेक्चरल डाइजेस्ट इंडिया ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है।

**अंदर से ऐसा दिखता है करण जौहर का घर**

करण जौहर ने अपना घर इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान से एक बार फिर रिनोवेट करवाया है। तस्वीरों में देख सकते है गौरी ने करण जौहर के घर की पूरी सूरत ही बदल डाली है। करण के घर की नई तस्वीर देख फैंस काफी हैरान हो गए है। वाकई में उनका घर किसी महल से कम नहीं है।

**करण ने की दोस्त की तारीफ**

करण जौहर ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, मैं जरूर आपको भी राय देना चाहूंगा कि अगर आपका कोई दोस्त है जो इंटीरियर एक्सपर्ट है। उनसे ही अपना घर डिजाइन करवाएं। गौरी ने इस घर को इतना प्यार दिया है कि जो घर के हर कोने में दिखता है। घर के अंदर पेड़-पौधे भी लगाए गए हैं। इसे बहुत ही खूबसूरत तरीके से सजाया गया है।

**शानदार के घर का इंटीरियर**

जौहर फैमिली के इस घर के इंटीरियर पर अगर एक नजर डाले तो यहां ब्लैक डाइनिंग टेबल और सफेद कुर्सियां से सजाया गया है। आलीशान झूमर उस जगह को और खूबसूरत बना रहे हैं। पेटिंग्स के अलावा घर में गहरी लाइटिंग पूरे ड्यूप्लेक्स लगाए गए है।

# मारुति सुजुकी ने 25 लाख वाहनों के निर्यात का आंकड़ा किया पार

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 25 लाख वाहनों के निर्यात का आंकड़ा पार कर लिया है। मारुति सुजुकी यात्री वाहनों की सबसे बड़ी निर्यातक कंपनी है। मारुति सुजुकी ने एक बयान में कहा कि उसका 25 लाख वां वाहन मारुति सुजुकी बलेनो है, जिसे गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह से लातिन अमेरिका भेजा गया है। 80 के दशक में वाहनों का निर्यात शुरू करने के बाद से




उसने संचयी निर्यात का 25 लाख इकाई का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिसाशी ताकेउची ने कहा कि 25 लाख वें वाहन का निर्यात भारत की विनिर्माण क्षमता की बानगी है। यह उपलब्धि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी मेक इन इंडिया पहल के प्रति मारुति सुजुकी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि मारुति ने निर्यात की शुरुआत वित्त वर्ष 1986-87 में बांग्लादेश और नेपाल जैसे पड़ोसी बाजारों से की थी। कंपनी मौजूदा वक्त में करीब 100 देशों में वाहनों का निर्यात करती है, जिसमें अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, एशिया और पश्चिम एशिया शामिल हैं।

# एनसीएलटी ने गूगल पर 1,337.76 करोड़ के जुर्माने को बरकरार रखा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सर्च इंजन कंपनी गूगल को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) से भी झटका लगा है। एनसीएलएटी ने गूगल के मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के फैसले को बरकरार रखा है। अपीलीय न्यायाधिकरण की दो सदस्यीय पीठ ने दिए अपने फैसले में सीसीआई के गूगल पर लगाए 1,337.76 करोड़ रुपये के जुर्माने को बरकरार रखा है। न्यायाधिकरण ने गूगल को निर्देशों का पालन करने और जुर्माने की राशि को तीस दिनों के भीतर जमा करने को भी




कहा गया है। एनसीएलएटी के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य आलोक श्रीवास्तव की पीठ ने सीसीआई के आदेश में कुछ संशोधन भी किए हैं। अपीलीय न्यायाधिकरण ने गूगल की इस अपील को खारिज कर दिया कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने जांच में प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन किया है। नियामक ने अपने फैसले में कंपनी को विभिन्न अनुचित व्यापार गतिविधियों से बचने और दूर रहने को भी कहा है। उल्लेखनीय है कि सीसीआई ने पिछले साल 20 अक्टूबर को अमेरिकी सर्च इंजन कंपनी गूगल पर एन्ड्रॉयड मोबाइल उपकरणों के मामले में गैर-प्रतिस्पर्धी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर 1,337.6 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। प्रतिस्पर्धा आयोग के इस आदेश को बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी एवं सर्च इंजन कंपनी गूगल ने अपीलीय न्यायाधिकरण में चुनौती दी थी।

# सेबी-सहारा फंड से 5 हजार करोड़ रुपये जारी करने की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह की ओर से बाजार नियामक सेबी के पास जमा कराए गए 24,000 करोड़ रुपये में से 5,000 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने की याचिका स्वीकार कर ली है। ये पैसे सहारा समूह के जमाकर्ताओं को लौटाए जाने हैं। कोर्ट ने यह निर्देश पिनाक पानी मोहंती नामक एक व्यक्ति की जनहित याचिका पर केंद्र की ओर से दायर एक आवेदन पर दिया है। मोहंती ने चिट फंड कंपनियों और सहारा क्रेडिट फर्मों में निवेश करने वाले जमाकर्ताओं को राशि का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की थी। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि यह राशि सहारा समूह की सहकारी समितियों की ओर से ठगी के शिकार जमाकर्ताओं को लौटायी जाएगी। यह प्रक्रिया शीर्ष अदालत के पूर्व जज आर सुभाष रेड्डी की निगरानी में पूरी की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से अगस्त 2012 में सहारा समूह की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन और सहारा हाउसिंग इंडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड को निवेशकों का पैसा लौटाने का निर्देश देने के बाद सेबी सहारा-सहारा सेबी एसक्रो अकाउंट खोले गए थे जिसमें सहारा समूह की ओर से पैसे जमा करवाए गए थे।

# शेयर ब्रोकर की धोखाधड़ी पर लगाम लगाने को नियम बनाएगा सेबी

## सेबी प्रमुख ने कहा-नियामक आडाणी प्रकरण पर टिप्पणी नहीं करेगा

**नई दिल्ली/मुंबई।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बाजार व्यवस्था एवं कंपनी संचालन को और बेहतर बनाने के लिए कई प्रस्तावों को मंजूदी दी है। सेबी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है, उनमें लोगों के सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशक मंडल में स्थायी रूप से बने रहने की परंपरा को समाप्त करने तथा शेयर ब्रोकरों की धोखाधड़ी पर लगाम लगाने को लेकर नियम शामिल हैं।

बाजार नियामक सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने यह जानकारी दी। बुच ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि सेबी निदेशक मंडल की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। मीडिया को संबोधित करते हुए बुच ने कहा कि नियामक अडाणी हिंडनबर्ग प्रकरण पर टिप्पणी नहीं करेगा।



उन्होंने कहा कि हम कोर्ट में विचाराधीन मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। सेबी चेयरपर्सन ने बताया कि बाजार नियामक ने निजी इक्विटी कोष को म्यूचुअल फंड का प्रायोजक बनने की नियामकीय रूपरेखा को भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि सेबी के इस कदम से म्यूचुअल फंड को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सेबी ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए पर्यावरण, सामाजिक और संचालन (ईएसजी) के बारे में खुलासों को लेकर नियामकीय व्यवस्था को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही बाजार नियामक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तरह शेयर खरीद-बिक्री बाजार के लिए कोष को 'ब्लॉक' करने की सुविधा की शुरुआत करेगा। इस पहल का उद्देश्य निवेशकों के पैसे को शेयर ब्रोकरों के दुरुपयोग से सुरक्षित रखना है। उल्लेखनीय है कि बाजार नियामक ने आज जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है, उनमें सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशक मंडल में स्थायी निदेशक के पद पर लोगों के बने रहने की परंपरा को समाप्त करने और शेयर ब्रोकरों की ओर से होने वाली धोखाधड़ी रोकने के लिए रूपरेखा तैयार करने के प्रस्ताव मुख्य रूप से शामिल है।

# कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल का भाव




106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.31 डॉलर यानी 0.40 फीसदी लुढ़क कर 77.97 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वही, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.22 डॉलर यानी 0.30 फीसदी की गिरावट के साथ 72.75 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा रहा है। पेट्रोल और डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद घरेलू बाजार में इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है।

# सामान्य यूपीआई लेन-देन पर कोई चार्ज नहीं लगेगा : एनपीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यह साफ किया है कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए सामान्य लेन-देन करने वाले ग्राहकों को एक अप्रैल से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा। एनपीसीआई ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

एनपीसीआई ने ट्वीट कर कहा है कि यूपीआई के जरिए सामान्य भुगतान आगे भी फ्री और आसान बना रहेगा। मीडिया में इस आशय का समाचार आने पर कि एक अप्रैल से 2 हजार रुपये से ज्यादा के यूपीआई भुगतान पर चार्ज लगेगा, इससे लोगों में पैनिक हो गया। इस भ्रम को दूर करते हुए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने उपरोक्त स्पष्टीकरण जारी किया है। यूपीआई के जरिए एक बैंक खाते से दूसरे खाते में लेन-देन की कुल हिस्सेदारी 99 फीसदी से ज्यादा है। भुगतान निगम के मुताबिक एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खाता आधारित सामान्य यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। बयान में कहा गया है कि दुकानदार (विक्रेता) के 'पूर्व भुगतान साधन (पीपीआई)' के जरिए लेन-देन करने पर इंटरचेंज शुल्क लगेगा।




हालांकि, यह शुल्क ग्राहकों को नहीं देना होगा। दरअसल, एनपीसीआई ने पीपीआई वॉलेट को अंतर-संचालित (इंटरचेंज) यूपीआई परिवेश का हिस्सा बनाने की मंजूरी दी है। पीपीआई के जरिये 2 हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 1.1 फीसदी का शुल्क लगाया है। इसमें बताया गया है कि इंटरचेंज शुल्क सिर्फ पीपीआई मर्चेंट लेन-देन पर ही लगेगा, ग्राहकों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। बैंक खाते से बैंक खाते में लेन-देन ग्राहकों और विक्रेताओं दोनों के लिए निश्शुल्क होगा। उल्लेखनीय है कि यूपीआई के जरिए हर महीने करीब 8 अरब ट्रांजेक्शन होता है। इसका फायदा खुदरा ग्राहकों को मिल रहा है। यह सुविधा आगे भी मुफ्त बनी रहेगी और खाते से खाते में लेन-देन पर किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसका मतलब हुआ कि फोनपे, पेटीएम, गूगलपे से यूपीआई भुगतान पहले की ही तरह मुफ्त बना रहेगा।

# सर्राफा बाजार: लौटी मामूली तेजी, सोना 59 हजार के पार

**नई दिल्ली।** चैत की अष्टमी का दिन भारतीय सर्राफा बाजार के लिए अच्छी खबर लेकर आया। आज बाजार में आई तेजी की वजह सोना एक बार फिर 59 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। आज के कारोबार में सोना ने 140 रुपये से अधिक की छलांग लगाई। इसी तरह चांदी भी आज के कारोबार में 120 रुपये प्रति किलोग्राम तक चढ़ गया। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी सोना का अंतिम बंद भाव 58,965 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु में प्रति 10 ग्राम 141 रुपये की तेजी दर्ज की गई। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 141 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 82 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दिखाई। दूसरी ओर चांदी भी आज के कारोबार में 120 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गया। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक घरेलू सर्राफा बाजार में आज कारोबारी सोना यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 141 रुपये की तेजी के साथ चढ़ कर 59,106 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत भी 140 रुपये की मजबूती के साथ 58,869 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जबकि जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 129 रुपये प्रति 10 ग्राम की उछाल दर्ज की गई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 54,141 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 106 रुपये चढ़ कर 44,330 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 82 रुपये महंगा होकर 34,577 रुपये प्रति 10 ग्राम



(अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सोने की तरह आज चांदी की कीमत में भी मामूली तेजी का रुख नजर आया। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 120 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई। आज की बढ़त के कारण इस चमकीली धातु की कीमत पिछले कारोबारी दिन यानी आखिरी बंद भाव 69,500 रुपये प्रति किलोग्राम से उछल कर 69,620 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई।

# वित्त मंत्री बोलीं- 8.8 लाख करोड़ उधार ले सकती है सरकार; सीईए ने अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर कही यह बात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने वित्त वर्ष 2024 में आठ लाख करोड़ से ज्यादा उधार लेने की योजना बनाई है। आधिकारिक बयान के अनुसार, एक अप्रैल 2023 से शुरू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल 15.43 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित बाजार उधारी में से 8.88 लाख करोड़ रुपये यानी 57.5 प्रतिशत पहली छमाही में जुटाने की योजना है। उधारी कार्यक्रम 26 साप्ताहिक किस्तों में पूरा करने की योजना है। इसके तहत 31,000 से 39,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। उधारी तीन, पांच, सात, 10, 14, 30 और 40 साल की प्रतिभूतियों के जरिए जुटाई जाएगी। वहीं, मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि वित्तीय और निवेश चक्र में बदलाव के कारण आने वाले



दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने की संभावना है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया जिस तरह की अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, उसके कारण आने वाले समय में वैश्विक निर्यात वृद्धि दर कुछ सुस्त रह सकती है। नागेश्वरन ने कहा, मुझे लगता है कि वाणिज्यिक क्षेत्र और रियल एस्टेट क्षेत्र में वित्तीय, ऋण और निवेश चक्र की बहाली से आने वाले दशक में हम औसतन साढ़े छह प्रतिशत की दर से बढ़ेंगे। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ने अक्तूबर-दिसंबर में सालाना आधार पर 4.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जो एक साल पहले 11.2 फीसदी थी। पिछली तिमाही में 6.3 फीसदी थी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक सर्वेक्षण में अप्रैल 6 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी से घटाकर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है।

# आईपीओ की तरह सूचीबद्ध शेयरों में यूपीआई के जरिये पैसे ब्लॉक करने की मिलेगी सुविधा, सेबी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** निवेशक जिस तरह आईपीओ में पैसा लगाने के लिए अस्बा का विकल्प चुनते हैं, उसी तरह का नियम अब सेकंडरी बाजार में भी लागू हो गया है। सेबी ने बुधवार को बोर्ड की बैठक में इसे मंजूरी दे दी। अब निवेशक किसी शेयर को खरीदने के लिए पहले से ही पैसे ब्लॉक कर सकते हैं। नई सुविधा के साथ ग्राहक बचत खाते में अपने ब्लॉक राशि पर तब तक ब्याज प्राप्त कर सकेंगे, जब तक राशि निकल नहीं जाती। हालांकि, सुविधा वैकल्पिक होगी। दरअसल, अभी तक आईपीओ खरीदना चाहते हैं तो अपने खाते में उस पैसे को ब्लॉक करने के लिए एप्लीकेशन सपोर्टेड बाई ब्लॉक्ड अमाउंट (अस्बा) के तहत आवेदन करना होता है। यही व्यवस्था सेकंडरी यानी जो शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं, उस पर भी लागू होगी। प्रस्तावित ढांचे के तहत, स्टॉक ब्रोकरों को सीधे यूपीआई ग्राहकों के साथ ब्रोकरेज के निपटान की अनुमति होगी या ग्राहकों के यूपीआई ब्लॉक से ब्रोकरेज दर को लेने के लिए क्लियरिंग कॉरपोरेशन की सुविधा का विकल्प चुनना होगा। ढांचा चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

**अदाणी पर कोई जवाब नहीं**- सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने मामला अदालत में होने की वजह से अदाणी व हिंडनबर्ग पर जवाब देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा, अगर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देखें तो उन्होंने हमें




अपडेट देने को कहा है। हम आदेश का पालन कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत में सिलिकॉन वैली बैंक जैसे हालात नहीं हैं।

**निवेशकों के लिएऑनलाइन विवाद समाधान**

प्रतिभूति बाजार में निवेशक शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के प्रयास में सेबी ने पंजीकृत मध्यस्थों व विनियमित संस्थाओं में निवेशकों के लिए ऑनलाइन विवाद समाधान तंत्र को चालू करने का निर्णय लिया है। यह कदम प्रतिभूति बाजार में निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने व तकनीकी के बढ़ते उपयोग के कारण लाया गया है।

**डेट मार्केट डेवलपमेंट फंड बनेगा**

निवेश ग्रेड कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियां खरीदने के लिए बैकस्टॉप सुविधा के तहत वैकल्पिक निवेश कोष के रूप में 3,000 करोड़ का कॉरपोरेट डेट मार्केट डेवलपमेंट फंड (सीडीएमडीएफ) बनेगा। नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट कंपनी से मिली गारंटी पर सीडीएमडीएफ कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियां खरीदने के लिए धन जुटा सकती है।

कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार में निवेशकों का विश्वास जगाने में मदद मिलेगी। सेकंडरी बाजार में तरलता भी बढ़ेगी। अव्यवस्था के दौरान प्रतिभूतियों को बेचने के लिए फंड तक पहुंच म्यूचुअल फंड स्तर पर फंड में किए गए योगदान के अनुपात में विशिष्ट म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए होगी।

**म्यूचुअल फंड**

नियामक ने म्यूचुअल फंडों के प्रायोजक बनने के लिए निजी इक्विटी या इसके मैनेजरों के संशोधनों को मंजूरी दे दी है। इनके पास धन प्रबंधन और वित्तीय क्षेत्र में निवेश करने का कम से कम पांच साल अनुभव होना चाहिए। आवेदन के समय कम से कम 50 अरब रुपये की प्रतिबद्ध प्रबंधन होना चाहिए। इसके अलावा, सेबी म्यूचुअल फंड स्कीमों के विदेश में निवेश पर नया नियम लाया है। इसने कहा,समय के अंतर के कारण अब नेट असेट वैल्यू को एक तय समय के भीतर जारी करना होगा।

म्यूचुअल फंड कंपनियों की संख्या बढ़ेगी। निवेशकों को और विकल्प मिलेंगे। ज्यादा लोगों तक पहुंच होगी। नियामक ने कहा कि विशेष अधिकारों की निरंतरता के मुद्दे को हल करने के लिए सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरधारक को दिए गए किसी विशेष अधिकार के लिए समय-समय पर शेयरधारकों की मंजूरी की आवश्यकता होगी। किसी सूचीबद्ध कंपनी के बोर्ड में स्थायी बोर्ड सीटों की परंपरा को दूर करने के लिए किसी भी निदेशक के लिए समय-समय पर शेयरधारकों की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

# अमेरिकी कोर्ट का बड़ा फैसला, एच-1बी वीजा धारकों के जीवनसाथी अमेरिका में कर सकते हैं नौकरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में काम करने वाले विदेशी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। अमेरिका कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अगर किसी के पास एच-1बी वीजा है तो उसके जीवनसाथी को देश में काम करने की अनुमति है। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज तान्या चुटकन ने सेव जॉब्स यूएसए द्वारा दायर एक मुकदमे को खारिज कर दिया। दायर याचिका में एच-1बी वीजा धारकों की कुछ श्रेणियों के जीवनसाथी को रोजगार प्राधिकरण कार्ड देने वाले ओबामा कार्यकाल के नियमों को खारिज करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

इस याचिका का Amazon, Apple, Google और Microsoft जैसी टेक कंपनियों ने विरोध किया था। अमेरिका ने अब तक लगभग 1,00,000 एच-1बी कर्मचारियों के जीवनसाथियों को काम के अधिकार जारी किए हैं, जिनमें काफी बड़ी संख्या में भारतीय हैं। अपने आदेश में जस्टिस चुटकन ने कहा कि सेव जॉब्स यूएसए का प्राथमिक तर्क यह है कि कांग्रेस ने डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी अथॉरिटी को एच-4 वीजा धारकों जैसे विदेशी नागरिकों को अमेरिका में रहने के दौरान काम करने की अनुमति नहीं दी है। लेकिन वह विवाद आप्रवासन और राष्ट्रीयता अधिनियम, कार्यकारी-शाखा अभ्यास के दशकों और उस




अभ्यास के स्पष्ट और निहित कांग्रेस अनुसमर्थन दोनों के पाठ में लंबे समय तक चलता है।

न्यायाधीश ने अपने आदेश में साफ किया कि कांग्रेस ने स्पष्ट रूप से और जानबूझकर अमेरिकी सरकार को अधिकार दिया है कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका में H4 पति या पत्नी के ठहरने की अनुमेय शर्त के रूप में रोजगार को अधिकृत करे। उन्होंने कहा कि तथ्य यह है कि संघीय सरकार के पास समान वीजा वर्गों के लिए रोजगार को अधिकृत करने के लिए लंबे समय से और खुली जिम्मेदारी है। कांग्रेस ने उस अधिकार का प्रयोग करने की मंजूरी दी है। होमलैंड सुरक्षा विभाग और उसके पूर्ववर्तियों ने न केवल छात्रों के लिए, बल्कि उनके जीवनसाथी और आश्रितों के लिए भी रोजगार को अधिकृत किया है।

**फैसले की हुई सराहना**

अप्रवासी के अधिवक्ता और प्रमुख समुदाय के नेता अजय भुटोरिया ने कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, HvB वीजा कार्यक्रम को कुशल विदेशी कर्मचारियों को संयुक्त राज्य अमेरिका आने और अमेरिकी कंपनियों के लिए काम करने की अनुमति देने के लिए डिजाइन किया गया है। हालांकि, अभी तक एच-1बी पति-पत्नी को काम करने की अनुमति नहीं थी, जो अक्सर परिवारों पर एक महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ डालता था।

**एच-1बी और एल-1 वीजा में बदलाव के लिए अमेरिकी सीनेट में विधेयक**

प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने एच-1बी और एल-1 वीजा कार्यक्रमों में व्यापक बदलाव लाने और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए अमेरिकी सीनेट में द्विदलीय विधेयक पेश किया है।

एच-1बी वीजा एक ऐसा वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता वाले विशेष व्यवसायों में विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस पर निर्भर करती हैं।

वहीं एल -1 एक अन्य प्रकार का कार्य वीजा है जिसे अमेरिका में काम करने के इच्छुक पेशेवरों को जारी किया जाता है। एच -1 बी वीजा में जहां एक व्यक्ति अमेरिकी कंपनी से जुड़ता है वहीं, दूसरी ओर एल-1 वीजा उन लोगों को जारी किया जाता है जो पहले से ही किसी अन्य देश में कंपनी की ओर से कार्यरत हैं, और अमेरिका स्थित कार्यालय में स्थानांतरित हो रहे हैं।

## म्यांमार सेना के 40 राजनीतिक दलों को खत्म करने के फैसले की अमेरिका ने कड़ी निंदा की

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने म्यांमार सेना के उस फैसले की कड़ी निंदा की है, जिसमें आंग सान सू की की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) सहित 40 राजनीतिक दलों को खत्म कर दिया गया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि म्यांमार में सभी हितधारकों की भागीदारी के बिना चुनाव को स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं माना जाएगा। उन्होंने आंग सान सू की अगुवाई वाली पार्टी एनएलडी सहित 40 राजनीतिक दलों को खत्म किए जाने के म्यांमार सेना के फैसले से संबंधित सवाल के जवाब में यह बात कही। म्यांमार सेना ने जल्द ही चुनाव का वायदा करते हुए नए सख्त चुनावी कानून के तहत राजनीतिक दलों को पंजीकरण के लिए दो माह का समय दिया था। म्यांमार की मौजूदा 90 पार्टियों में से 50 ने नए नियमों के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन किया था लेकिन आंग सांग सू की की एनएलडी सहित 40 राजनीतिक दल सत्तारूढ़ सेना की पंजीकरण समय सीमा को पूरा करने में असमर्थ रहे।

## 26/11 मुंबई हमला: आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण अटका, बचाव के लिए दायर हुई याचिका

**काठमांडू।** मुंबई हमले के आरोपी कनाडाई बिजनेसमेन तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण अटक गया है। ऐसे में आरोपी ने इस मामले में अमेरिका की अदालत में वर्तमान स्थिति पर चर्चा के लिए याचिका दायर की है। बता दें कि तहव्वुर राणा 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले में आरोपी है और अमेरिका की जेल में बंद है। तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का मामला बीते 20 महीनों से अमेरिकी की अदालत में अटका हुआ है लेकिन अदालत उस पर सुनवाई नहीं कर रही है।

**बीते दो साल से नहीं हो रही सुनवाई**

भारत सरकार ने तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की अपील की थी और अमेरिकी सरकार को उसके मुंबई हमले में शामिल होने के सबूत भी सौंपे थे। इसके बाद अमेरिका की सरकार ने लॉस एंजेलेस की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से अपील की थी कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित कर दिया जाए। हालांकि डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैक्लीन चूलजियान ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण मामले पर आखिरी सुनवाई जून 2021 में की थी और इस मामले से संबंधित दस्तावेज जुलाई 2021 में भरे गए थे।

उसके बाद से तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण अटका हुआ है। अब जेल में बंद तहव्वुर राणा के वकील ने इस मामले में वर्तमान स्थिति पर चर्चा के लिए याचिका दायर की है। इस मामले में वर्तमान स्थिति पर चर्चा आगामी 25 अप्रैल को हो सकती है।

**मुंबई हमले की साजिश में शामिल था राणा**

तहव्वुर राणा मुंबई आतंकी हमले के आरोपी डेविड कोलमैन हेडली का बचपन का दोस्त है और उसे बीते साल जून में लॉस एंजेलेस में गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि तहव्वुर राणा भी मुंबई हमले की साजिश में शामिल था और वह डेविड कोलमैन हेडली के इरादों के बारे में भी जानता था। तहव्वुर राणा ने हेडली की मदद भी की थी और दोनों के बीच कई मुलाकात भी हुई थी। राणा जानता था कि हेडली आतंकी हमले की योजना बना रहा है। बता दें कि साल 2008 में हुए मुंबई हमले में कुल 166 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें छह अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे।

## भारतीय मूल के अजय बंगा के खिलाफ किसी ने नहीं की दावेदारी, विश्व बैंक का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अजय बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। नामांकन समाप्त हो गए। किसी भी अन्य देश ने सार्वजनिक रूप से वैकल्पिक उम्मीदवार का प्रस्ताव नहीं दिया है। मतलब बंगा के खिलाफ कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं है। मास्टरकार्ड इंक के पूर्व सीईओ को राष्ट्रपति जो बाइडेन का पिछले महीने समर्थन मिला था, जब वर्तमान अध्यक्ष डेविड मलपास ने लगभग एक साल पहले पद छोड़ने की योजना की घोषणा की थी। भारत ने विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है।

**मलपास का भी निर्विरोध चुनाव हुआ था**

**ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक,** 2019 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मलपास को नामित किया था। मलपास का चुनाव भी निर्विरोध ही हुआ था। इस पद पर हमेशा से अमेरिकी उम्मीदवार का ही चयन होता रहा है। अमेरिका के अलावा किसी भी देश ने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। विश्व बैंक के नियम सदस्य देशों को एक समयावधि के दौरान नामांकन करने की अनुमति देते हैं, जो बुधवार दोपहर को खत्म हो चुका है। ऐसे में अजय बंगा के सामने कोई खड़ा नजर नहीं आ रहा है। फरवरी के अंत में नामांकन शुरू हुआ था।

# अमेरिका में ताइवान की राष्ट्रपति का जोरदार स्वागत, नाराज चीन ने दी चेतावनी

**बीजिंग।** अमेरिका की दस दिनों की यात्रा पर पहुंचीं ताइवान की राष्ट्रपति त्साइ इंग-वेन का जोरदार स्वागत हुआ है। इस यात्रा से नाराज चीन ने ताइवान की राष्ट्रपति को अमेरिकी हाउस स्पीकर से न मिलने की चेतावनी दी है।

अमेरिका से रिश्तों को लेकर चीन से लगातार बढ़ते विवाद के बीच ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने दस दिनों की अमेरिकी यात्रा शुरू की है। अमेरिका पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत त्साई इंग-वेन ने कई तस्वीरें ट्वीट कर लिखा कि वे अमेरिका में अपने स्वागत से प्रफुल्लित हैं। ताइवानी अमेरिकियों ने अमेरिका और ताइवान के झंडों के साथ उनकी अगवानी की। वे गाड़ी से उतरकर उनसे मिलने भी



गयीं। रास्ते पर स्वागत के लिए खड़े लोगों का उन्होंने अभिवादन किया। साथ ही उन्होंने ताइवान के संबंध में लोगों से उनकी राय भी मांगी है। उन्होंने कहा कि ताइवान को दुनिया से जुड़ने का पूरा अधिकार है। चीनी दबाव हमारे दृढ़ संकल्प को अंतरराष्ट्रीय समाज की ओर बढ़ने से नहीं रोक पाएगा। ताइवानी शांत, आत्मविश्वासी, समझौता न करने वाले और बिना उकसावे वाले हैं।

ताइवान की राष्ट्रपति की अमेरिका यात्रा चीन को अच्छी नहीं लग रही है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ताइवान की स्वतंत्रता की अलगाववादी ताकतों का समर्थन करने के लिए सांठगांठ करता रहता है। अमेरिका से ऐसे खतरनाक कृत्यों को रोकने के लिए कहा है, जो चीन-अमेरिका के संबंधों की राजनीतिक नींव को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि अगर ताइवान की राष्ट्रपति अमेरिकी हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी से मिलती हैं, तो वह पूरी तरह से हमला करेगा, क्योंकि बीजिंग अपनी संप्रभुता के उल्लंघन पर चुप नहीं बैठेगा।

अमेरिका ने चीन से ताइवान के खिलाफ आक्रामक गतिविधि बढ़ाने के बहाने ताइवान के राष्ट्रपति द्वारा अमेरिका की यात्रा का उपयोग नहीं करने को कहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन का अमेरिका पहुंचना एक नियमित यात्रा है। चीन को ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास किसी भी गतिविधि को बढ़ाने के बहाने के रूप में इस यात्रा का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी चीजों के तनावपूर्ण होने से अवगत है किन्तु चीन को बातचीत का रास्ता खुला रखना चाहिए।

# नेपाल में सरिसवा नदी के प्रदूषण को लेकर वीरगंज के पांच औद्योगिक इकाई पर 15 लाख जुर्माना

**मोतिहारी।** नेपाल के वीरगंज महानगर पालिका ने सरिसवा नदी में कूड़ा कचरा और रसायन गिरा कर प्रदूषित करने के आरोप में पांच फैक्ट्रियों पर 15 लाख रुपये जुर्माना किया है। महानगर पालिका के प्रमुख प्रशासकीय अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद पौडेल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई मेयर राजेश मान सिंह के निर्देश पर बनी सरिसवा नदी प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष उप मेयर इम्तियाज अली के नेतृत्व में गठित टीम के अनुशंसा पर की गई है। उन्होंने बताया कि टीम ने वीरगंज औधोगिक कारिडोर में महानगरपालिका-वार्ड 21में अवस्थित ग्लोबल लेदर उद्योग प्राइवेट लि. अर्निका प्रोसेसिग उद्योग प्रा. लि., श्रीसिधी



टेक्सटाईल्स प्रा. लि., मोरियम लेदर उद्योग प्रा.लि. और वार्ड नम्बर 32 में अवस्थित दुर्गा पुल्प एण्ड पेपर प्रा.लि.पर जुर्माना किया है। सभी औद्योगिक इकाई पर तीन तीन लाख रुपये यानी कुल 15 लाख का जुर्माना किया गया है। साथ ही उन्हें सात दिन के भीतर जुर्माना का भुगतान करने को कहा गया, नहीं तो कानूनी कर्रवाई की जायेगी।उन्होंने कहा कि नेपाल के बारा जिला के सिमरा के राम वन से निकलर वीरगंज व भारतीय शहर रक्सौल होते हुए सिकरहना नदी में विलीन होने वाली सरिसवा नदी में प्रदूषण फैलाने को लेकर वीरगंज औद्योगिक कॉरीडोर के करीब पांच दर्जन फैक्ट्री चिन्हित किए गए हैं। जो फैक्ट्री के उत्सर्जित जल को बिना शोधन किये सरिसवा नदी में सीधे कचरा और केमिकल आदि को प्रवाहित कर रहे हैं।जिन्हे नोटिस भेजा गया।अगर इन फैक्ट्री के रवैया में बदलाव नही होता है,तो उन पर भी जल्द ही कानूनी कार्रवाई होगी।

## राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश कोर्ट जाएंगे ललित मोदी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भगोड़े ललित मोदी पर हमलावर रहे हैं। अब ललित मोदी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश कोर्ट में जाएंगे। ललित मोदी ने ट्वीट कर कहा है कि वह दोषी करार नहीं दिए गए हैं और देश के सामान्य नागरिक हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी को मोदी सरनेम पर टिप्पणी मामले में सूरत कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के बाद संसद की सदस्यता गंवानी पड़ी। जिसके बाद ललित मोदी ने कांग्रेस नेताओं द्वारा उन्हें भगोड़ा बोले जाने पर सवाल उठाते हुए कहा है कि आखिरकार



वह कब दोषी करार दिए गए? इसलिए उन्होंने कम-से-कम राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश कोर्ट जाने का फैसला किया है। ललित मोदी ने राहुल गांधी को ठोस सबूतों के साथ आने को कहा है।

# पाकिस्तान : पंजाब के चुनाव टले, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मतदान आठ अक्टूबर को

**इस्लामाबाद।** जल्दी चुनाव कराने के लिए पाकिस्तान के पंजाब व खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में अपनी सरकारें गिराकर विधानसभा भंग कराने वाले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान चुनाव आयोग ने एक और झटका दिया है। आयोग पंजाब के चुनाव फिलहाल टालते हुए खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आठ अक्टूबर को मतदान कराने का एलान किया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिराए जाने के बाद उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सत्ता वाली पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय विधानसभाओं को भी भंग कर नए चुनाव की मांग की गयी थी। इस पर पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने नियमों के तहत पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्यों में जल्द प्रांतीय चुनाव कराने का आदेश दिया था। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 30 अप्रैल तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। हालांकि सुरक्षा कारणों के चलते पाकिस्तान चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों को कुछ समय के लिए टालने का फैसला किया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ



पार्टी की लगातार मांग के बावजूद पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पंजाब के चुनाव फिलहाल टाल दिये हैं। चुनाव आयोग ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चुनाव की तारीख का एलान कर दिया। एलान के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा के प्रांतीय चुनाव के लिए 8 अक्तूबर को वोट डाले जाएंगे। इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है। इससे पहले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के गवर्नर ने 28 मई को चुनाव होने की बात कही थी। हालांकि सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए गवर्नर ने चुनाव आयोग से अपील की थी कि राज्य में 8 अक्तूबर तक चुनाव ना कराए जाएं। चुनाव आयोग के इस फैसले को इमरान खान की पार्टी के लिए झटका माना जा रहा है जो पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में जल्द चुनाव कराने की मांग कर रही है। इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने चुनाव टाले जाने पर नाखुशी जाहिर की है। पंजाब के चुनाव टालने के फैसले के खिलाफ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने सर्वोच्च न्यायालय की शरण में जाने का फैसला किया है।

# अमेरिका में वीजा सुधार की पहल, संसद में पेश किया गया द्विदलीय कानून

**वाशिंगटन।** अमेरिका में विदेशों से आने वाले कामगारों की मदद के लिए वीजा सुधार की पहल हुई है। प्रभावशाली अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने संसद के उच्च सदन (सीनेट) में एच-1बी और एल-1 वीजा कार्यक्रमों में व्यापक बदलाव लाने और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता लाने संबंधी एक द्विदलीय कानून पेश किया है। यदि यह कानून पास होता है तो अमेरिका पहुंचने वाले विदेशी कामगारों का शोषण रोकने के साथ उनसे दुर्व्यवहार में भी कमी आएगी।

दो प्रभावशाली अमेरिकी सांसदों डिक डर्बिन और चक ग्रासली द्वारा अमेरिकी संसद में पेश कानून को सांसद टॉमी ट्यूबरविल, बर्नी सैंडर्स, शेरोड ब्राउन और रिचर्ड ब्लूमेंथल ने इसे समर्थन दिया है। अमेरिकी कंपनियां हर साल एच-1बी, एल-1 वीजा पर हजारों विदेशी कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिका संसद में लाए गए एच-1बी, एल-1 वीजा सुधार अधिनियम से आव्रजन प्रणाली में




धोखाधड़ी और दुरुपयोग कम होगा, अमेरिकी श्रमिकों और वीजा धारकों को सुरक्षा मिलेगी और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता होगी।

इस संबंध में जानकारी दी गयी कि प्रस्तावित कानून में एल-1 और एच-1बी वीजा पर आए कर्मचारियों को काम पर रखने, नए वेतन, भर्ती एवं सत्यापन जरूरतों के बारे में बताने तथा एच-1बी वीजाधारकों की नियुक्ति के इच्छुक नियोक्ताओं को इन नौकरियों के बारे में जानकारी श्रम मंत्रालय की वेबसाइट पर देने का प्रस्ताव दिया गया है। कानून में एल-1 कार्यक्रम में सुधार और विदेशी सहयोगियों को सत्यापित करने में विदेश मंत्रालय से सहयोग को अनिवार्य करना भी प्रस्तावित है।

# कोलंबिया: सैन्य अड्डा पर विद्रोही समूह ईएलएन का हमला, नौ सैनिकों की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में विद्रोही समूह नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) ने सैन्य अड्डे पर हमला कर दिया। हमले में नौ सैनिकों की मौत हो गयी। कोलंबिया में नेशनल लिबरेशन आर्मी यानी ईएलएन गुरिल्लाओं के रूप में चर्चित विद्रोही समूह है। पूर्वोत्तर कोलंबिया के नॉर्टे डी सैंटेंडर प्रांत के कैटेटुम्बो क्षेत्र में एल कारमेन नगर पालिका के ग्रामीण हिस्से में स्थित एक सैन्य अड्डे पर नेशनल लिबरेशन आर्मी के दस्ते ने तड़के तीन बजे के आसपास धावा बोला।

कोलंबियाई सेना की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हमले में नौ सैनिकों की मौत हो गयी और कई सैनिक जख्मी हैं। जख्मी सैनिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलंबिया की राष्ट्रीय सेना के




कमांडर जनरल लुइस मौरिसियो ओस्पिना ने स्थिति का निरीक्षण करने के लिए नॉर्टे डी सैंटेंडर प्रांत का दौरा किया। कोलंबिया के प्रांत नॉर्टे डी सेंटेंडर के गवर्नर सिल्वानो सेरानो ने कहा कि मारे गए सैनिकों को क्षेत्र में तेल के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए नॉर्टे डी सेंटेंडर में तैनात किया गया था। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैनिकों पर गुरिल्ला हमले की निंदा की। गुस्तावो पेट्रो ने ट्वीट कर कहा कि नेशनल लिबरेशन आर्मी शांति और लोगों से पूरी तरह से अलग हो गया है। गुस्तावो पेट्रो का प्रशासन गुरिल्ला समूह के साथ संघर्ष विराम पर बातचीत कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में, कोलंबिया सरकार के वार्ताकारों और नेशनल लिबरेशन आर्मी ने एक संशोधित शांति वार्ता एजेंडा पेश किया। संशोधित एजेंडे में शीघ्र युद्धविराम की संभावना शामिल है। समझौते का प्रस्तावित प्रारूप 2017 में गुरिल्लाओं और कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति जुआन मैनुअल सैंटोस के बीच शुरू में सहमत हुए शांति वार्ता एजेंडे का एक संशोधित संस्करण है।

# लंबे विरोध के बाद इस्राइल में रुका न्यायिक सुधार, क्या वैश्विक दबाव से झुके नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** लगातार जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपने 'न्यायिक सुधार कानून' को फिलहाल वापस ले लिया है। कानून को 'अस्थायी रूप से' वापस लेते हुए नेतन्याहू ने कहा कि अपने विरोधियों को 'संवाद का वास्तविक मौका' दे रहे हैं। देश में सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों को नियंत्रित करने वाले कानून के खिलाफ लगभग तीन महीने से इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। मार्च के शुरुआत में देश की सेना के भीतर भी विरोध देखने को मिला था।

**इस्राइल में 'न्यायिक सुधार कानून' पर क्या हो रहा है?**

विवादास्पद न्यायिक कानून सुधारों को लेकर लोगों की नाराजगी झेल रहे इस्राइल के



प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को घोषणा करते हुए कानूनों को अस्थायी रूप से रोक दिया। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल ओत्जमा येहुदित ने बताया है कि इन कानूनों को टालने को लेकर पीएम नेतन्याहू ने अपनी सहमति दे दी है।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वास्तविक अवसर देने के लिए संसद अवकाश के बाद तक विवादास्पद कानून पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का आदेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि जब बातचीत के माध्यम से गृहयुद्ध से बचने का विकल्प होता है, तो मैं बातचीत के लिए समय निकाल लेता हूं... यह राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

**क्या वैश्विक दबाव के चलते रुका कानून?**

इस्राइली राष्ट्रपति आइसेक हरजोग ने सोमवार को प्रधानमंत्री से बात की थी। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को समझाते हुए कहा था कि आज विश्व की नजरें हम पर ही हैं। देश की एकता की जिम्मेदारी के लिए मैं आपसे न्यायिक प्रक्रिया पर रोक लगाने का आग्रह करता हूं। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने भी नेतन्याहू से बात की। उनका कहना है कि मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि न्यायिक प्रणाली में किए जा रहे बदलाव को रोक दें। साथ ही बर्खास्त रक्षामंत्री को भी बहाल करें।

इस्राइल के सबसे बड़े श्रमिक संघ ने हड़ताल का आह्वान किया।

**न्यायिक सुधार क्या हैं जिनका विरोध हो रहा है?**

इस्राइल के न्याय मंत्री यारिव लेविन ने इसी साल जनवरी के पहले सप्ताह न्यायिक प्रणाली में संशोधन का प्रस्ताव पेश किया था। न्यायिक प्रणाली में संशोधन के जरिए सरकार एक समीक्षा समिति के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के नामांकित व्यक्तियों में सुधार करने और संसद को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को अस्वीकार करने का अधिकार देने का प्रयास कर रही है। नेतन्याहू सरकार द्वारा प्रस्तावित नए कानून के तहत 120 सीटों वाली इस्राइली संसद में 61 सांसदों के साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रद्द किया जा सकेगा। प्रस्तावित सुधार उस प्रणाली को भी बदल देगा जिसके माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाती है। इससे न्यायपालिका में राजनेताओं को अधिक नियंत्रण मिलेगा। 'न्यायिक सुधार' कानून की योजना न्याय मंत्री यारिव लेविन ने बीते चार जनवरी को पेश की थी। विपक्ष ने इसे सुप्रीम कोर्ट का गला घोंटने की कोशिश बताया। इस्राइल में लिखित संविधान नहीं है, इसलिए वहां शासन तंत्र में संतुलन बनाए रखने में सुप्रीम कोर्ट की महत्त्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

# पाकिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ का दावा- जनरल राहील शरीफ ने भी मांगा था सेवा विस्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (रिटायर्ड) कमर जावेद बाजवा ने दावा किया है कि उनसे पहले आर्मी चीफ जनरल राहिल शरीफ ने भी तत्कालीन नवाज शरीफ सरकार से सेवा विस्तार मांगा था। जनरल (रिटायर्ड) कमर जावेद बाजवा ने बताया कि राहील शरीफ ने सेवा विस्तार के लिए एक राजनीतिक विवाद का फायदा उठाने की कोशिश की थी। कमर जावेद बाजवा का यह दावा इसलिए अहम है क्योंकि वह अक्सर अपने सेवा विस्तार के लिए आलोचकों के निशाने पर रहते हैं। खासकर पीटीआई चीफ इमरान खान उन पर खासे हमलावर हैं। पाकिस्तान के मीडिया के साथ बातचीत में पूर्व सेनाध्यक्ष कमर जावेद बाजवा ने बताया कि जब राहील शरीफ का कार्यकाल बतौर सेना प्रमुख खत्म होने वाला था तो उसी दौरान डॉन न्यूजपेपर ने एक खुलासा किया था, जिसे डॉन लीक्स के नाम से जाना जाता है। उस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सेना के प्रमुख अधिकारियों के साथ एक बैठक में तत्कालीन पाकिस्तान सरकार ने सैन्य अधिकारियों से कहा था कि आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी वरना पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ जाएगा।

इस रिपोर्ट को लेकर काफी हंगामा हुआ था और सेना में इस बात को लेकर नाराजगी थी कि इस रिपोर्ट के लीक होने से सेना और आतंकी संगठनों के गठजोड़ का संदेश गया है। बाजवा ने बताया कि जब तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने उनकी मुलाकात होती थी तो वह बताते थे कि राहील शरीफ सेवा विस्तार चाहते हैं। बता दें कि राहील शरीफ साल 2013 से लेकर 2016 तक पाकिस्तान सेना के प्रमुख रहे लेकिन उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिला था। राहिल शरीफ के बाद ही कमर जावेद बाजवा पाकिस्तान सेना के प्रमुख बने।

## महिला ओलंपिक क्वालीफायर राउंड 1 के लिए 23 सदस्यीय भारतीय महिला फुटबॉल टीम घोषित

**नई दिल्ली।** सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच थॉमस डेननरबी ने 4 अप्रैल से बिश्केक, किर्गिज़ गणराज्य में खेले जाने वाले महिला ओलंपिक क्वालीफायर राउंड 1 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। तुर्कमेनिस्तान के टूर्नामेंट से हटने के बाद ग्रुप जी में भारत के अलावामेजबान किर्गिज़ गणराज्य एकमात्र टीम है। दोनों टीमें 4 अप्रैल और 7 अप्रैल को दो बार आमने-सामने होंगी।

भारतीय टीम उज्बेकिस्तान से किर्गिज गणराज्य पहुंचेंगी, जहां उन्होंने ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी के तहत उज्बेकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के खिलाफ एक दोस्ताना मैच खेला था। टीम ने जॉर्डन में दो दोस्ताना मैच खेले।

**टीम इस प्रकार है-**

**गोलकीपर:** सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुड्डा और इलांगबम पंथोई।

**डिफेंडर:** आशालता देवी, स्वीटी देवी, रितु रानी, रंजना चानू, मिशेल कास्टन्हा, डालिमा छिब्बर, मनीषा पन्ना और जूली किशन।

**मिडफ़ील्डर:** शिल्की देवी हेमम, अंजू तमांग, इंदुमती कथिरेसन, संगीता बासफोर और कार्तिका अंगमुथु।

**फारवर्ड:** ग्रेस डंगमेई, सौम्या गुगुलोथ, रेणु, करिश्मा शिरवोईकर, संध्या रंगनाथन और अपर्णा नारज़ारी।

प्रमुख कोचः थॉमस डेननरबी।

## दिग्गज मुक्केबाज रॉय जोन्स ने मनदीप जांगड़ा को अनुबंधित किया

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा को अगले तीन साल पेशेवर सर्किट पर मुकाबले करने के लिए दिग्गज मुक्केबाज रॉय जोन्स ने अनुबंधित किया है। मनदीप देश के पहले मुक्केबाज हैं जो इस दिग्गज अमेरिकी के साथ जुड़े हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता 29 साल के मनदीप 2020 में पेशेवर मुक्केबाज बने थे और उन्होंने अब तक अपने तीनों मुकाबले जीते हैं।

अमेरिका के विसकोनसिन के मिलवॉकी में स्थानीय मुक्केबाज रेयान रेबार के साथ एक अप्रैल को मनदीप का अगला मुकाबला होगा। रेयान ने भी अब तक अपने तीनों मैच जीते हैं। अर्जुन पुरस्कार विजेता मनदीप ने पिछले साल मार्च में फ्लोरिडा के प्लांट सिटी में अमेरिका के ब्रेंडन सेंडोवेल को हराया था। रेयान के खिलाफ मनदीप का मुकाबला उनका चौथा पेशेवर मुकाबला होगा।

## प्रज्जवल देव मैसुरु ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

**मैसुरु।** भारत के एस डी प्रज्जवल देव ने यहां हमवतन एस अभिनव संजीव को हराकर आईटीएफ मैसुरु ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। प्रज्जवल ने संजीव को सीधे सेट में 6-4 7-5 से हराया। प्रज्जवल को अनुभवी भारतीय खिलाड़ी और पांचवें वरीय रामकुमार रामनाथन से भिड़ना था लेकिन चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा। स्थानीय खिलाड़ी प्रज्जवल इस 25 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट के अगले दौर में हमवतन विष्णु वर्धन से भिड़ेंगे। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर ब्रिटन के गैरवरीय जॉर्ज लोफहेगेन ने किया। दुनिया के 182वें नंबर के खिलाड़ी लोफहेगेन ने वियतनाम के शीर्ष वरीय नैम होएंग ली को 6-3 6-4 से हराया।




अमेरिका के दूसरे वरीय ओलिवर क्रॉफोर्ड ने भारत के वाइल्ड कार्ड धारक मनीष गणेश को 6-1 6-3 से हराया जबकि यूक्रेन के ओरियोव व्लादिस्लाव ने भारत के निकी पूनाचा को 4-6 6-2 6-3 से शिकस्त दी। आठवें वरीय एलिस ब्लेक ने भारतीय क्वालीफायर सिद्धार्थ विश्वकर्मा के पहले सेट में 2-0 के स्कोर पर मुकाबले से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई।

## कार्तिक शर्मा संयुक्त चौथे स्थान के साथ भारतीयों में शीर्ष पर

**बेंगलुरू।** कार्तिक शर्मा (66 और 67) दूसरे दौर के बाद यहां कुल 11 अंडर 133 के स्कोर से तीन लाख डॉलर इनामी द चैलेंज 2023 गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त चौथे स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर चल रहे हैं। स्विट्जरलैंड के जोएल गिरबैक (69 और 64) और फ्रांस के फ्रेड्रिक लेकरोइक्स (67 और 66) भी संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के एलेक्स फिट्जपैट्रिक ने लगातार दूसरे दौर में सात अंडर के स्कोर के साथ कुल 14 अंडर 130 के स्कोर से बढ़त बना ली है।

# सेमीफाइनल में पहुंची सोराना क्रिस्टिया, आर्यना सबालेंका को दी शिकस्त

**मियामी।** रोमानिया की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी सोराना क्रिस्टिया ने डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट मियामी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सोराना पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचीं हैं। सोराना ने बुधवार रात क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका को शिकस्त दी। क्रिस्टिया ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अंतिम आठ में सबालेंका को 6-4, 6-4 से हराया।



मैच जीतने के बाद क्रिस्टिया ने डब्ल्यूटीए.कॉम के हवाले से कहा, मैं परिणाम से थोड़ा अवाक हूं। मैं यह जानकर बाहर आई थी कि यह मैच वास्तव में कठिन मैच होने जा रहा है। आर्यना बहुत कठिन हिट करती हैं, इसलिए मुझे पता था कि मुझे अपना मैदान पकड़ना होगा, और मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लोग उम्र, साल, परिणाम की गिनती रखना पसंद करते हैं, लेकिन मैं ऐसा कभी नहीं करती। मैं सिर्फ अपने काम से मतलब रखती हूं, कड़ी मेहनत करती हूं, अपना काम करती हूं, अपने खेल पर विश्वास करती हूं। अपने कोच थॉमस जोहानसन के साथ मैंने अभी दिसंबर में शुरुआत की है और अब तक, मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा चल रहा है। मैं संख्याओं से परिभाषित नहीं हूं। मैं बस अपना सिर नीचे रखने और कड़ी मेहनत करने की कोशिश कर रही हूं। सेमीफाइनल में क्रिस्टिया का सामना दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा और गैर वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने शाकिब

**चटगांव।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। शाकिब ने इस मामले में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ दिया है। शाकिब ने आयरलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। साउदी ने 106 टी-20 मैचों की 104 पारियों में 134 विकेट लिए हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 18 रन देकर 5 विकेट है। वहीं, शाकिब के नाम 114 टी20 मैचों की 112 पारियों में 6.8 की इकॉनमी रेट के साथ 20.67 की औसत से 136 विकेट हैं। साथ ही उन्होंने 122.33 के स्ट्राइक रेट से 2339 रन भी बनाए हैं। बांग्लादेश के स्टार हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब ने अपना टी20ई डेब्यू 2006 में जिम्बाब्वे के खिलाफ किया था और अब तक 114 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के सभी सात संस्करणों में भाग लिया है।




## सिंधु, श्रीकांत दूसरे दौर में, सात्विक-चिराग की जोड़ी टूर्नामेंट से हटी

**मैड्रिड।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने मैड्रिड मास्टर्स बैडमिंटन में अपने-अपने पहले दौर के मैच जीत लिए हैं, लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गई।

डबल ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने स्विट्जरलैंड की जेनजीरा स्टैडेलमैन को 21-10, 21-4 से हराया जबकि विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने राउंड ऑफ 32 मैच में थाईलैंड के सिथिकोम थमासिन को 21-11, 25-27, 23-21 से हराया। स्विस ओपन ख़िताब जीतने के तीन दिन बाद ही राउंड ऑफ़ 32 मैच में सात्विकसाईराज और चिराग का सामना जापानी जोड़ी अयातो एंडो और युता ताकेई से था। पहले गेम के ब्रेक के दौरान सात्विक के घुटने में चोट लग गई, उस समय भारतीय जोड़ी 11-9 से पीछे चल रही थी। इस बीच, आकर्षी कश्यप ने अपने पहले दौर के मैच में कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली को 12-21, 21-15, 21-18 से हराया। अश्मिता चालिहा ने फ्रांस की लियोनिस हूएट को 21-12, 22-20 से हराया। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को जापान की रीना मियाउरा और अयाको सकुरामोतो के खिलाफ पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य पुरुष एकल मैच में बी साई प्रणीत ने जान लौडा को 21-16, 18-21, 21-12 से हराया। प्रियांशु राजावत ने विक्टर स्वेनडेन के खिलाफ अपना पुरुष एकल मैच 18-21, 21-16, 21-11 से जीता और किरण जॉर्ज ने हमवतन मिथुन मंजूनाथ को 21-16, 21-14 से हराया।




## सबसे तेज अर्धशतक लगाने के बाद लिटन दास बोले, मैं रिकॉर्ड के बारे में कभी नहीं सोचता

**ढाका।** लिटन दास ने कहा कि वह रिकॉर्ड पर ध्यान केंद्रित करने में विश्वास नहीं रखते हैं लेकिन टी20आई में बांग्लादेश का सबसे तेज अर्धशतक मारने के बाद खुश हैं। दिनाजपुर में जन्मे इस बल्लेबाज ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में 18 गेंदों में अर्धशतक बनाया जिससे मोहम्मद अशरफुल का रिकॉर्ड टूट गया जो 2007 टी20 विश्व कप में 20 गेंदों पर बना था। लिटन ने 41 गेंदों पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 83 रन बनाए। वह बांग्लादेश की पारी के 12वें ओवर में बेंजामिन व्हाइट की एक वाइड गेंद को हिट करने की कोशिश में आउट हो गए। बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ 77 रन से मैच जीता और तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। शाकिब अल हसन 24 गेंद में नाबाद 38 रन और पांच विकेट लेने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच बने। लिटन ने मैच के बाद कहा, 'यह अच्छा लगता है (सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ना), लेकिन मैंने पहले कहा है कि मैं रिकॉर्ड के बारे में कभी नहीं सोचता। हालांकि मुझे ऐसा लगा कि मैं बीच के ओवरों में बहुत ज्यादा भाग रहा था जब विकेट स्पिनरों की मदद कर रहा था।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने पावरप्ले में 5 ओवर में 73 रन बनाए। लिटन और रोनी तालुकदार ने पहले विकेट के लिए 9.2 ओवर में 124 रन जोड़े। चटगांव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में बारिश से बाधित 17 ओवर के मैच में बांग्लादेश ने सात विकेट पर 202 रन बनाए। लिटन ने कहा कि टाइगर्स आगे भी उसी आक्रामक ब्रांड का क्रिकेट खेलना पसंद करेंगे। लिटन ने कहा, 'अगर हम अपने प्रदर्शन को बनाए रखते हैं तो परिणाम हमारे रास्ते में




आएंगे। इससे बेहतर क्रिकेट की उम्मीद करना मुश्किल है। आप हर दिन पावर-प्ले में 70-80 का स्कोर नहीं बना सकते। अगर हम हर दिन ऐसा कर सकते हैं या हम हिट भी कर सकते हैं तो पावरप्ले में 60 रन बनेंगे जो मुझे लगता है कि यह वास्तव में अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'जाहिर है, हम खेल जीतने के लिए मैदान में उतरते हैं। मुझे लगता है कि हमने पिछले दो मैचों में अच्छा खेला है और हम उस ब्रांड की क्रिकेट खेल सकते हैं जो हम खेलना चाहते थे।'

# आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे राशिद खान

**दुबई।** अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। राशिद के नेतृत्व में अफगानिस्तान ने हाल ही में शारजाह में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में पाकिस्तान को 2-1 से हराया था। राशिद, ने श्रीलंका के वानिन्दु हसरंगा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। राशिद ने अपने करियर में पहली बार फरवरी 2018 में शीर्ष स्थान हासिल किया था और हाल ही में पिछले साल नवंबर में नंबर एक स्थान पर काबिज थे। मुजीब उर रहमान, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पहले और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लिए थे, 10वें से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि श्रृंखला में पांच विकेट हासिल करने वाले तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी 12 पायदान चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान परर पहुंच गए हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में इब्राहिम जादरान चार पायदान ऊपर 41वें और मोहम्मद नबी 63वें से 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरे मैच में नाबाद 64 रन बनाने वाले पाकिस्तान के इमाद वसीम बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर से 67वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि कप्तान शादाब खान गेंदबाजों में छह स्थान के फायदे के साथ




12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, मोहम्मद वसीम गेंदबाजी रैंकिंग में 32वें से 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रिले रोसौव (दो पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और रीजा हेंड्रिक्स (आठ स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में सुधार किया है। वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जाम्पा चेन्नई में भारत के खिलाफ तीसरे मैच में 45 रन देकर चार विकेट लेकर तीन स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गये हैं। एलेक्स केरी बल्लेबाजों में दो स्थान ऊपर 21वें स्थान पर और गेंदबाजों की सूची में पैट कमिंस दो पायदान ऊपर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एक पायदान के फायदे से आठवें और हरफनमौला हार्दिक पांड्या 10 पायदान के फायदे से 76वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल दो पायदान ऊपर 20वें, नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस दो पायदान ऊपर 36वें और यूएसए के खिलाड़ी एरोन जोन्स तीन पायदान ऊपर 49वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि नामीबिया के स्पिनर बर्नार्ड शोल्ट्ज़ दो पायदान ऊपर 25वें, अमरीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवालकर पांच स्थान के फायदे से 27वें और जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पांच पायदान के फायदे से 54वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# धोनी के सामने कप्तानी करना थोड़ा मुश्किल था, मैंने उनसे शांत रहना सीखाः स्मिथ

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2017 सत्र में भारत के महान खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी के सामने कप्तानी करना थोड़ा मुश्किल था लेकिन उन्होंने इस करिश्माई कप्तान से विषम परिस्थितियों में भी शांत रहना सीखा। स्मिथ ने 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स (आरपीएस) की कप्तानी की थी। इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स ने प्रतिबंध के कारण हिस्सा नहीं लिया था। धोनी इस टीम का हिस्सा थे। स्मिथ आईपीएल के आगामी सत्र के दौरान कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। उनकी कप्तानी में 2017 में आरपीएस की टीम फाइनल में महज एक रन से खिताब जीतने से चूक गई थी।

आरपीएस की कप्तानी करने




और धोनी के साथ अनुभवों को याद करते हुए स्मिथ ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, ''जब मुझे यह बताने के लिए फोन आया कि वे मुझे कप्तान बनाना चाहते हैं, तो यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। उस सत्र में धोनी ने कमाल का प्रदर्शन किया था। वह बहुत ही अद्भुत थे। आप जानते हैं कि उन्होंने इस दौरान हर तरह से मेरी मदद की।' उन्होंने कहा, ''धोनी को कप्तानी करने का अनुभव शानदार था, लेकिन मेरे लिए यह थोड़ा मुश्किल भी था। उन्होंने बताया, ''मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी क्योंकि धोनी आईपीएल की शुरुआत से कप्तानी कर रहे थे। जब मुझे इसके बारे में बताया गया तो मैंने पूछा कि क्या आप लोगों ने धोनी से इस बारे में बात की है? धोनी का व्यक्तित्व शानदार है।' स्मिथ ने कहा, ''उन्होंने हर तरीके से मेरी मदद की और टीम का शानदार तरीके से मार्गदर्शन किया। मैं इसके लिए उनका शुक्रगुजार रहूंगा।' इस पूर्व कप्तान ने कहा, '' धोनी से मैंने मैच के दौरान दिमाग को शांत रखना सीखा। वह काफी शांत है और भावनाओं को शानदार तरीके से नियंत्रित करता है।'

# विश्व कप में पाकिस्तानी टीम भारत की बजाय बांग्लादेश में खेलेगी मैच? अटकलों को लेकर आया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के भारत के साथ राजनीतिक तनाव के कारण अपने विश्व कप मुकाबले इस देश के बजाय बांग्लादेश में खेलने की अटकलों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सूत्रों ने खारिज करते हुए इसे 'कोरी कल्पना' करार दिया। आईसीसी का यह खंडन उन खबरों के बाद आया जिनमें कहा गया था कि हाल ही में दुबई में आईसीसी बोर्ड की बैठक के दौरान पाकिस्तान के अपने लीग मुकाबले बांग्लादेश में खेलने को लेकर चर्चा हुई थी।

आईसीसी बोर्ड के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने पर शर्त पर पीटीआई को बताया, ''कोई नहीं जानता कि पीसीबी प्रमुख नजम सेठी ने अपने बांग्लादेश के समकक्ष नजमुल हसन पापोन के साथ कोई अनौपचारिक चर्चा की है या नहीं, लेकिन यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि




आधिकारिक तौर पर ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई कि पाकिस्तान बांग्लादेश में खेलेगा।' सूत्र ने बताया कि वीजा हासिल करना एक ऐसा मुद्दा था जिस पर चर्चा की गई थी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी प्रकार की सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, ''बीसीसीआई ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वीजा हासिल करने में कोई समस्या नहीं होगी। एक मेजबान देश के लिए मुख्य बिंदुओं में से एक यह है कि सभी भाग लेने वाले देशों को समय पर वीजा दिया जाएगा। आईसीसी की ओर से अभी तक सह मेजबान के रूप में बांग्लादेश योजना का हिस्सा नहीं है।' बोर्ड के सदस्य ने कहा, ''मान लीजिए कि पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचता है या जीतकर फाइनल में पहुंचता है तो क्या वे उम्मीद करते हैं कि मैच बांग्लादेश में खेले जाएंगे।' बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी समझते हैं कि पीसीबी पाकिस्तान में पूरे एशिया कप की मेजबानी करने का दबाव बनाने के लिए ऐसा कर रहा है जिसे एक व्यावहारिक समाधान के रूप में नहीं देखा जा रहा है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, ''हम समझते हैं कि यह एशिया कप के मुद्दे के कारण पीसीबी द्वारा शुरू की गई एक तरह की दबाव की रणनीति है लेकिन मैं आपको बता दूं कि आखिरकार एशिया कप भी संयुक्त अरब अमीरात या कतर में खेला जाएगा और शायद पाकिस्तान को भी अपने मैच इन दोनों देशों में से एक में खेलने होंगे।' एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जा रहा है और यह तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जाएगा। बोर्ड के सूत्र ने कहा, ''जहां तक पाकिस्तान के अपने एशिया कप मुकाबले पाकिस्तान में खेलने का संबंध है तो टूर्नामेंट के लिए बजट एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा पारित किया जाता है। यदि एसीसी का मानना है कि दो देशों में एशिया कप आयोजित कराना व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक प्रस्ताव नहीं है तो पाकिस्तान स्वदेश में कैसे खेल सकता है। आप सभी जानते हैं कि एसीसी शायद बजट पास नहीं करे।'

## स्वामी दयानंद सरस्वती टी-20 क्रिकेटः युवराज के शतक से आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज फाइनल में



**नई दिल्ली।** युवराज सिंह के नाबाद शतक की मदद से आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज ने हिन्दू कॉलेज को 32 रन से हराकर प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे- नाईट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। पीजीडीएवी कॉलेज मैदान पर सेमीफाइनल मैच में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज ने 20 ओवरों में 4 विकट पर 180 रन बनाए। युवराज सिंह ने 68 गेंदों पर 11 चौके और 10 छक्के लगाकर नॉटआउट 129 रन बनाए । जवाब में हिन्दू कॉलेज की टीम 20 ओवरों में 7 विकट पर 148 रन ही बना पाई। युवराज सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पीजीडीएवी कॉलेज प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष, शिव रमण गौड़ और कॉलेज की प्राचार्या, प्रो. कृष्णा शर्मा ने दिया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# अस्थायी मंदिर में मना रामलला का जन्मोत्सव

## सोने का मुकुट, कनाडा के फूलों से सजावट, अगले साल 1800 करोड़ के भव्य मंदिर में विराजेंगे

### रामलला का आगमन

**● श्रीराम जन्मभूमि में गुरुवार दोपहर ठीक 12 बजे भगवान राम का जन्म हुआ। घंटे घड़ियाल से पूरा मंदिर गूंज उठा**

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**रामनगरी** अयोध्या में रामनवमी की धूम रही। श्रीराम जन्मभूमि में गुरुवार दोपहर ठीक 12 बजे भगवान राम का जन्म हुआ। घंटे घड़ियाल से पूरा मंदिर गूंज उठा। मंगल गीत गूंजने लगे। रामलला को पीले वस्त्र, सोने का मुकुट और हार पहनाया गया। अस्थायी मंदिर में यह आखिरी रामनवमी है। अगले साल यानी 2024 की रामनवमी से पहले रामलला 1800 करोड़ की लागत से तैयार नए मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। रामनवमी में जन्मभूमि दरबार सहित पूरे मंदिर को 50 क्विंटल



फूलों से सजाया गया। सजावट के लिए हरी पत्तियां असम-ओडिशा से मंगवाईं। गेंदा फूल कोलकाता जबकि ऑर्किड कनाडा से मंगाए गए। सिर्फ जन्मभूमि नहीं, बल्कि कनक भवन, श्रीरामवल्लभाकुंज मंदिर, लक्ष्मण किला और हनुमत निवास समेत करीब 10 हजार



मंदिरों में जन्म के साथ ही मंगलगीत गूंजने लगे। इस बार राम नवमी पर 25 लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं।

**7 बजे दर्शन के लिए खुला दरबार, फिर आरती:** रामनवमी दरबार सुबह 7 बजे दर्शन के लिए खुला। रामलला के जन्म के बाद 11 क्विंटल पंजीरी, फल और मेवा का भोग लगाया गया। जगह-जगह रंगोली बनाई गई। जन्मभूमि में भगवान के जन्म के बाद आरती की गई। फिर मंदिर के पट कुछ देर के लिए बंद किए गए। फिर 2 बजे खुले। इसके बाद बधाई हुई...यानी मंगलगीत गाए गए और भक्तों दर्शन किया। नेपाल के जनकपुर यानी मां सीता के मायके से 500 से ज्यादा मिथिला की सखियां भी अयोध्या आई हैं। यह हनुमत निवास मंदिर के आचार्य डॉक्टर मिथिलेशनंदिनी शरण के सानिध्य में जनकपुर से आईं। यह लक्ष्मण किला सहित अन्य मंदिरों में गायन, वादन और नृत्य कर अपने पाहुन राम को रिझाया।

### श्रीरामवल्लभाकुंज मंदिर को 5 क्विंटल फूल से सजाया

**प्रसिद्ध** वैष्णव पीठ श्रीरामवल्लभाकुंज में दिल्ली से 5 क्विंटल गेंदा और इसके अलावा बेला, गुलाब आदि फूल मंगाए गए हैं। भगवान के सामने जगमोहन की छत को बेला से सजाया गया है। फूलों के भव्य झूमर लगाए गए हैं। प्रवेश द्वार से लेकर मंदिर के गर्भगृह को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर के प्रमुख और अयोध्या एडवर्ड तीर्थ विवेचिनी सभा के अध्यक्ष स्वामी राजकुमार दास ने बताया कि भगवान को सोने का मुकुट और दिव्य रत्नों से युक्त हार आदि पहनाया गया है।

### मंदिर के गर्भगृह में स्तंभ खड़े किए जा चुके हैं

**अयोध्या** में बन रहे राम मंदिर की नई तस्वीरें सामने आई हैं। पहली बार इनमें दिख रहा है कि मंदिर के गर्भगृह में सभी स्तंभ खड़े किए जा चुके हैं। रामलला के दर्शन यानी गर्भगृह तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बननी हैं, इनमें से 24 बन चुकी हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर अब आकार लेने लगा है। भूतल का 70% काम पूरा हो चुका है। इन तस्वीरों को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी किया है।

### 3000 रुपए में हेलिकॉप्टर से रामनगरी का दर्शन शुरू

**योगी** सरकार ने अयोध्या के हवाई दर्शन की व्यवस्था की है। 29 मार्च से शुरू हुआ यह दर्शन अगले 15 दिनों तक चलेगा। पहले दिन 50 श्रद्धालु और दूसरे दिन 20 श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। एक बार में 7 दर्शनार्थी अयोध्या का भ्रमण कर सकेंगे। श्रद्धालुओं को 7 से 10 मिनट आसमान से राम नगरी को देखने का मिलता है। सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक यह सुविधा है। इसके लिए हर दर्शनार्थी को 3 हजार रुपए देना होगा। राज्य पर्यटन विकास निगम के अधिकारी अक्षय नागर ने बताया, "ये हेलिकॉप्टर सेवा 2024 में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के पहले का रिहर्सल भी है।"

### न्यूज फ्लैश

### राजस्थानी संस्कृति से पर्यटकों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडियाजयपुर**
राजस्थान दिवस पर जयपुर भ्रमण करने आने वाले देशी-विदेशी पावणों का प्रमुख स्मारक आमेर महल, हवा महल, जंतर-मंतर और अल्बर्ट हॉल सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर माल्यार्पण व तिलक लगाकर स्वागत किया किया गया। पर्यटकों को राजस्थानी लोक संस्कृति से रूबरू कराने के लिए इन स्मारकों पर लोक कलाकारों की ओर से प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही इन स्मारकों पर पर्यटकों का प्रवेश नि:शुल्क रहा। राजकीय संग्रहालय हवामहल जयपुर अधीक्षक सरोजनी चंचलानी ने बताया कि राजस्थान दिवस के अवसर पर गुरुवार को हवामहल स्मारक में पर्यटकों का प्रवेश निशुल्क रहा है। वहीं स्मारक के प्रवेश द्वारा पर राजस्थानी संस्कृति से पर्यटकों का तिलक लगाकर व टॉफी बांटकर स्वागत किया गया। पर्यटकों के स्वागत के लिए प्रवेष द्वारा पर रंगोली बनाई गई। जहां मांगनियार लोक कलाकारों द्वारा कच्छी नृत्य व लोक गीतों की प्रस्तुति दी गई। पर्यटकों आनंदित होते नजर आए।

### उपभोक्ताओं को झटका..9.64 फीसदी महंगी हुई बिजली

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
उत्तराखंड में बिजली दरों में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं की जेब पर महंगाई का बोझ और अधिक पड़ेगा। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग (यूईआरसी) की ओर से गुरुवार को दरों में 9.64 की बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। गुरुवार को नियामक आयोग के अध्यक्ष डीपी गैरोला और सदस्य तकनीकी एमके जैन ने पत्रकारों की मौजूदगी में बिजली टैरिफ जारी किया। वित्तीय वर्ष के लिए यूपीसीएल ने 16.96 प्रतिशत, यूजेवीएनएल ने करीब दो और पिटकुल ने नौ प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था। आयोग ने इस पर जनसुनवाई के बाद करीब 12 प्रतिशत बढ़ोतरी का निर्णय लिया था। लेकिन आयोग ने बिजली दरों में 9.64 की ही बढ़ोतरी की है।नई व्यवस्था में घरेलू में 25 पैसे, कामर्शियल में 30 से 80 पैसे और उद्योग में 65 से 70 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी हो गई है। फिक्स चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया है। अब कॉमर्शियल के बजाय कृषि उपभोक्ता के तौर पर करीब 7000 मत्स्य पालक बिजली का लाभ ले सकेंगे।

### अब एक अप्रैल को ही बिहार आएंगे शाह

**पटना**:केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक अप्रैल को पटना आएंगे। बिहार आगमन को लेकर उनके कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। अमित शाह पहले दो अप्रैल को बिहार आने वाले थे लेकिन अब वह एक दिन पहले ही यानी एक अप्रैल को ही पटना आ रहे है। अमित शाह के आगमन को लेकर भाजपा कार्यालय में तैयारी शुरू है।




**वासंतिक चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर गुरुवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। मुस्लिम महिलाओं ने भगवान राम और माता जानकी की आरती उतारी।**

### फिलीपींस: नाव में लगी आग, 31 की मौत

**मनीला:** दक्षिणी फिलीपींस में 250 लोगों से भरी एक नाव में आग लगने से तीन बच्चों सहित 31 लोगों की मौत हो गयी। जहाज को जलते देख कई लोग समुद्र में कूद गए। अब तक सात लोग लापता हैं। दो दर्जन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
जानकारी के मुताबिक 250 यात्रियों से भरी एक नाव 'एमवी लेडी मैरी जॉय 3' दक्षिणी फिलीपींस में जांबोआंगा से सुलू के जोलो शहर जा रही थी। रात में लोग सो रहे थे, तभी आग लग गयी। आग इतनी भयावह थी कि चीख-पुकार मच गयी। इनमें से कई लोग समुद्र में कूद गए।

# रामलला अपने मंदिर में अगले रामनवमी तक होंगे विराजमान: शाह

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि अयोध्या में निमार्णाधीन जन्मभूमि मंदिर में रामलला आगामी रामनवमी तक विराजमान हो जाएंगे। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के 113वें दीक्षांत समारोह में गुरुवार को पहुंचे अमित शाह ने अपने संबोधन की शुरूआत रामनवमी की शुभकामनाओं के साथ की। इस दौरान गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने अमित शाह को विद्या मार्तंड की मानद उपाधि से



सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह में गृहमंत्री शाह ने 182 छात्रों को गोल्ड मेडल और 181 छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। गृहमंत्री शाह ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी ने वैदिक शिक्षा की परंपरा की जोत को जलाये रखा है। उन्होंने कहा कि आप सभी छात्रों को हमेशा ही अपने संस्थान पर गर्व रहेगा।

## भारतीय मूल के अजय बंगा निर्विरोध बनेंगे विश्व बैंक अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**
**भारतीय मूल** के अजयपाल सिंह बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। इस पद के लिए किसी और द्वारा नामांकन नहीं कराया है। विश्व बैंक के मौजूदा अध्यक्ष डेविड मलपास वर्ष 2019 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नामित किये गए थे। उस समय मलपास का चयन भी निर्विरोध ही हुआ था। मलपास ने एक साल पहले पद छोड़ने की योजना का एलान किया था। इसके बाद पिछले महीने भारतीय मूल के अजय पाल सिंह बंगा के नाम का प्रस्ताव मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने किया। भारत ने भी अजयपाल सिंह बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। फरवरी के अंत में इस पद के लिए नामांकन शुरू हुए थे।

### जिम्मेदारी

**● भारत ने भी अजयपाल सिंह बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। फरवरी के अंत में इस पद के लिए नामांकन शुरू हुए थे**

### सरकार से वार्ता के बाद रेजीडेंट्स काम पर लौटे

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राइट टू हैल्थ** बिल पर आंदोलन कर रहे रेजीडेंट्स डॉक्टर्स ने गुरुवार से आंदोलन खत्म कर वापस काम पर लौटने का एलान किया है। रेजिडेंट्स के इस फैसले से प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक और दूसरे डॉक्टर्स के आंदोलन को बड़ा झटका लगा है। जयपुर रेजीडेंट्स डॉक्टर्स की एसोसिएशन (जार्ड) में इस निर्णय को लेकर दो फाड़ की स्थिति हो गई है। रेजीडेंट्स डॉक्टरों के गुट ने रात करीब 12 बजे अलग से जनरल बॉडी की मीटिंग करते हुए फैसले को मानने से इनकार कर दिया और आगे भी आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। देर रात मेडिकल हैल्थ एजुकेशन के सेक्रेट्री और अन्य अधिकारियों संग हुई रेजिडेंट्स डॉक्टर्स की बैठक में चार मांगों पर सहमति बनने के बाद जयपुर रेजीडेंट्स समेत दूसरे जिलों के मेडिकल कॉलेजों के रेजीडेंट्स डॉक्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आंदोलन खत्म करने का एलान किया। गुरुवार को राजकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी केवल 2 घंटे (सुबह 9 से 11 बजे तक) ही संचालित हुई। एसएमएस हॉस्पिटल के आरडी हॉस्टल के रेजिडेंट्स ने हड़ताल को जारी रखने का फैसला किया है। इसके साथ ही एक लेटर एसएमएस प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा को लिखकर अपना विरोध जारी रखने का फैसला किया है।

# धर्म मात्र उपासना विधि नहीं: योगी

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**उत्तर प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की महानवमी एवं प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें धर्म को मात्र उपासना विधि मानने की भूल नहीं करनी चाहिए। धर्म कर्तव्य का बोध कराता है। धर्म हमें सदाचार, कर्तव्य और नैतिक मूल्यों से जोड़कर सत्मार्ग पर चलते हुए सकारात्मक एवं रचनात्मक प्रवृत्ति की ओर अग्रसर करता है। मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन एवं श्रीराम जन्मोत्सव का अनुष्ठान पूर्ण



करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीरामनवमी पर दिख रहा उल्लास व उमंग यह प्रदर्शित करता है कि समाज में सात्विक व रचनात्मक प्रवृत्तियां तेजी से आगे बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मकता व रचनात्मकता के कार्यक्रमों से नए भारत का निर्माण हो रहा है। पूरी दुनिया सामर्थ्यवान और शक्तिशाली भारत की ताकत का एहसास कर रही है।

### सन्यास दिवस

**-नौ दिन के अनुष्ठान में बनाए गए 100 सन्यासी और 500 नैष्टिक ब्रह्मचारी**

# युवा सन्यासी देश सेवा में समर्पित: मोहन भागवत

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा.मोहन भागवत ने कहा कि सबसे बड़ा त्याग नव सन्यासियों के माता-पिता का है, जिन्होंने अपने बच्चे को पाल-पोसकर देश, धर्म, संस्कृति और मानवता के लिए समर्पित कर दिया है। संघचालक डा.भागवत यह विचार गुरुवार को योगऋषि स्वामी रामदेव के 29वें सन्यास दिवस पर हर की पैड़ी वीआईपी घाट पर शताधिक विद्वान और विदुषी सन्यासियों को राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर व्यक्त किया। सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने



कहा कि आज से लगभग 10 वर्ष पहले का वातावरण ऐसा नहीं था। मन में चिंता होती थी किन्तु अब स्थितियां बदल चुकी हैं। यहां युवा सन्यासियों को देखकर सारी चिंताओं को विराम मिल गया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में सन्यासियों को देश सेवा में समर्पित करना रामराज्य की स्थापना, ऋषि परम्परा और भावी आध्यात्मिक भारत के स्वप्न को साकार करने जैसा है। योगऋषि स्वामी रामदेव ने अपने 29वें सन्यास दिवस पर एक नया इतिहास रचते हुए अष्टाध्यायी, महाभाष्य व्याकरण, वेद, वेदांग, उपनिषद में दीक्षित शताधिक विद्वान और विदुषी सन्यासियों को राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें 60 विद्वान ब्रह्मचारी और 40 विदुषी शामिल हैं। साथ ही आचार्य बालकृष्ण ने लगभग 500 नैष्टिक ब्रह्मचारियों को भी दीक्षा दी। स्वामी रामदेव ने कहा कि सन्यास मयार्दा, वेद, गुरु और शास्त्र की मयार्दा में रहते हुए नव सन्यासी एक बहुत बड़े संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हो रहे हैं।


